आज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

जाह्नवी

पेड़ीमें अपने रोलको लेकर शर्मिंदा हूं



वाराणसी, शुक्रवार ३० अक्तूबर, २०२६ सौर १३, कार्तिक कृष्ण ५, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



यूपी : चरित्र सत्यापनके इंतजारमें नहीं अटकेगी नौकरी

चयनित अभ्यर्थियोंको सत्यापनसे पहले ही मिल सकेगा नियुक्ति पत्र



३० दिनमें देनी होगी सत्यापन रिपोर्ट, देरी होने पर गृह विभाग करायेगा कारर्वाई

लखनऊ (आससे.)। सरकारी नौकरी के लिए चयनित होने के बाद अब युवाओं को चरित्र सत्यापन की रिपोर्ट आने तक नियुक्ति का इंतजार नहीं करना होगा। प्रदेश सरकार ने नियुक्ति प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने के लिए चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन की नई एकीकृत नीति जारी की है। पुलिस सत्यापन की प्रक्रिया चलती रहने पर भी चयनित अभ्यर्थियों को शर्तों के साथ नियुक्ति पत्र दिया जा सकेगा। सत्यापन रिपोर्ट सही मिलने पर नियुक्ति की पुष्टि कर दी जाएगी। पुलिस और संबंधित अधिकारियों को 30 दिन के भीतर सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध करानी होगी। इससे नियुक्ति प्रक्रिया में अनावश्यक देरी दूर करने के साथ अभ्यर्थियों को बार-बार पुलिस और प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों की पहली नियुक्ति से पहले चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया को लेकर अब तक जारी शासनादेशों के स्थान पर एकीकृत दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं। प्रमुख सचिव एम. देवराज की **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

'वोट चोरी' के खिलाफ एक नवंबर को रामलीला मैदानमें जुटनेका राहुलने किया आह्वान

नयी दिल्ली (आससे.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले विरोध मार्च में नागरिकों और छात्र संगठनों से शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा तथा कथित 'वोट चोरी' के

यह राजनीतिक दलका मार्च नहीं, देशकी आत्माकी रक्षाका आन्दोलन

खिलाफ देशव्यापी विरोध मार्च बताया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में राहुल गांधी ने कहा कि यह किसी एक राजनीतिक दल का मार्च नहीं, बल्कि देश की आत्मा की रक्षा का आंदोलन है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नाराजगी जताने वाले तथा लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के पक्षधर लोगों से इसमें भाग लेने की अपील की। राहुल ने कहा कि जिन छात्र संगठनों को लगता है कि देश में उनके विचारों, अभिव्यक्ति और सोच पर हमला हो रहा है, वे भी अपनी



राजनीतिक संबद्धता से ऊपर उठकर मार्च में शामिल हों। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से पुलिस या लाठीचार्ज की आशंका से नहीं घबराने की अपील करते हुए कहा कि यह मार्च देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है।

पाकिस्तान तक फैले पांच लाख फर्जी ई-मेल नेटवर्कका खुलासा

लखनऊ (आससे.)। योगी सरकार में उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और देशविरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए यूपी एटीएस लगातार सक्रिय है। यूपी एटीएस ने फर्जी ई-

कानपुर नगर से एटीएस ने एक को पकड़ा

मेल आईडी बनाकर उन्हें देश के बाहर बैठे लोगों को बेचने और धमकी भरे ई-मेल भेजने के मामले में कानपुर नगर से 24 वर्षीय अंकित शंखवार को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया है कि इन ई-मेल आईडी का इस्तेमाल नोएडा, दिल्ली-एनसीआर, गुरुग्राम और मुंबई में स्कूलों व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को बम से उड़ाने की धमकी देने के लिए किया गया था। इस मामले में सिंगर



साइबर नेटवर्कपर सुरक्षा एजेंसियों की नजर

दिलजीत दोसांझ के दिल्ली-एनसीआर में प्रस्तावित शो को बम धमाके से निशाना बनाने की धमकी भी शामिल है। बॉलीवुड अभिनेता के घर पर भी बम धमाका करने की धमकी दी गई थी। आरोपी पाकिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों में बैठे लोगों को फर्जी ई-मेल आईडी बेचता था और इसके बदले क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान लेता था। एटीएस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया है। लैपटॉप में करीब 5 लाख ई-मेल आईडी मिली हैं। आरोपी वर्ष 2021 से फर्जी ई-मेल आईडी बनाने का काम कर रहा था। वह वाई-फाई और प्रॉक्सी नेटवर्क का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपाता था। इन आईडी को सोशल मीडिया के फेसबुक से **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

ज्ञानेश कुमारके खिलाफ विपक्ष का जन महाभियोग आज

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' शुक्रवार को 'जन महाभियोग' कार्यक्रम आयोजित करेगा। दोपहर 3.30 बजे नयी दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर होने वाले इस कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष



खड़गे पेश करेंगे आरोपपत्र

मल्लिकार्जुन खड़गे आरोपपत्र पेश करेंगे, जबकि पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार पीठासीन अधिकारी की भूमिका निभाएंगी। राहुल गांधी सबसे अंत में अपनी बात रखेंगे। कार्यक्रम में विपक्षी दलों के एक-एक नेता, नागरिक समाज के प्रतिनिधि और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

यूपीमें दीपावलीपर लोगों को मिलेगी निर्बाध बिजली

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली, छठ और अन्य त्योहारों पर प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की तैयारी तेज कर दी है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को त्योहारों के दौरान 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है, इसलिए अनावश्यक शटडाउन और बार-बार बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एके शर्मा ने कहा कि त्योहार के समय बकाया वसूली के नाम पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन न काटे जाएं।

यूपीके २.२४ करोड़से अधिक किसानों के खातोंमें आज आयेगी 'सम्मान निधि'

लखनऊ (आससे.)। मोदी-योगी सरकार अन्नदाता किसान की समृद्धि के लिए निरंतर कदम बढ़ा



रही है। डबल इंजन सरकार खेत से लेकर किसानों के सम्मान तक कार्य कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के बनासकांठा से किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त भेजेंगे। पीएम के एक क्लिक करते ही देश के 9.34 करोड़ किसानों के बैंक खाते में 18,680 से अधिक की राशि का हस्तांतरण होगा। वहीं उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इनके खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे 4482.19 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। यूपी के किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के (23वीं किस्त तक) 1,03,461.76 **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

यूपीमें 'ऑपरेशन सेफ स्पीड' : अनदेखी करने वालोंपर १.३८ करोड़ का जुर्माना

लखनऊ (आससे.)। योगी सरकार में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश पुलिस के यातायात निदेशालय की ओर से प्रदेश के सभी एक्सप्रेसवे पर 'ऑपरेशन सेफ स्पीड' के तहत विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दो चरणों में 6,777 वाहनों के चालान किए गए और कुल 1 करोड़ 38 लाख 32 हजार 500 रुपये का जुर्माना दर्ज किया **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

दिल्लीमें हथियारके बलपर २.३० करोड़ की लूट, बदमाश फरार

नयी दिल्ली (आससे)। पुरानी दिल्ली के लाहौरी गेट इलाके में चार हथियारबंद बदमाशों ने एक व्यापारी के कार्यालय से करीब 2.30 करोड़ रुपये लूट लिए। बदमाशों ने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों को हथियारों के बल पर बंधक बनाया और वारदात के बाद फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह बदमाश चर्च मिशन पुलिस चौकी के पास स्थित एक बहुमंजिला इमारत की तीसरी मंजिल पर बने व्यापारी विष्णु कांति के कार्यालय में सुबह करीब 10 बजे पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी वारदात के बाद चांदनी चौक की गलियों से होते हुए पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां पहले से खड़ी एक कार में सवार होकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। स्पेशल स्टाफ और क्राइम ब्रांच की टीमें सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान और उनके भागने के रास्ते का पता लगाने में जुटी हैं। शुरुआती जांच में वारदात के पीछे रेकी और कार्यालय की गतिविधियों की पूर्व जानकारी होने की आशंका भी जताई जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस बड़ी लूट से इलाके के व्यापारियों में चिंता का माहौल है।

संजय राउतने सुप्रीम कोर्ट से मांगी बिना शर्त माफी

नयी दिल्ली (आससे)। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) और सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर बिना शर्त माफी मांगी है। हलफनामे में उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य न्यायपालिका की गरिमा, स्वतंत्रता और अधिकार को ठेस पहुंचाना नहीं था। उन्होंने अपने बयानों पर खेद जताते हुए भविष्य में सार्वजनिक टिप्पणियों में पूरी सावधानी और संयम बरतने का भरोसा दिया। हालांकि, सुनवाई के दौरान माफीनामा रिकॉर्ड पर उपलब्ध नहीं था और राउत की ओर से कोई वकील भी पेश नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 17 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत उसी दिन उनके माफीनामे पर विचार कर आगे का फैसला करेगी।

यूपीमें हुई परिवर्तन की शुरुआत, सपा पर बढ़ा जनताका भरोसा-अखिलेश

लखनऊ (आससे.) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में परिवर्तन की शुरुआत हो गई है। आम जनता की उम्मीद और भरोसा समाजवादी पार्टी पर है।

एमएलसी चुनावमें भाजपाका फ्लाप शो

समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। जनता ने अपना फैसला सुनाना शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश में विधान परिषद का शिक्षक और स्नातक चुनाव इसका साक्षी है। सरकार के तमाम हथकंडे अपनाने प्रशासनिक दुरुपयोग, बेईमानी, धांधली के बावजूद भाजपा को तमाम सीटों पर करारी हार का सामना करना पड़ा है। जनशक्ति के सामने सत्ता की ताकत परास्त होती है। प्रदेश के नौजवानों और शिक्षकों ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में फैसला



सुनाया। समाजवादी पार्टी को मिली जबरदस्त से सफलता स्नातकों और शिक्षकों के भरोसे और कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। उन्होने कहा कि विधान परिषद चुनाव में भाजपा की वाराणसी में **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

कैंसर की ५४३ दवाओं के ब्रांडके दाम घटे, नौ से लागू होंगी नयी कीमतें

नयी दिल्ली (आससे.)। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर की 543 दवा ब्रांडों की संशोधित अधिकतम खुदरा कीमतों (एमआरपी) की सूची जारी की है। नई दरें 9 नवंबर से लागू होंगी। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, कई दवाओं की कीमतों में बड़ी कटौती की गई है। आरपीजी लाइफ साइंसेज की फुलब्रेका की कीमत 26 हजार रुपये से अधिक से घटाकर 5,049 रुपये और एबॉट हेल्थकेयर की बेवेसिजैब की कीमत 21,767 रुपये से अधिक से घटाकर करीब 5,930 रुपये कर दी गई है। यह कदम 17 अक्टूबर को 137 गैर-अनुसूचित कैंसर दवाओं के व्यापार मार्जिन को तर्कसंगत बनाने के फैसले के तहत उठाया गया है।

विधायक राजा भैयाको जान से मारनेकी धमकी, एफआईआर दर्ज

लखनऊ (आससे.)। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के अध्यक्ष और कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी और आपत्तिजनक संदेश मिले हैं। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। यह घटना पिछले एक सप्ताह के भीतर हुई है। धमकियां कथित तौर पर तीन अलग-अलग इंस्टाग्राम और फेसबुक खातों के माध्यम से जारी की गयी थीं। **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

आजम-अब्दुल्लाको दो पैन कार्ड मामलेमें मिली जमानत

प्रयागराज (का.प्र.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो पैन कार्ड रखने के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने दोनों की सजा को निलंबित करते हुए उनकी जमानत अर्जी मंजूर की है। न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने यह फैसला सुनाया। पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आजम खां और अब्दुल्ला आजम ने ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई।

राम मंदिर चंदा चोरी मामला : कांग्रेसने फिर उठाये सरकार पर सवाल

नयी दिल्ली (आससे)। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की रकम की कथित चोरी का मामला एक बार फिर राजनीतिक विवाद के केंद्र में आ गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ तीसरी बार भी आरोप तय नहीं हो सके। पार्टी ने सवाल उठाया है कि मंदिर ट्रस्ट के पूर्व पदाधिकारी चंपत राय और अनिल मिश्रा को आरोपी बनाने के बजाय गवाह क्यों बनाया गया है। कांग्रेस ने यह भी पूछा है कि चंदे की कथित चोरी में बड़े और जिम्मेदार लोगों की भूमिका की जांच कब होगी। कांग्रेस के महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार असली दोषियों को बचाना चाहती है। कांग्रेस का कहना है कि राम मंदिर में दान की रकम की कथित चोरी के मामले में केवल आठ कर्मचारियों तक जांच सीमित नहीं रहनी चाहिए। पार्टी ने सवाल किया कि जब मंदिर निर्माण



पूछा- बड़े लोगों की जांच कब, चंपत रायको भी घेरा

और उससे जुड़े कार्यों का श्रेय लेने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे रहते हैं, तो दान की रकम की कथित चोरी के मामले में जवाबदेही तय करने की बात आने पर वह चुप क्यों हैं। कांग्रेस के मुताबिक, मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ तीसरी बार भी आरोप तय नहीं हो सके। पार्टी ने बताया कि आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए, लेकिन मंदिर की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग और ऑडियो उपलब्ध कराने की मांग अब भी लंबित है। जयराम रमेश ने सवाल उठाया कि आखिर पूरी रिकॉर्डिंग सामने लाने में देरी क्यों हो रही है। कांग्रेस का दावा है कि इन रिकॉर्डिंग से मामले से जुड़े अहम तथ्य सामने आ सकते हैं। हालांकि, रिकॉर्डिंग में क्या दर्ज है और उससे क्या खुलासा हो सकता है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। जयराम रमेश ने दावा किया कि मंदिर में दान की रकम हटाए जाने की 105 घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हुई थीं।





राजकीय पॉलीटेक्निक में ६० सीटों वाले छात्रावास का निर्माण पूरा

सीडीओ ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का किया निरीक्षण

गाजीपुर। राजकीय पॉलीटेक्निक गाजीपुर में 60 सीटों वाले पुरुष छात्रावास का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। बुधवार, 28 अक्टूबर को मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद ने छात्रावास का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। सीडीओ ने संस्थान परिसर में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। इसमें अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के मानकों के अनुरूप बन रहे नए भवन तथा टाटा की ओर से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत कराए जा रहे कार्य शामिल रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान संस्थान में जनगणना कार्य के लिए कार्मिकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित कार्मिकों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इसके बाद उन्होंने राजकीय पॉलीटेक्निक में पठन-पाठन की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संस्थान के प्रधानाचार्य विवेक कुमार, व्याख्याता डॉ. सौरभ पाठक, राजेंद्र कुमार यादव, सुरेंद्रफ प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। निर्माण कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस, वाराणसी के परियोजना प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

खराब मौसम के चलते रामलीला का मेला स्थगित

उतराव, (गाजीपुर)। ग्राम सभा उतराव में आयोजित होने वाली अति प्राचीन रामलीला के अवसर पर 30 अक्टूबर को प्रस्तावित विशाल मेले की तिथि में बदलाव किया गया है। अर्णव तूफान के प्रभाव और खराब मौसम की आशंका को देखते हुए रामलीला समिति ने मेले को स्थगित करने का निर्णय लिया है। अब यह मेला 2 नवंबर, सोमवार को आयोजित किया जाएगा।रामलीला समिति ने क्षेत्रीय लोगों और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वे नई निर्धारित तिथि का ध्यान रखें और 2 नवंबर, सोमवार को आयोजित होने वाले मेले में शामिल हों।




राजकीय पॉलीटेक्निक का निरीक्षण करते सीडीओ। छाया:आज

शेखपुर के पास तेज रफ्तार में डिवाइडर तोड़कर नीचे गिरी गाड़ी

जंगीपुर, (गाजीपुर)। थाना क्षेत्र के शेखपुर के पास बुधवार रात करीब 10:20 बजे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए करीब 40 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में स्कॉर्पियो सवार पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने

घायलों को वाराणसी किया गया रेफर

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल गाजीपुर भिजवाया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल तीन अन्य लोगों को बेहतर उपचार के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया।पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो बलिया की ओर से आ रही थी और उसमें सवार लोग बलिया से वापस वाराणसी जा रहे थे। मृतकों की पहचान बलिया जिले के नरही थाना क्षेत्र के नरही गांव निवासी क्षमा उपाध्याय (55) पत्नी जयराम उपाध्याय और उनके बेटे अनमोल (28) के रूप में हुई है। हादसे में वाराणसी के शिवपुर निवासी रत्नेश मिश्रा (40), बलिया के सुखपुरा थाना क्षेत्र के भरखरा निवासी मनोज चौबे (42) और मीरजापुर जिले के चुनार निवासी स्कॉर्पियो चालक रमेश वर्मा घायल हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई।जंगीपुर थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।



क्षतिग्रस्त वाहन का दृश्य। छाया:आज

जनशिकायतों का निस्तारण कागजों तक सीमित न हों

गाजीपुर। जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान को लेकर पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक की। इसमें आईजीआरएस, मुख्यमंत्री संदर्भ, ऑनलाइन शिकायतों और पुलिस कार्यालय के शिकायत प्रकोष्ठ में लंबित मामलों की थानावार समीक्षा की गई। शिकायतों के निस्तारण में देरी और डिफॉल्टर श्रेणी में मामले पाए जाने पर संबंधित थाना प्रभारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए लंबित शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए। पुलिस अधिकारी शिकायतों की वास्तविकता जानने के लिए मौके पर पहुंचें और दोनों पक्षों की बात सुनकर निष्पक्ष कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें पीड़ित की संतुष्टि का विशेष ध्यान रखा जाए।एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि थानों पर अपनी समस्याएं लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ संवेदनशीलता और सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और असहाय लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए समयबद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के प्रभावी निस्तारण से ही आम जनता का पुलिस पर भरोसा मजबूत होगा।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण, सभी क्षेत्राधिकारी, आईजीआरएस सेल प्रभारी, थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक, हल्का प्रभारी तथा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

दो नवंबर से शुरू होगा प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर प्रशिक्षण

गाजीपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) आधारित दो दिवसीय जनपद स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम दो नवंबर से शुरू होगा। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों और समस्याओं पर आधारित परियोजनाओं के जरिए सीखने का अवसर मिलता है। इससे बच्चों में ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल, टीमवर्क और संचार क्षमता का विकास होता है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को परियोजना आधारित शिक्षण की विभिन्न गतिविधियों, पाठ योजनाओं और कक्षा में उनके प्रभावी क्रियान्वयन की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रुचिकर, व्यावहारिक और विद्यार्थी-केंद्रित बनाना है।

गंगा में स्नान करने उतरा युवक डूबा

गाजीपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के गंगा घाट पर गुरुवार को दाह संस्कार के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्नान करने उतरा एक युवक गंगा में डूब गया। युवक की पहचान अकलपुरा गांव निवासी राजीव कुशवाहा उर्फ शेखर कुशवाहा (पुत्र काशी कुशवाहा) के रूप में हुई है। समाचार लिखे जाने तक उसका शव बरामद नहीं हो सका था। परिजनों के अनुसार, युवक के एक बेटा और एक बेटी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरेश कुशवाहा की मौत के बाद गांव के लोग उनके दाह संस्कार के लिए गाजीपुर के गंगा घाट पहुंचे थे। चिता तैयार हो चुकी थी और बारिश के कारण अधिकांश लोग घाट के ऊपर खड़े थे। इसी दौरान राजीव अपने भाई और पिता के साथ वहां मौजूद था। उसने लोगों से स्नान करने जाने की बात कही और गंगा में उतर गया। बताया जा रहा है कि कुछ दूर तक पानी में जाने के बाद राजीव ने दो बार डुबकी लगाई, लेकिन इसके बाद वह गहरे पानी में डूबने लगा। यह देखकर घाट पर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद लोग उसे बचाने की कोशिश में जुटे, लेकिन किसी की पानी में उतरने की हिम्मत नहीं हुई।सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस के चार कांस्टेबल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नाविकों को बुलाकर युवक की तलाश के लिए जाल मंगवाने की व्यवस्था कराई। पुलिस के अनुसार, मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है और वाराणसी से गोताखोर बुलाए जा रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक युवक की तलाश जारी थी।

स्वास्थ्य केंद्र की टूटी बाउंड्री की मरम्मत नहीं होने से परेशानी

दिलदारनगर (गाजीपुर)। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिलदारनगर की बाउंड्री वर्षों से टूटी पड़ी है। इसके चलते स्वास्थ्य केंद्र परिसर के आसपास कूड़ा-कचरा फेंका जा रहा है। इससे गंदगी फैलने के साथ ही आने-जाने वाले राहगीरों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से टूटी बाउंड्री की मरम्मत नहीं होने से स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।स्वास्थ्य केंद्र जैसे महत्वपूर्ण स्थान के आसपास साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। लेकिन बाउंड्री टूटी होने के कारण परिसर के पास कूड़ा जमा हो रहा है, जिससे आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा है। यहां आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को भी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इस संबंध में सीएससी प्रभारी धनंजय आनंद ने बताया कि शासन को पत्र भेंज दिया गया है, धन आते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

साइबर ठगी के २५.४४ लाख रुपये कराया वापस

गाजीपुर। डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति की जीवनभर की कमाई और बेटी की शादी के लिए जमा की गई रकम हड़प ली। मामले में साइबर क्राइम थाना गाजीपुर की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में कुल 25 लाख 44 हजार 800 रुपये वापस कराए हैं। रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार जताया। पुलिस के अनुसार, गोरा बाजार स्थित पीरनगर स्ट्रीट नंबर पांच, बड़ा महादेवा निवासी दिनेश सिंह ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि साइबर ठगों ने पुलिस की वर्दी पहनकर फर्जी अधिकारी के रूप में वीडियो कॉल किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बैंक खाते में मौजूद धनराशि मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी है। साथ ही दावा किया कि गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति के पास से उनके नाम का आधार कार्ड मिला है और मोबाइल विवरण में भी उनका नाम सामने आया है।जांच के दौरान चीन के एक नागरिक से जुड़े भारतीय बैंक खाते में 24 लाख 99 हजार 800 रुपये फ्रीज कराए गए। संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी और विधिक टीम से समन्वय स्थापित कर फ्रीज की गई धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई।पुलिस के मुताबिक अब तक पीड़ित को कुल 25 लाख 44 हजार 800 रुपये वापस मिल चुके हैं। मामले की विवेचना जारी है और जांच में सामने आए बैंक खाताधारकों तथा मोबाइल नंबरों के संबंध में गहन पड़ताल की जा रही है।

अध्यापकों, शिक्षामित्रों को जनगणना की दी जानकारी

दिलदारनगर, (गाजीपुर)। नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को जनगणना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अमजद खान और परवीन कुमार द्वारा संबंधित कर्मचारियों, अध्यापकों व शिक्षामित्र को जनगणना की प्रक्रिया की जानकारियों और निर्धारित दिशा-निर्देशों के बारे में बताया। इसका उद्देश्य जनगणना के कार्य को व्यवस्थित और त्रुटिरहित तरीके से पूरा कराना है।प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से जुड़े अभिलेख तैयार करने और निर्धारित प्रारूप में जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गयी। कर्मचारियों को बताया जा रहा है कि प्रत्येक जरूरी विवरण सावधानीपूर्वक दर्ज किया जाए, ताकि आंकड़ों की शुद्धता बनी रहे और गलतियों की गुंजाइश कम हो।

मतदाता सूची में दर्ज नामों का सत्यापन करने का निर्देश

नगसर, (गाजीपुर)। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, 28 अक्टूबर 2026 को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित बूथों पर बीएलओ की उपस्थिति में निर्वाचक नामावली पढ़कर सुनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मतदाता सूची में दर्ज नामों का सत्यापन करने तथा छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम शामिल कराने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशासन ने निर्देश दिया है कि जिन पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, उनके नाम पंजीकृत कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। वहीं, मतदाता सूची में नाम, पता अथवा अन्य विवरणों में त्रुटि पाए जाने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संशोधन कराया जाए।आदेश में ग्राम प्रधानों एवं संबंधित कर्मचारियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने तथा बूथों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। विशेष रूप से नए मतदाताओं, महिलाओं और अन्य पात्र नागरिकों का पंजीकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। सुपरवाइजर संजय कुमार सिंह,संत कुमार गुप्ता,राकेश रोशन तिवारी,शीला कुशवाहा,अरशद हसन, मंगल दीप सिंह,संगीता देवी,पुष्पा देवी आदि उपस्थित रहे।


बूथ पर उपस्थित कर्मचारी। छाया:आज

एक नज़र इधर भी

मजदूर की ईंट से वार कर हत्या

बिरनो, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के कपूर डीह डाड़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय में मजदूरी करने गए 21 वर्षीय युवक के सिर पर ईंट से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे गाजीपुर मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के ढोडाडीह मुबारकपुर गांव निवासी आश्मा खातून ने बिरनो पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बुधवार को उनके 21 वर्षीय पुत्र अफजल शाह को गांव के ही कुछ युवक मजदूरी कराने के लिए बिरनो थाना क्षेत्र के कपूर डीह डाड़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय लेकर आए थे।आरोप है कि बुधवार रात करीब 10 बजे एक अन्य युवक ने फोन कर सूचना दी कि अफजल के सिर में गंभीर चोट लगी है और खून निकल रहा है। सूचना मिलते ही परिजन घबराकर मौके पर पहुंचे। वहां अफजल गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। परिजन उसे तत्काल गाजीपुर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना को लेकर गांव में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में बिरनो थानाध्यक्ष पन्ने लाल यादव ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेज दिया है। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के बाद मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

किसान अमरजीत को मिला विशिष्ट कृषक सम्मान

मरदह, (गाजीपुर)। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार), लखनऊ का 37वाँ स्थापना दिवस समारोह में लखनऊ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गाजीपुर के किसान अमरजीत सिंह को डीएसआर विधि से धन पैदा करने के लिए उत्कृष्ट कृषक सम्मान से नवाजा गया । गाज़ीपुर के मरदह ब्लाक के चवर ग्राम सभा के अमरजीत सिंह ने वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए जाने जाते हैं द्य इन्होंने मास्टर डिग्री कृषि विषय से किया है। गाँव पर ही खेती करते है द्य उनके इसी विशिष्टता को देखते हुए उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ ने उन्हें अपने स्थापना दिवस समारोह में विशिष्ट कृषक सम्मान से सम्मानित किया द्य इस अवसर पर कृषि मंत्री,उत्तर प्रदेश सरकार, सूर्य प्रताप शाही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता , उपकार के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता , प्रमुख सचिव, कृषि,सुंदरम , उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, उप महानिदेशक प्रो परमेन्द्र सिंह तथा गन्ना संस्थान के निदेशक डॉ. एस. एन. सुशील सहित विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी, कृषक एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पांच खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

खानपुर, गाजीपुर। स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला एवं पुरुष ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गौतम स्पोर्ट्स अकादमी एवं हॉस्टल, गैबीपुर के पाँच खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले एवं अकादमी का नाम रोशन किया । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध लगभग 14 महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में गौतम स्पोर्ट्स अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तथा विभिन्न महाविद्यालयों में अध्ययनरत खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया । स्वर्ण पदक जीतने वाले खि लाड़ियों में विशाल कुमार ने पुरुषों के 54 किलोग्राम भार वर्ग, गोविंदा यादव ने 74 किलोग्राम भार वर्ग, अलका मौर्य ने महिला वर्ग के 46 किलोग्राम भार वर्ग, मोनी पाल ने 49 किलोग्राम और खुशी मोदनवाल ने 53 किलोग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त किया । इन सभी खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया । प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया । इस अवसर पर गौतम स्पोर्ट्स अकादमी के प्रबंध निदेशक अमित कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया ।


पदक के साथ खिलाड़ी। छाया:आज

दिलदारनगर प्रतिनिधि के अनुसार- क्षेत्र के उसिया गांव के दो होनहार फुटबॉल खिलाड़ी समीर खान और नीरज यादव का (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) अंडर-17 वर्ग में सीआईएससीई बोर्ड की ओर से चयन हुआ है। इस उपलब्धि से गांव, क्षेत्र और दोनों खिलाड़ियों के परिवारों में खुशी का माहौल है। समीर खान, पुत्र मोहम्मद नौशाद खान, और नीरज यादव, पुत्र सिंगासन सिंह यादव, ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के दम पर यह सफलता हासिल की है। फुटबॉल के प्रति दोनों खिलाड़ियों का जुनून और खेल के प्रति समर्पण उनकी इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाता है।दोनों खिलाड़ियों के चयन को उसिया गांव के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी खेल के प्रति प्रेरित होकर आगे बढ़ने का संदेश मिला है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर खेल के क्षेत्र में इस मुकाम तक पहुंचना अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायक है।ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

थाने के सामने दफनाये गये मृत मवेशी, तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

बाराचवर/ गाजीपुर। बरेसर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बिहार ले जाए जा रहे सात मवेशियों से लदी पिकअप को पकड़ लिया। इनमें तीन मवेशियों की दम घुटने से मौत हो गई थी। पुलिस ने मृत मवेशियों को बरेसर थाने के सामने जमीन में दफन कराया, जबकि शेष मवेशियों को सुरक्षित बरामद कर लिया। मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी सचिन सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पांडेय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पिकअप पर मवेशियों को लादकर तस्करी के लिए बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सुबह करीब आठ बजे जहुराबाद मंदिर के पास घेराबंदी कर संदिग्ध पिकअप को पकड़ लिया। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें सात मवेशी मिले। इनमें तीन मवेशी मृत अवस्था में पाए गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी के अनुसार, दोनों आरोपितों से पूछताछ की गई है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

बेमौसम बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

नंदगंज (गाजीपुर)। नंदगंज और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को दिनभर हो रही बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में पककर तैयार धान की फसल पर संकट

धान की फसल पर संकट

मंडराने लगा है। तेज हवाओं और लगातार बारिश से धान की फसल गिरने, कटे धान के भीगने तथा खेतों में जलभराव होने से भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। बाजार में सड़क पर कीचड़ युक्त गंदा पानी जमा हो जाने से लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है।क्षेत्र में कई किसानों ने धान की कटाई शुरू कर दी है। जबकि कुछ खेतों में फसल अभी पकने के कगार पर है। ऐसे में बारिश से कटे धान के सड़ने और खेतों में खड़ी फसल के गिरने का खतरा बढ़ गया है। जलभराव की स्थिति बनी रहने पर धान के दानों में सड़न और अंकुरण की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। बारिश का असर सब्जियों की खेती पर भी पड़ने की आशंका है। मिर्च, टमाटर, बैंगन और हरी पत्तेदार सब्जियों के खेतों में पानी भरने से पौधों की जड़ें सड़ने का खतरा है। वहीं, खेतों में नमी अधिक होने से गेहूं, सरसों और चने की बुआई के लिए खेत तैयार करने में देरी हो सकती है।मौसम के बिगड़े मिजाज ने क्षेत्र के किसानों की चिंताए बढ़ा दी है।

श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में सुख-समृद्धि की कामना

जमानियां, गाजीपुर। क्षेत्र के सोनहरिया वन स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर परिसर में आयोजित छह दिवसीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही।लोक कल्याण, विश्व शांति, जनकल्याण और समाज में सुख-समृद्धि की कामना के साथ 21 यजमानों ने वैदिक रीति-रिवाज से दिक्पाल पूजन किया। इसके बाद यज्ञ मंडप का पूजन, मंडप प्रवेश और वेदी पूजन संपन्न कराया गया। यज्ञाचार्य पं. कौशलेश ओझा के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए अनुष्ठानों से पूरा मंदिर परिसर आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर हो उठा। महायज्ञ में 1008 गंगा पुत्र लक्ष्मीनारायण त्रिदंडी स्वामी महाराज की उपस्थिति में श्रद्धालुओं ने धर्म, आस्था और लोक कल्याण के संकल्प के साथ अनुष्ठानों में सहभागिता की।महायज्ञ का उद्देश्य धार्मिक चेतना को जागृत करने के साथ समाज में सद्भाव, सेवा, परोपकार और मानव कल्याण की भावना को मजबूत करना है। यज्ञ जैसे धार्मिक आयोजन भारतीय वैदिक परंपराओं के संरक्षण तथा नई पीढ़ी को आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का भी माध्यम हैं।इस दौरान कंबल बाबा ने दूर-दराज से आए दर्जनों दिव्यांगों और शारीरिक कष्ट से परेशान लोगों की समस्याएं सुनीं तथा अपने स्तर पर उपचार किया। उनके पास पहुंचे लोगों ने अपनी परेशानियां बताईं। वहीं, रात में आयोजित रासलीला और भजन-कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भगवान की लीलाओं के मंचन और भक्तिमय गीतों से वातावरण देर रात तक भक्तिरस में डूबा रहा।आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और लोगों ने महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ की कामना की। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सेवा और भक्ति का संगम इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा।इस मौके पर विनोद तिवारी, महंथ राय, करुणाकर तिवारी, अशोक तिवारी, सूचित राय, शालिग्राम राय, रवि राय, पीयूष जायसवाल, संतोष राजभर, गिरीश राय सहित सैकड़ों श्रद्धालु और गणमान्य लोग मौजूद रहे।


श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में शामिल श्रद्धालु। छाया:आज

ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे पर स्कार्पियो पलटी, मां-बेटे सहित तीन की मौत

बरही के भोज में शामिल होने के बाद इलाज के लिए वाराणसी जाते समय हुआ हादसा

नरहीं (बलिया)। गाजीपुर जिले के जंगीपुर के पास ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर बुधवार की रात स्कार्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद खाई में पलट गई। हादसे में नरहीं गांव निवासी क्षमा उपाध्याय (52) की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल उनके बेटे अनमोल उपाध्याय (28) ने गाजीपुर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, घायल मौसेरे भाई मनोज चौबे (28) की बृहस्पतिवार दोपहर बीएचयू ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। हादसे में घायल मामा रत्नेश मिश्रा और चालक रमेश वर्मा का वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से नरहीं गांव में मातम पसरा है। नरहीं गांव निवासी परमात्मा उपाध्याय ने बताया कि उनके भतीजे अनमोल उपाध्याय पुत्र राजाराम उपाध्याय बुधवार को अपने मामा रत्नेश मिश्रा (35), निवासी शिवपुर, वाराणसी, मौसेरे भाई मनोज चौबे (28), निवासी भरखरा, सुखपुरा और चालक रमेश वर्मा, निवासी मिर्जापुर के साथ बक्सर में सोलर पैनल की दुकान के लिए गोदाम देखने गए थे। वहां से सभी शाम करीब सात बजे नरहीं स्थित घर पहुंचे। इसके बाद चचेरे भाई अखिलेश उपाध्याय के बेटे की बरही के भोज में शामिल हुए। अनमोल की मां क्षमा उपाध्याय मधुमेह की बीमारी से पीड़ित थीं। उनके इलाज के लिए सभी रात करीब साढ़े आठ बजे स्कार्पियो से वाराणसी के लिए रवाना हुए। रात करीब 10:20 बजे गाजीपुर



जिले के जंगीपुर के पास ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर स्कार्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और खाई में पलट गई। हादसे में क्षमा उपाध्याय की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल अनमोल ने गाजीपुर सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि मनोज चौबे की बृहस्पतिवार दोपहर बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि रत्नेश मिश्रा ने हादसे से पांच दिन पहले ही नई स्कार्पियो खरीदी थी। गाड़ी का पंजीकरण भी अभी नहीं हुआ था। अनमोल उपाध्याय अपने मामा के साथ वाराणसी में रहकर सोलर पैनल का कारोबार करते थे। अनमोल अपने पिता राजाराम उपाध्याय के इकलौते बेटे थे। उनकी सगाई हो चुकी थी और दिसंबर में शादी होनी थी। उनकी दो बहनों अंकिता और अन्नू की शादी हो चुकी है। बेटे और पत्नी समेत परिवार के तीन सदस्यों की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

रोडवेज बस-टैंकर की टक्कर, दस घायल

खेजुरी (बलिया)। खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने गुरुवार को अपराह्न करीब डेढ़ बजे रोडवेज बस और टैंकर की आमने-सामने टक्कर में बस में सवार दस लोग घायल हो गए। इनमें दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी खेजुरी पहुंचाया जहां उनका उपचार चल रहा है। एसएचओ सुशील कुमार दूबे ने बताया कि सिकंदरपुर से बलिया की ओर जा रही राज्य परिवहन निगम की बस खड़सरा स्थित पीएचसी के सामने पहुंची थी कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में उभांव थाना क्षेत्र के रामनिवास पुत्र सोमारी निवासी हल्दीरामपुर, आर्यन गुप्ता पुत्र सच्चिदानंद गुप्ता निवासी चौकिया मोड़ और शिवमंगल पुत्र रामधनी निवासी बहुता घायल हो गए। वहीं, सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के आनंद गुप्ता पुत्र अरविंद गुप्ता निवासी गांधी मोहल्ला, संतोष सोनी पुत्र स्वर्गीय पृथ्वीचंद्र निवासी चांदनी चौक, शिवांशु राय पुत्र मिथिलेश राय निवासी सिसोटार, शेषनाथ सिंह पुत्र रामाधार सिंह निवासी बरमनिया, सच्चिदानंद वर्मा पुत्र स्वर्गीय रघुनाथ वर्मा निवासी करमौता, शिवानी पुत्री लक्ष्मण प्रसाद और प्रभावती पत्नी हीरा तुरहा निवासी बघुड़ी भी चोटिल हो गए। घायलों में शेषनाथ सिंह व रामनिवास को गंभीर चोटे लगी है।

दशहरा मेले से चोरी ई-रिक्शा का खुलासा, दो गिरफ्तार

बलिया। शहर के रामलीला मैदान में दशहरा मेला घूमने गए व्यक्ति का ई-रिक्शा चोरी करने के मामले का कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को खुलासा किया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी हुए ई-रिक्शा के कटे हुए पुर्जे और बॉडी बरामद की है। आरोपियों में नीरज बिंद निवासी बहेरी और जुम्मन निवासी सिकरिया खुर्द, हाल मुकाम शिवरामपुर चट्टी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, हरपुर पुरानी बस्ती निवासी विक्रम चौहान 20 अक्तूबर की शाम करीब छह बजे अपने परिवार के साथ दशहरा मेला घूमने रामलीला मैदान गए थे। उन्होंने अपना ई-रिक्शा मैदान के पीछे वाले गेट के पास खड़ा किया था। मेला घूमकर लौटे तो ई-रिक्शा गायब मिला। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। इसके बाद 28 अक्तूबर को उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। इसके आधार पर उप निरीक्षक अजय कुमार, चौकी प्रभारी जापलिनगंज की टीम ने 29 अक्तूबर की रात करीब 3रू10 बजे रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से नीरज बिंद को गिरफ्तार किया। वहीं, दूसरे आरोपी जुम्मन को सुबह बांसडीह थाना क्षेत्र के शिवरामपुर चट्टी स्थित उसकी कबाड़ी की दुकान से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दुकान से ई-रिक्शा की बॉडी, कटी हुई मेन चेसिस, मोटर, सामने का शीशा, दो कटी हुई छतरियां और पीछे का कटा हुआ स्टैंड बरामद किया। पुलिस के मुताबिक, नीरज ई-रिक्शा चोरी कर जुम्मन को बेच दिया था। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बीएसएनएलमें खुदरा वितरक बनने को आवेदन ३० तक

बलिया। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), बलिया की ओर से खुदरा वितरक बनने के इच्छुक लोगों के लिए अवसर उपलब्ध कराया गया है। निगम ने विभिन्न क्षेत्रों में सिम एवं सीटीओपी खुदरा वितरकों की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक व्यक्ति 30 अक्टूबर तक अपना आवेदन कार्यालय सहायक महाप्रबंधक, भारत संचार निगम लिमिटेड, बलिया में जमा कर सकते हैं। बीएसएनएल की ओर से खुदरा वितरकों की नियुक्ति के लिए आठ क्षेत्रों का चयन किया गया है। इनमें बलिया दक्षिणी, बलिया-1, बलिया, रसड़ा, बैरिया, सिकंदरपुर, सिकंदरपुर पूर्वी और बांसडीह शामिल हैं। इन क्षेत्रों में खुदरा वितरक बनने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन जमा कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। इसकी जानकारी प्रचालन प्रमुख सुजीत कुमार गौतम ने दी है।

सिद्धांतों की राजनीति के नायक थे चंद्रशेखर-हरिवंश

बलिया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के 125वें वर्ष और जननायक चंद्रशेखर के 100वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को शहर स्थित टीडी कालेज के मनोरंजन सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता हरिवंश ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के राजनैतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चंद्रशेखर का राजनीतिक जीवन 65 वर्षों का रहा, जिसमें 40 वर्ष संसद में रहे। वे सिद्धांतों की राजनीति के नायक थे। कहा कि भारतीय राजनीति में चंद्रशेखर की तरह स्वाभिमान के धनी दूसरा कोई राजनेता नहीं हुआ। उन्होंने कांग्रेस में रहते हुए सुप्रीम बाडी का विरोध किया। वे आपात काल में सत्ता सुख त्याग कर जेल जाना गंवारा किया। बल्कि यूं कहें कि चंद्रशेखर ने जेल जाना खुद चुना। उनकी जेल जाना मजबूरी थी। वे देश को प्रतिरोध की सीख देना चाहते थे। उन्होंने किताबों का हवाला देते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कैबिनेट मंत्री बनने के प्रस्ताव को ठुकरा कर जेल गए। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार विवेक पांडेय ने कहा कि सलाखों के बीच स्वतंत्रता कैसे जी जा सकती है, वह चंद्रशेखर की जेल डायरी में दिखती है।

रात को निकले एसपी, होटलों, ढाबों, सार्वजनिक स्थलों की जांच

संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच, होटल-ढाबों पर पुलिस की निगरानी

बलिया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश और अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन के निर्देश पर बलिया में 28 और 29 अक्तूबर की रात व्यापक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने स्वयं विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई। एसपी ने कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन सहित होटल, ढाबों, लॉज, प्रमुख चौराहों और रोडवेज बस स्टैंड पर चेकिंग कराई। उन्होंने अपराध, गो-तस्करी, अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा और क्षेत्राधिकारी नगर सतीश कुमार शर्मा ने रेलवे स्टेशन और रोडवेज सहित विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला ने नगरा क्षेत्र तथा क्षेत्राधिकारी बांसडीह जयशंकर मिश्र ने बांसडीह क्षेत्र में अभियान की निगरानी की। यातायात पुलिस ने भी कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की। जनपद के सभी सर्किलों और थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर बैरियर लगाकर जांच की। लाउड हेलर के माध्यम से सुरक्षा संबंधी निर्देश भी प्रसारित किए गए।

भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियानको लेकर सौंपी जिम्मेदारी

बलिया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान को लेकर गुरुवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रणजीत राय और जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अभियान के उद्देश्यों, संगठन की भूमिका तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में वक्ताओं ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन के कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। श्री राय ने कहा कि किसी भी संगठनात्मक अभियान को प्रभावी बनाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसके लिए जरूरी है कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ जनता के बीच पहुंचें तथा अभियान से जुड़े विषयों के प्रति लोगों को जागरूक करें। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक मजबूती और आपसी समन्वय को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में 'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों, जनजागरूकता और पदयात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। अभियान को 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक संचालित किया जाना है। इसके तहत पदयात्रा और जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जोड़ने की योजना है। छठूराम, शशि चौरसिया, प्रदीप सिंह संतोष पांडेय, कृष्णा पाण्डेय, मनोज श्रीवास्तव, योगेश सिंह, स्वेता राय आदि मौजूद रहीं।

राम वनवास लीला का हुआ मंचन

गड़वार (बलिया)। कस्बा के रामलीला मंच पर चल रहे लीला के क्रम में बुधवार की रात को राम वनवास लीला का जीवंत व मार्मिक मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। लीला की शुरुआत छोटेलाल गुप्ता व पंकज उपाध्याय ने दीप जलाकर किया। लीला में दिखाया गया कि सीता स्वयंवर के बाद राम,लक्ष्मण व सीता अयोध्या पहुंचते हैं तो पूरे राज्य में खुशियां मनाई जाती है। राजा दशरथ राम को राजकाज देने का निर्णय करते हैं। अंतिम समय पर रानी कैकेयी दासी मंथरा के कहने पर राजा दशरथ से पूर्व में दिए गए दो वचन मांग लेती हैं। पहले वचन वो राम को चौदह वर्ष का वनवास और दूसरे वचन में भरत को अयोध्या का राजा बनाने के लिए कहती हैं। अध्यक्ष मुकेश सिंह,राकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।देर रात तक दर्शक लीला को देखने के लिए जमे रहे।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत

नगरा (बलिया)। थाना क्षेत्र के भीमपुरा नंबर दो निवासिनी रामावती देवी पत्नी स्व खेदू राजभर गुरुवार को दोपहर के समय अपने दरवाजे पर गृह कार्य कर रही थी। इसी दौरान आकाशीय बिजली गरजी और रामावती देवी इसके चपेट में आ गई। घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामावती देवी अपने पीछे दो लड़कों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

किशोरी को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

मनियर (बलिया)। थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि उनकी करीब 16 वर्षीय पुत्री को 26 अक्टूबर को दोपहर लगभग दो बजे रंजीतपुर निवासी गुड्डू राजभर शादी का झांसा देकर घर से भगा ले गया। आरोपी विक्की राजभर का पुत्र बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। किशोरी की बरामदगी और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों के संबंध में आगे की कार्रवाई विवेचना के आधार पर की जाएगी।

पलटी गोवंश तस्करों की पिकअप, ५ बछड़े बरामद

नगरा (बलिया)। थाना क्षेत्र के सोनापाली मोड़ के पास मंगलवार की रात गोवंश तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रसड़ा मार्ग पर सोनापाली के पास एक बड़े पिकअप पर गोवंश लादकर बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना पर उप निरीक्षक संदीप कुमार, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार और टीम मौके पर पहुंची तो सड़क किनारे महिन्द्रा मैक्स पिकअप पलटी हुई मिली। तलाशी में पिकअप में प्लास्टिक पॉलीथिन के नीचे क्रूरता पूर्वक हाथ-पैर बंधे हुए 5 गोवंशीय बछड़े मिले, जिनके मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस ने सभी को मुक्त कराकर पानी पिलाया। पिकअप से 2 मोबाइल भी बरामद हुए हैं, जिन पर टू-कॉलर में जंगली और रामकुमार नाम आ रहा है। ई-चालान एप से वाहन मालिक की पहचान मोहम्मद खालिद पुत्र सेराज अहमद, लखनपुर चेला राम का पुरवा, कोपागंज, मऊ के रूप में हुई है। पुलिस ने जंगली, रामकुमार और वाहन स्वामी मोहम्मद खालिद के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। चालक मौके से फरार है।

एक नजर इधर भी

पॉक्सो एक्ट के मामले में दोषी को २० वर्ष की कठोर कारावास

कैंट थाने में दर्ज पॉक्सो एक्ट के मामले में दोषी तनवीर खान को अदालत ने २० वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट), अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने २९ अक्टूबर को दोषी पर ३० हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस के अनुसार, कैंट थाने में वर्ष २०२३ में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें सदर बाजार, कैंट निवासी तनवीर खान पुत्र साबिर खां को आरोपी बनाया गया था। मामले में आईपीसी की धारा ३६३, ३६६, ३७६(३), ३२३ और पॉक्सो एक्ट की धारा ५व६ के तहत काररवाई की गयी थी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे आपरेशन कन्विक्शन के तहत मामले की प्रभावी पैरवी की गयी। गुणवत्तापूर्ण विवेचना, लोक अभियोजक की पैरवी और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने तनवीर खान को दोषी करार देते हुए सजा सुनायी।

मिर्जामुराद में ब्रेक जाम होने से ट्रेलर पलटा, चालक-खलासी घायल, आवागमन बाधित

मिर्जामुराद। क्षेत्र के खजुरी स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार को अपराहन नेशनल हाईवे पर मुर्गी का चारा लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक पंकज और खलासी भानू निवासी शिवपुरी, मध्य प्रदेश घायल हो गए। ट्रेलर राजस्थान के कोटा से बिहार जा रहा था। खजुरी ओवरब्रिज से उतरते समय अचानक ब्रेक जाम होने से चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रेलर प्रयागराज-वाराणसी लेन पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची मिर्जामुराद पुलिस ट्रेलर को सड़क से हटवा बाधित आवागमन को बहाल कराया।

चोरों ने विद्युत केबल को काटा, ग्रामीण एवं किसान परेशान

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के दबेथुआ में चोरों ने सार्वजनिक संपत्ति को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये के विद्युत केबल काट लिये, जिससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान/ प्रशासक धनंजय सिंह ने चौकी प्रभारी कठिरांव को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि गत २७ अक्टूबर की रात में मिराशाह से कठिरांव मार्ग पर गांव के पूर्वी छोर पर पम्पिंग सेट पर जाने वाली ३ फेज की केबल, दबेथुआ इंटर कालेज की तरफ जाने वाली ४ पोल की लाइट का केबल तथा महिला महाविद्यालय की तरफ जाने वाली ४ पोल की लाइन का केबल चोरों ने काट कर चुरा लिया। ग्रामीणों के अनुसार इसके पूर्व भी इसी स्थान पर चोरों ने बगल से गुजर रही ११००० वोल्ट की हाईटेंशन लाइन काटने का प्रयास किया था। उस दौरान करंट लगने से एक चोर की मौके पर ही मौत हो गयी थी। केबल चोरी होने से ग्राम सभा दबेथुआ की सड़कों, इंटर कालेज मार्ग और महिला महाविद्यालय मार्ग पर रात में घना अंधेरा छाया रहता है। जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

पूजा पटेल ने बॉक्सिंग में जीता गोल्ड मेडल

पिंडरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पश्चिमपुर (अहरक) की होनहार बेटी पूजा पटेल ने काशी सांसद खेलकूद के बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीता। २७-२८ अक्टूबर को सिगरा स्टेडियम में आयोजित काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पूजा पटेल ने शानदार प्रदर्शन किया। ५२ किलोग्राम वर्ग में खेले गये फाइनल मुकाबले में पूजा ने प्रतिद्वंद्वी गंगा भारद्वाज को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। पूजा ने फाइनल में आक्रामक खेल दिखाते हुए एकतरफा जीत हासिल की। पूजा पटेल की इस उपलब्धि पर गांव अहरक, पश्चिमपुर में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों और परिजनों ने बताया कि पूजा रोजाना कड़ी प्रैक्टिस करती है और राष्ट्रीय स्तर पर वाराणसी का प्रतिनिधित्व कर कई मेडल जीत चुकी है।

जल निगम पंप हाउस से सोलर केबल समेत कैमरे का मेमोरी कार्ड और सिम कार्ड चोरी

सेवापुरी। कपसेठी थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतिया स्थित जल निगम के पंप हाउस को चोरों ने निशाना बनाया। चोर पंप हाउस में लगे सोलर पैनल की केबल काटकर उठा ले गये। इसके साथ ही वहां सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी कैमरे का मेमोरी कार्ड और सिम कार्ड भी निकालकर फरार हो गये। जानकारी के अनुसार दौलतिया निवासी आशीष कुमार चौधरी जल निगम में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। वह रोज की भांति सुबह जलापूर्ति के लिए पंप हाउस पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि सोलर पैनल की केबल कटी हुई थी और गायब थी। जांच करने पर पता चला कि पंप हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे का मेमोरी कार्ड और सिम कार्ड भी निकाल लिया गया है। घटना से जल निगम के पंप हाउस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्रज्ञा मिश्रा का एलटी ग्रेड गणित में चयन, परिवार में खुशी

बनौली। महराजगंज निवासी कुमारी प्रज्ञा मिश्रा का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया के तहत राजकीय इंटर कॉलेज में एलटी ग्रेड (गणित) के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार



और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। खास बात यह है कि लगभग दो वर्ष पूर्व उनका चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक पद पर भी हुआ था। प्रज्ञा ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से गणित ऑनर्स में बीएससी और बीएड की पढ़ाई की। इसके बाद गणित विषय में एमएससी की उपाधि प्राप्त की। परिवार के वरिष्ठ सदस्य रामराज मिश्र और केशवनाथ मिश्र ने बताया कि प्रज्ञा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। प्रज्ञा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, अभिभावकों के आशीर्वाद, परिवार के सहयोग, कठिन परिश्रम और ईश्वर की कृपा को दिया। इस उपलब्धि पर सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह के चेयरमैन डॉ. पी.एन. दुबे, प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार पाण्डेय, डॉक्टर मंजू तिवारी, डॉक्टर शशिभूषण पाण्डेय, डॉक्टर राजकुमार श्रीवास्तव सहित शैलेन्द्र कुमार दुबे, डॉक्टर अजय शुक्ल, सुरेश मिश्र, चन्द्रमा मिश्र और ग्राम प्रधान सूर्यमणि दुबे ने बधाई दी।

भीमनगर में टिन शेड उखाड़ने का विरोध में पिता और पुत्री की पिटाई, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैंट थाना क्षेत्र के भीम नगर में टिन शेड उखाड़ने का विरोध करने पर पिता से मारपीट और उनकी नौ वर्षीय बेटी को धक्का देकर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।,भीम नगर निवासी किलो राम के अनुसार, १४ अक्टूबर को उन्होंने मकान पर टिन शेड लगाया था। आरोप है कि दोपहर में उनके पड़ोसी राजू, गौतम, राजन और राजेश घर में घुसकर शेड उखाड़ने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए उनसे मारपीट की और उनकी नौ वर्षीय बेटी को धक्का देकर गिरा दिया, जिससे वह घायल हो गयी। पीड़ित ने आरोपितों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने गुरुवार को मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

टकटकपुर में मारपीट, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैंट थाना क्षेत्र में युवक और उसके दोस्तों के साथ मारपीट करने के मामले में राधापुरम कॉलोनी, टकटकपुर निवासी रवि यादव ने पांच युवकों पर हमला करने, गाली-गलौज करने और धमकी देने के आरोप पीडति की तहरीर पर कैंट पुलिस ने मामले में काररवाई की प्रक्रिया शुरू की है। रवि यादव के अनुसार, बुधवार की रात १० बजे कैनरा बैंक और ईएसआई अस्पताल के पास कुछ युवकों ने उन्हें और उनके मित्रों राजू प्रजापति व गोलू यादव के साथ मारपीट की। आरोप है कि संजय पटेल, अंकित कुमार, उदय कुमार, सिद्धू पटेल और बिट्ठू ने उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित का आरोप है कि आरोपितों ने गाली-गलौज करने के साथ एफआईआर दर्ज कराने की धमकी भी दी। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गये। रवि यादव ने आरोपितों और उनके साथियों से अपनी जान-माल का खतरा जताया है। पीड़ित ने कैंट थाने में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

हाईवे पर बुजुर्ग से झांसा देकर २८०० रुपये छीने, बाइक सवार फरार

बेटे का नाम लेकर युवकों ने दिया वारदात को अंजाम, काजीसराय की ओर भागे आरोपी

हरहुआ। बड़ागांव थाना क्षेत्र के वाराणसी-बाबतपुर हाईवे पर जमालपुर स्थित गैस प्लांट के समीप गुरुवार सुबह बाइक सवार दो युवकों ने एक बुजुर्ग को झांसा देकर २८०० रुपये छीन लिए। वारदात के बाद दोनों आरोपी काजीसराय की ओर फरार हो गये। दिन निकलने से पहले हाईवे पर हुई इस घटना से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, जमालपुर गांव निवासी विष्णु यादव (७० वर्ष) गुरुवार सुबह करीब ६.३० बजे प्रतिदिन की तरह साइकिल से काजीसराय भट्ठा के पास चाय पीने जा रहे थे। गैस प्लांट से कुछ आगे पहुंचने पर बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। युवकों ने बुजुर्ग से कहा कि उनके बेटे विजय यादव ने उन्हें भेजा है और एक हजार रुपये मंगवाये हैं। बेटे का नाम सुनकर बुजुर्ग उनकी बातों में आ गये और रुपये निकालकर गिनने लगे। इसी दौरान दोनों युवकों ने उनके रुपये छीन लिए। इसके बाद आरोपियों ने रुपये गिनकर बुजुर्ग को बताया कि उनके पास कुल २८०० रुपये हैं। रुपये छीनने के बाद दोनों बाइक सवार काजीसराय की ओर भाग निकले। घटना के बाद विष्णु यादव ने फोन कर अपने बेटे विजय यादव से जानकारी ली। बेटे ने स्पष्ट किया कि उसने किसी को भी रुपये लेने के लिए नहीं भेजा था। इसके बाद बुजुर्ग को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। हाईवे पर इस तरह बुजुर्ग को निशाना बनाये जाने से स्थानीय लोगों में चिंता है।

कैथी टोल प्लाजा पर भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर रावण का स्वागत

चौबेपुर। वाराणसी से गाजीपुर जाते समय गुरुवार सुबह कैथी टोल प्लाजा पर भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर रावण का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। स्वागत करने वालों में नीरज कुमार, विशाल सिद्धार्थ, सौरभ कुमार, अनिल नेता और धीरज कुमार रावण समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन ई-टेण्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण, नियम एवं शर्तें भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

क्रमांक : 01, **ई-निविदा सं. :** 50265722, **निविदा खुलने की तिथि :** 26.11.2026, **सामग्री का विवरण :** सप्लाय, इन्सटालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग आफ पैसेंजर एलिवेटर (लिफ्ट) विदाउट मशीन रूम ऐज पर आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन सं. RDSO/2013/EM/SPEC/0016 (Rev2)-2025, **मांगी गयी मात्रा :** 6 अदद, **बयाना राशि :** रु.2,45,540.00.

नोट :- इच्छुक फर्में सीसीए द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल सर्टिफिकेट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकृत कर सकते हैं। मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं है।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबन्धक,

मुजाधि/एस-78 **पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है। **ई-निविदा संख्या :** (1) NER-LJN-2026-258 **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के झरेखापुर यार्ड में ट्रैक मशीनों के लिए सैटेलाइट डिपो के निर्माण के संबंध में सर्विस बिल्डिंग, स्टाफ क्वार्टर, कवर शेड, इंस्पेक्शन पिट, अप्रोच रोड, ट्रैक लिंकिंग के लिए फॉर्मेशन का काम, जल आपूर्ति की व्यवस्था एव अन्य सुविधाओं का प्रावधान। (सिविल कार्य) **अनुमानित लागत (रु.) :** 61137209.58 **अग्रिम धन (रु) :** 1222800.00 **समापन अवधि :** 09 माह। **ई-निविदा संख्या :** (1) NER-LJN-2026-259 **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के झरेखापुर में ट्रैक मशीनों के लिए सैटेलाइट डिपो के विकास के संबंध में ट्रैक को जोड़ने, टर्नआउट्स की असेंबलिंग, बिछाने एवं इसके अंतर्गत अन्य विविध ट्रैक के कार्य। (ट्रैक कार्य) **अनुमानित लागत (रु.) :** 7823146.36 **अग्रिम धन (रु) :** 156500.00 **समापन अवधि :** 12 माह। 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-258 & 259** के लिये ई-निविदा दिनांक 18.11.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)

मुजाधि/डब्लू-395 **लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पीटीईटी परीक्षार्थियों के लिए दौड़ेंगी १५० अतिरिक्त बसें

३० अक्तूबर और १ नवंबर को विशेष बस सेवा, कैंट बस स्टैंड पर खुला सहायता केंद्र, बीमार और चोटिल अभ्यर्थियों के लिए चिकित्सक की भी तैनाती

पीटीईटी परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के सफर को आसान और सुविधाजनक बनाने के लिए रोडवेज प्रशासन ने कमर कस ली है। परीक्षा के दौरान



परीक्षार्थियों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए वाराणसी परिक्षेत्र में ३० अक्टूबर और १ नवंबर को १५० अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। रोडवेज प्रशासन ने परीक्षा केंद्र वाले जिलों के लिए परिवहन व्यवस्था सुचारू रखने और अभ्यर्थियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किये हैं। इसी क्रम में कैंट बस स्टैंड पर सहायता केंद्र भी स्थापित किया गया है। यहां परीक्षार्थियों को बसों के संचालन और यात्रा से जुड़ी आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। इसके साथ ही बीमार पड़ने या चोटिल होने वाले अभ्यर्थियों की मदद के लिए एक चिकित्सक की ड्यूटी भी लगायी जायेगी, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके।क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय के अनुसार, परीक्षा को देखते हुए संबंधित जिलों के लिए परिवहन सुविधा निरंतर उपलब्ध कराई जाएगी। बसों का संचालन व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्टवार लगायी गयी है। इससे यात्रियों की बढ़ती संख्या के बीच बस संचालन प्रभावित नहीं होगा और अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी। रोडवेज प्रशासन का प्रयास है कि परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को समय पर बस उपलब्ध हो और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। अतिरिक्त बसों के संचालन और सहायता केंद्र की व्यवस्था से परीक्षार्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन

1, नवाब युसूफ मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001, फैक्स 0532-2407892

ई-निविदा सूचना

सं.- आरई/टेंडर/सिविल/557 दिनांक : 28.10.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता, कोर, प्रयागराज निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** प्रयागराज में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस, REOC और GM/CORE ऑफिस बिल्डिंग की छत और उससे जुड़े अन्य हिस्सों की बड़ी मरम्मत का कार्य। **1. कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 6 माह, **2. कार्य की अनुमानित लागतः** रुपये 3225355.45, **3. निविदा दस्तावेज मूल्यः** रुपये 0.00, **4. बयाना राशि जो जमा करना हैः** रुपये 64500.00, **5. निविदा अंतिम/खोलने की तिथिः** 19/11/2026 को 15:00 बजे तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा भेज सकेंगे। उसके बाद निविदा को ऑनलाइन IREPS पोर्टल पर खोला जाएगा। **6. वेबसाइट का विवरणः** www.ireps.gov.in (जहाँ पर विवरण अपलोड किया गया है)। 7. टेंडर से संबधित किसी भी सवाल के लिए, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in के हेल्पडेस्क से संपर्क करें। **8. नोटः** रेलवे को किसी भी निविदा को बिना कारण बताए परिवर्तित / स्थगित / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। **नोटः** उपरोक्त निविदा केवल e-Bid में ही स्वीकार की जायेगी।

PR - 08/2026 (ANJ) उप मुख्य अभियंता कोर/प्रयागराज

ग्राहकों की सेवा मुस्कान के साथ

वर्गीकृत विज्ञापन आज

सूचना

सूचना-मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2196757 एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216757131 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **सिद्धार्थ सिंह** पुत्र श्री संजय सिंह, माता-श्रीमती कमला सिंह,ग्राम- अल्दे मऊ, पो.सरौंदा, थाना-चिरैयाकोट, जनपद-मऊ।

सूचना

सूचना -सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2697409 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2039077 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **सिंपल यादव** पुत्र फूलचंद सिंह यादव ग्राम देऊपुर,पोस्ट गाई, थाना मरदह, जिला गाजीपुर।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत पारेषण मण्डल द्वितीय, वाराणसी

उ.प्र.पा.ट्रां.का.लि., के.वी विद्युत उपकेन्द्र 400, सारनाथ कैम्पस

पो. नारायनपुर, चौबेपुर वाराणसी-221104 मोबाइल नं. 8004912397

ई-निविदा सूचना

(1) **ई-निविदा संख्या-10 ई.टी.सी.द्वि.(वा.)/2026-27**-अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड गाजीपुर के अन्तर्गत 132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र सैदपुर पर स्थापित 20एम.वी.ए. 132/11 के.वी. परिवर्तक प्रथम के मेन टैंक के टाप कवर, पाइप लाइने एवं अन्य जगहों से ट्रान्सफार्मर आयल लीकेज परिवर्तक के क्षतिग्रस्त गैस्केट को नये गैस्केट से बदलने एवं सम्बन्धित अन्य कार्य को कराने हेतु। निविदा खुलने की तिथि 28.11.2026 । निविदा प्रपत्र का मूल्य -रू. 590/- जी.एस.टी. सहित। धरोहर राशि रू. 3,000/-(रू. तीन हजार मात्र)।

निविदा सम्बन्धी अन्य विवरण जैसे निविदा में संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है। तो इस की सूचना ई-टेन्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध करायी जायेगी।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल-द्वितीय, वाराणसी

पत्रांक-1106/वि.पारे.मं.द्वि.(वा.)/ दिनांक-28.10.2026

सूचना

श्रीमती बनारसी देवी एजुकेशनल ट्रस्ट के सभी सम्मानित ट्रस्टीगण प्रबन्ध समिति के सदस्य एवं सम्मानित नागरिकों को सूचित किया जाता है ट्रस्ट द्वारा संचालित **डॉ० घनश्याम सिंह महाविद्यालय कॉलेज सोयेपुर, वाराणसी** के प्रबन्ध समिति का चुनाव 05 नवम्बर 2026 को 11 बजे से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विश्व. विद्यालय पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर में होगा। सभी ट्रस्टी एवं प्रबन्ध समिति के सम्मानित सदस्य चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। **प्रबन्धक / सचिव**

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी भूमि की chain Deed original sale Deed No- 3075 page No- 33/48, serial No- 8671 दिनांक 23/10/ 2015 को कहीं गुम हो गया है। उक्त दस्तावेज उक्त दस्तावेज के गुम होने की रिपोर्ट उत्तर प्रदेश पुलिस के थाना पर G.n.No - 066 दिनांक -26 /10 /2026 को दर्ज है। मेरी काफी तलाश के बावजूद दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ। यदि किसी सज्जन को उक्त मूल दस्तावेज प्राप्त हो, तो कृपया नीचे दिए गए पता/ मोबाइल नंबर पर सूचना दें। दस्तावेज का विवरणः दस्तावेज original Sale Deed No- 3075, राजेंद्र सिंह S/O सदानंद for the area 0.020 Hect-in favor **कलावती देवी w/o सुरेंद्र कुमार सिंह,** दिनांक -23/10/2015 संपर्क-आशीष चंद्र पटेल, पिता - नान्हक, पता - दीक्षितपुर ,पचेवरा ,चुनार मिर्जापुर. **मो - 9839178030**

प्रवेश सूचना

दिनांक- 29/10/2026

अल्प संख्यक कोटा अन्तर्गत सीधे प्रवेश डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) सत्र-2026 **कृष्ण सुदामा संस्थान गरदापुर, सादात गाजीपुर** नियर (सादात रेलवे स्टेशन) में NCTE नयी दिल्ली एवं SCERT लखनऊ उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में जारी शासना देश 2026 के कम में डी.एल.एड. (बी .टी.सी.) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु योग्य अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट www.kssan sthan.in पर प्रकाशन के 14 दिन के अन्दर आवेदन कर सकते हैं। अल्प संख्यक से रिक्त सीटों अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों का प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा। योग्यता एवं आयु नियमानुसार। **सम्पर्क सूत्र** - 8423003000, 7522803011

ई-मेल **kssgzp145@gmail.com**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. जौनपुर

पत्रांक 4039/8ए दिनांक 23.10.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, जौनपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में 'ए', 'बी' 'सी' एवं ''डी'' श्रेणी में सेतु कार्य में पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर निम्न कार्य की ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है जो दिनांक 02.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे से दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर निविदा सूचना, टी0-1 एवं बी0ओ0क्यू0 के साथ उपलब्ध रहेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक होगी, जिसकी तकनीकी बिड्स दिनांक-13.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभिन्यन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, जौनपुर में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक 13.11.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण हेतु https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

क्रम सं0/ लॉट संख्या	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित(रू0 में)
1	जनपद जौनपुर में अचला देबी घाट एवं मियांपुर के बीच सम्पर्क मार्ग के आगे गोमती नदी पर पान्टून सेतु का डिस्मेंटलिंग निर्माण(इरेक्शन) एवं अनुरक्षण का कार्य।	22.97	2.30	09 माह	944
2	जनपद जौनपुर के अन्तर्गत मुबारकपुर से खानपुर सम्पर्क मार्ग के आगे गोमती नदी के बलुआ घाट पर पान्टून सेतु का डिस्मेंटलिंग निर्माण(इरेक्शन) एवं अनुरक्षण का कार्य।	18.35	1.84	09 माह	944

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या 879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक 02.11.2026 अपरान्ह 12:00 से दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12:00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय अदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- शासनादेश सं0-1/2018-3070/78/2-2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- शा0सं0-86/2026/649/2026/23-7099/106/2025 दिनांक 23 मई 2026 में निर्धारित प्रकिया का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
जौनपुर

उ.प्र.:-259786

दिनांक-29.10.2026

वेबसाईटः- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

पत्रांक-4643(i)/निविदा (नि0ख0)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-24.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरणः-

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)									
1	बलिया	सिकन्दरपुर-बांसडीह-रेवती-बैरिया-लालगंज मार्ग(राज्य मार्ग-1बी) के चैनेज 62.000 से चैनेज 67.000 तक दो लेन विद पेव्ड सोल्डर के साथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लं0-5.000 कि0मी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (1414.50) + अनुरक्षण (35.72) कुल लागत 1450.22	29.01	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590.00	12 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-13.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-20.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 20.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-20.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:-259771

दिनांक-29.10.2026 वेबसाईटः- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

पत्रांक- 4644(i)/निविदा (नि0ख0)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-24.10.2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरणः-

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)									
1	बलिया	एस0एच0-1 बी गायघाट रेवती नौवाबारा चौबे छपरा महाबीर मंदिर (अ0जि0मा0) मार्ग (रिवती बाईपास मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लं0-4.300 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (699.18) + अनुरक्षण (17.65) कुल लागत 716.83	14.34	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-13.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-20.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 20.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-20.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:-259912

दिनांक-29.10.2026 वेबसाईटः- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. जौनपुर

पत्रांक 4038/8ए दिनांक 23.10.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, जौनपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में 'ए', 'बी' 'सी' एवं ''डी'' श्रेणी में सेतु कार्य में पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर निम्न कार्य की ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है जो दिनांक 02.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे से दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर निविदा सूचना, टी0-1 एवं बी0ओ0क्यू0 के साथ उपलब्ध रहेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक होगी, जिसकी तकनीकी बिड्स दिनांक 13.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभिन्यन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, जौनपुर में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक 13.11.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण हेतु https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

कम सं0/ लॉट संख्या	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित(रू0 में)
स्वीकृति की प्रत्याशा में।					
1	जनपद-जौनपुर में वि0ख0 बदलापुर के अन्तर्गत गोमती नदी पर गजेन्द्रपुर ब्राहमण एवं मल्लाह बस्ती के बीच पान्टून सेतु के निर्माण एवं अनुरक्षण का कार्य।	29.50	2.95	08 माह	944
2	जनपद जौनपुर में गोमती नदी पर बदलापुर पड़ाव के पास सोनकर बस्ती से तुतीपुर के बीच पान्टून सेतु के निर्माण एवं अनुरक्षण का कार्य।	26.20	2.62	08 माह	944

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या 879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक 02.11.2026 अपरान्ह 12:00 से दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12:00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय अदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- शासनादेश सं0-1/2018-3070/78/2-2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- शा0सं0-86/2026/649/2026/23-7099/106/2025 दिनांक 23 मई 2026 में निर्धारित प्रकिया का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
जौनपुर

उ.प्र.:-259785

दिनांक-29.10.2026

वेबसाईटः- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

चक्रवाती तूफान अर्नब का जिले में दिखा असर, बारिश से धान की फसल पर संकट

कांवल। चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से गुरुवार सुबह जिले के कई इलाकों में बारिश हुई। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और रुक-रुककर हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम में आए बदलाव और तापमान में गिरावट के कारण लोगों को ठंड का एहसास होने लगा है। वहीं, बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सबसे अधिक आशंका धान की तैयार फसल को लेकर जताई जा रही है। जिले में इस समय धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है। कई खेतों में धान की बालियां सुनहरी हो गई हैं और किसान कटाई की तैयारी में जुटे हैं। ऐसे में बारिश होने से खेतों में खड़ी और कट चुकी फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है। खेतों में पानी भरने से कटी हुई फसल के भीगने और खराब होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा और तेज हवाएं चलीं तो खेतों में खड़ी धान की फसल गिर सकती है। इससे उत्पादन प्रभावित होने के साथ किसानों की लागत और मेहनत पर भी पानी फिरने की आशंका है। धान के अलावा सब्जियों की खेती करने वाले किसान भी मौसम को लेकर चिंतित हैं। बारिश और तेज हवा से टमाटर तथा गोभी की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। किसानों की निगाहें अब मौसम पर टिकी हैं। वे जल्द मौसम साफहोने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि धान की कटाई का काम समय से पूरा किया जा सके। उधर, सुबह से बादल छाए रहने और बारिश के कारण बाजारों तथा सड़कों पर भी मौसम में बदलाव का असर दिखाई दिया। तापमान में गिरावट से लोगों को हल्की ठंड महसूस होने लगी है।

सीडीओ ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

आईजीआरएस शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और ओवरहेड टैंकों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने पर दिया जोर

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को शुद्ध, सुरक्षित एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। बैठक में जनपद में संचालित पेयजल परियोजनाओं के निर्माण कार्यों, गुणवत्ता, जलापूर्ति व्यवस्था तथा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को लंबित परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है। इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराते हुए ग्रामीण परिवारों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने हर घर जल योजना के अंतर्गत विद्यालयों, सामुदायिक शौचालयों, पशु चिकित्सालयों सहित अन्य सार्वजनिक संस्थानों में प्राथमिकता के आधार पर नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पेयजल परियोजनाओं में केबिल चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए उन्होंने सभी ओवरहेड टैंकों (ओएचटी) पर इंडिकेटर लाइट लगाने, परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने के निर्देश दिए। बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की गई।



राम-सीता विवाह के बाद कैकेयी ने मांगा १४ वर्ष का वनवास

घोसिया। क्षेत्र के अमीर पट्टी स्थित मारुति धाम हनुमान मंदिर परिसर में श्री स्वामी रामानंद मारुति नंदन रामलीला समिति की ओर से चल रही रामलीला के पांचवें दिन सीता विवाह और राम वनवास की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला में प्रभु श्रीराम द्वारा भगवान शिव के विशाल धनुष का खंडन करते ही पूरा परिसर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद जनकपुर की महिलाएं माता सीता को लेकर प्रभु श्रीराम के पास पहुंचीं। राम और सीता के एक-दूसरे को वरमाला पहनाते ही पूरा क्षेत्र सियाराम के जयकारों से गुंजायमान हो गया। विवाह की सूचना मिलने पर महाराज दशरथ अयोध्या से बारात लेकर जनकपुर पहुंचे। हाथी-घोड़े, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच द्वाराचार सहित विवाह की रस्में पूरी की गईं। राम कलेवा के दौरान जनकपुर की महिलाओं ने अवधपुरी से आए लोगों के साथ हंसी-ठिठोली करते हुए पारंपरिक गालियां गाईं। विवाह के बाद बारात अयोध्या लौट गई। कुछ समय बाद महाराज दशरथ ने श्रीराम को उत्तराधिकारी घोषित करने की तैयारी शुरू की और गुरु वशिष्ठ से अनुमति लेकर राजतिलक की घोषणा करवा दी। इसकी जानकारी मिलते ही दासी मंथरा ने महारानी कैकेयी को अपने प्रभाव में लेकर उन्हें राजा दशरथ से दो वरदान मांगने के लिए उकसाया। कैकेयी ने भरत के राज्याभिषेक और श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांग लिया।

पोषण सेवाओं की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश

ज्ञानपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ला की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं, बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य की स्थिति तथा विभिन्न पोषण संकेतकों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि पोषण मिशन के अंतर्गत जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की वृद्धि एवं पोषण स्तर की नियमित निगरानी के लिए उपकरणों का प्रभावी उपयोग किया जाए तथा चिन्हित बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रों को आवश्यक

सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करें - सीडीओ

संसाधनों से सुसज्जित करते हुए चरणबद्ध तरीके से मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण मिल सके। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में संचालित 1,492 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा बच्चों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद में कुल 42 गंभीर कुपोषित बच्चों की देख-रेख करते हुए 35 सामान्य श्रेणी में परिवर्तित हुए। प्रधानमंत्री मातृत्व बंदन योजना के अंतर्गत जनपद में आगनबाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष 82 प्रतिशत लाभार्थियों का आवेदन का आवेदन पत्र भरा गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने शेष लाभार्थियों एवं बच्चों को भी निर्धारित समय-सीमा में आच्छादित करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत पात्र सभी लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं को योजना की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ आवेदन एवं लाभ अंतरण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सुगम बनाया जाए। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की विद्यालयों के साथ को-लोकेशन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि इस मामले में प्रदेश स्तर पर भदोही जनपद प्रथम स्थान पर है। सीडीओ ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए व्यवस्था को और प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के पोषण एवं स्वास्थ्य से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

लाल बिहारी यादव की जीत पर सपा कार्यालय में जश्न, बंटी मिठाइयां

ज्ञानपुर। वाराणसी खंड शिक्षक विधान परिषद चुनाव में लाल बिहारी यादव की जीत पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। इस मौके पर कौलापुर स्थित विधानसभा कार्यालय में विजय बैठक आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। समाजवादी पार्टी ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र के नेता राजेंद्र दुबे ने विधानसभा अध्यक्ष, महासचिव समेत पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक विधान परिषद चुनाव का परिणाम पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह को बढ़ाने वाला है। इसे 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले का सेमीफाइनल बताते हुए उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी जीत दर्ज कर सरकार बनाएगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे।

समितियों पर पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध-सीडीओ

अलसी की खेती को बढ़ावा देने की अपील, खाद-बीज वितरण की समीक्षा

ज्ञानपुर। गेहूं की बुवाई के महत्वपूर्ण समय को देखते हुए किसानों को खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए गुरुवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिले में खाद-बीज की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और किसानों को मिल रही सुविधाओं की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि जनपद की समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध है, जिससे किसानों को बुवाई के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय गेहूं की बुवाई के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में किसान मौसम और कृषि संबंधी सलाह को ध्यान में रखते हुए समय से बुवाई की तैयारी पूरी करें। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के पास गेहूं का बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार बीज प्राप्त कर समय से बुवाई करें, ताकि फसल की बेहतर पैदावार के लिए अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिल सके। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को खाद-बीज की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था पर नजर बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि कार्यों के दौरान आवश्यक सामग्री प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। विभागीय योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने की दिशा में भी प्रयास किए जाने चाहिए, जिससे अधिक से अधिक किसान इनका लाभ उठा सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के किसानों से गेहूं सहित अन्य परंपरागत फसलों के साथ अलसी की खेती को भी बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान कृषि विविधीकरण पर ध्यान दें और उपलब्ध संभावनाओं के अनुसार अलसी की खेती को भी अपनाएं। इससे खेती के विकल्पों को विस्तार देने में मदद मिल सकती है। बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी सहित कृषि विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सुभाष नगर भरत मिलाप कमेटी की बैठक संपन्न, पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

ऊंज। क्षेत्र के सुभाष नगर बाजार में गुरुवार को प्रसिद्ध भरत मिलाप आयोजन को लेकर कमेटी की बैठक हुई। इसमें आगामी 12 नवंबर को होने वाले भरत मिलाप कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में भरत मिलाप के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़, सुरक्षा व्यवस्था और आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने से जुड़े बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान सुरक्षा व्यवस्था की ओर आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से आयोजन स्थल पर पर्याप्त महिला पुलिस बल तैनात करने की मांग की। इसके साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि भरत मिलाप क्षेत्र का प्रसिद्ध धार्मिक आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना रहती है। ऐसे में सुरक्षा और अग्निशमन की समुचित व्यवस्था जरूरी है। बैठक में आयोजन की तैयारियों को समय से पूरा करने और सभी सदस्यों से सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर कमेटी के संस्थापक कैलाश नारायण सिंह, धर्मराज मिश्रा, डॉ. महेंद्र यादव, शिवजी यादव, शिवराम हलवाई, सुभाष यादव, योगेश मिश्रा, राहुल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर जतायी खुशी

कोइरौना। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हौसिला प्रसाद पाठक और रेनू पांडेय को पुनः पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओ में हर्ष व्याप्त है। इसको लेकर गुरुवार को कोइरौना बाजार और रोही में भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। इसमें दोनों नेताओं को दोबारा प्रदेश कार्यसमिति में जिम्मेदारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने कहा कि दोनों नेताओं को पुनः प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किए जाने से पार्टी कार्यकताओं में उत्साह है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी कृपा शंकर पांडेय, धर्मेंद्र तिवारी, विवेक पांडेय, संदीप तिवारी, देवी प्रसाद सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यूपी-११२ की गश्त में लापरवाही नहीं चलेगी, शिकायतों का हो निस्तारण-एसपी

पीआरवी को १० से १५ किमी प्रति घंटे की रफ्तार से क्षेत्र में लगातार चलायमान रखने के निर्देश

ज्ञानपुर। जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बुधवार को दो महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें कीं। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की मौजूदगी में पुलिस लाइन ज्ञानपुर में यूपी-112 कर्मियों के साथ गोष्ठी की गई। वहीं, गूगल मीट के माध्यम से आईजीआरएस और विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। पुलिस लाइन में आयोजित गोष्ठी में एसपी ने यूपी-112 के पीआरवी प्रभारियों, चालकों और आरक्षियों को मुख्यालय की ओर से जारी नवीन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इवेंट से मुक्त रहने के दौरान पीआरवी वाहन एक स्थान पर खड़े रहने के बजाय अपने निर्धारित क्षेत्र में 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से लगातार चलते रहें। प्रमुख बाजारों, आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा का एहसास कराने के लिए नियमित अंतराल पर हूटर का प्रयोग किया जाए। कॉलर की सूचना मिलने पर निर्धारित 15 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर पीडित को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए। दूसरी बैठक में आईजीआरएस पोर्टल, थाना समाधान दिवस, संपूर्ण समाधान दिवस और पुलिस अधीक्षक कार्यालय से थानों को भेजे गए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की गई। एसपी ने क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों और आईजीआरएस कर्मियों को निर्देश दिया कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और कोई भी संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में न जाने पाए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शिकायतों के निस्तारण के लिए स्वयं मौके पर पहुंचें और दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर निष्पक्ष, पारदशीज् एवं गुणवत्तापूणज् समाधान कराएं। केवल कागजी आख्या लगाकर औपचारिकता पूरी करने या निस्तारण में अनावश्यक देरी करने से बचें। एसपी ने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि आमजन को समय से वास्तविक राहत मिलनी चाहिए।

धनुष टूटते ही गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, राम-सीता विवाह की लीला ने मोहा मन

गोपीगंज। जय श्री राम रामलीला कमेटी सरई पठखानी गोपीगंज के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन में धनुष यज्ञ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद तथा श्रीराम विवाह की लीला का भव्य एवं मनमोहक मंचन किया गया। भगवान श्रीराम की लीलाओं को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रीय दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया गया, जिसमें राजा जनक द्वारा आयोजित स्वयंवर में देश-विदेश के अनेक राजा-महाराजाओं ने भगवान शिव के विशाल धनुष को उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी उसे हिला तक नहीं सका। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने सहज भाव से धनुष उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते समय धनुष भंग कर दिया। धनुष टूटते ही पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। धनुष भंग होने के पश्चात भगवान परशुराम के आगमन तथा लक्ष्मण-परशुराम संवाद का सजीव मंचन किया गया। लक्ष्मण जी के ओजस्वी संवाद और परशुराम जी के क्रोधपूर्ण स्वरूप ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं भगवान श्रीराम के विनम्र एवं शांत स्वभाव ने मर्यादा और आदर्श का संदेश दिया। इस प्रसंग ने दर्शकों को खूब आनंदित किया। इसके बाद भगवान श्रीराम एवं माता सीता के विवाह की मंगलमय लीला प्रस्तुत की गई। विवाह प्रसंग में मंगल गीतों, जयमाल और उत्साहपूर्ण वातावरण ने पूरे आयोजन को भक्तिमय बना दिया। श्रीराम एवं माता सीता के विवाह की लीला देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंजने लगा।

महिला को ४.९८ लाख लौटाने का आदेश

ज्ञानपुर। ट्राली बैग बनाने का पूरा कच्चा माल भेजने के नाम पर पांच लाख रुपये से अधिक की रकम लेने के बाद सामान की आपूर्ति नहीं करना दिल्ली की एक फर्म को भारी पड़ा। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, भदोही ने मामले में सेवा में कमी मानते हुए फर्म को पीडित महिला को 4,98,733 रुपये सात प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज के साथ लौटाने का आदेश दिया है। इसके अलावा 10 हजार रुपये वाद-व्यय भी देने होंगे। आयोग ने भुगतान के लिए दो माह की समयसीमा निर्धारित की है। मामला ज्ञानपुर तहसील के नथईपुर निवासी प्रतिमा देवी पत्नी स्व लखनलाल बिंद से जुड़ा है। वह अपने पुत्र कमलेश कुमार बिंद के साथ हरिओम सेल्स एंड सर्विसेज नाम से ट्राली बैग बनाने और बेचने का काम करती हैं। परिवाद के अनुसार, परिचित निजामुद्दीन उर्फ मोनू के माध्यम से उनकी मुलाकात दिल्ली स्थित योर्स फर्म के प्रोपराइटर राजेंद्र सरदार से हुई थी। फर्म ने ट्राली बैग बनाने में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न सामान की आपूर्ति का कोटेशन दिया था। इसके आधार पर प्रतिमा देवी ने चार मार्च 2025 को आरटीजीएस के माध्यम से फर्म को 5,00,733 रुपये का भुगतान किया। आरोप था कि रकम लेने के बावजूद फर्म ने केवल दो हजार रुपये का सामान भेजा और शेष सामान की आपूर्ति नहीं की। बार-बार आग्रह करने के बाद भी जब समस्या का समाधान नहीं हुआ तो महिला ने 13 जनवरी 2026 को अधिवक्ता के माध्यम से कानूनी नोटिस भेजा। इसके बाद भी न तो सामान मिला और न ही शेष रकम वापस की गई। महिला ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दाखिल कर बकाया रकम, ब्याज और वाद-व्यय दिलाने की मांग की। आयोग ने विपक्षी फर्म को नोटिस जारी किया, लेकिन उसके उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय सुनवाई की गई। परिवादिनी की ओर से प्रस्तुत शपथपत्र, कोटेशन, आरटीजीएस लेनदेन के दस्तावेज और कानूनी नोटिस सहित उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आयोग ने सेवा में कमी का मामला माना। आयोग के अध्यक्ष संजय कुमार डे और सदस्य दीप्ति श्रीवास्तव ने 29 अक्टूबर 2026 को निर्णय सुनाते हुए परिवाद स्वीकार कर लिया। आदेश के अनुसार, फर्म को 4,98,733 रुपये पर चार मार्च 2025 से निर्णय की तारीख तक सात प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज और 10 हजार रुपये वाद-व्यय देना होगा। निर्धारित दो माह में भुगतान नहीं करने पर निर्णय की तारीख से वास्तविक भुगतान तक समस्त देय धनराशि पर नौ प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी देना होगा।

फोन-पे के जरिए हुई थी धोखाधड़ी, गोपीगंज पुलिस की त्वरित कारखाई से मिली राहत

ज्ञानपुर। साइबर अपराध के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत गोपीगंज थाने की साइबर हेल्पडेस्क ने फोन-पे के माध्यम से हुई धोखाधड़ी के मामले में पीड़ितों के कुल आठ हजार रुपये वापस कराए। खाते में धनराशि वापस मिलने पर पीड़ितों ने भदोही पुलिस की सराहना करते हुए आभार जताया। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गोपीगंज थाना क्षेत्र के बंजारी निवासी विशाल कुमार यादव और जखांव निवासी प्रतीक कुमार तिवारी के साथ फोन-पे के माध्यम से धोखाधड़ी हुई थी। रुपये गंवाने के बाद दोनों पीडित परेशान थे। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए गोपीगंज थाने की साइबर हेल्पडेस्क ने त्वरित कार्रवाई की और कुल आठ हजार रुपये पीड़ितों के खातों में वापस कराने में सफलता हासिल की। रकम वापस मिलने पर पीड़ितों ने पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में कोई एप डाउनलोड न करें और अज्ञात नंबर से भेजे गए लिंक पर क्लिक करने से बचें। वर्क फ्रॉम होम और शेयर ट्रेडिंग से जुड़े प्रस्तावों की पूरी जानकारी सत्यापित करने के बाद ही आगे बढ़ें। किसी अनजान व्यक्ति के खाते में रुपये भेजने से पहले उसकी पहचान और मांग की पुष्टि जरूर करें। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सच्चिदानंद पांडेय, कांस्टेबल सुनील वर्मा और महिला कांस्टेबल रति त्रिवेदी शामिल रहे।

रामलीला में रावण-अंगद संवाद और लंका दहन की लीला ने मोहा मन

ऊंज। क्षेत्र के रमईपुर रामलीला मैदान में बुधवार की रात रावण-अंगद संवाद, सुग्रीव मित्रता और लंका दहन की लीला का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला के दौरान मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। रामलीला की शुरुआत किष्किंधा कांड से हुई। सुग्रीव अपने भाई बाली के भय से ऋष्यमूक पर्वत पर रह रहे थे। हनुमान जी के माध्यम से भगवान श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता हुई। इसके बाद श्रीराम ने बाली का वध कर सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बनाया। आगे राम-रावण युद्ध से पहले अंगद को दूत बनाकर रावण के दरबार में भेजा गया। अंगद ने रावण को माता सीता को सम्मानपूवज्क लौटाने और भगवान श्रीराम की शरण में आने की सलाह दी, लेकिन अहंकार में डूबे रावण ने उनकी बात नहीं मानी। इसके बाद अंगद ने दरबार में अपना पैर जमा दिया और चुनौती दी कि जो इसे हिला देगा, श्रीराम युद्ध में हार स्वीकार कर लेंगे। रावण के दरबार का कोई भी योद्धा उनका पैर नहीं हिला सका। इसके बाद हनुमान जी द्वारा लंका दहन की लीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अन्नपूर्णा सिंह के प्रतिनिधि संजय सिंह ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की आरती उतारकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामलीला कमेटी की ओर से उनका अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार और जीवन मूल्यों की सीख देने का मंच है।

भगवान श्रीराम के आदर्श अपनाकर गांव में एकता और भाईचारा बनाए रखें : संजय सिंह

इससे प्रेरणा लेकर लोगों को आपसी भेदभाव भुलाकर भाईचारा और एकता बनाए रखनी चाहिए। गांव में एकजुटता होगी, तभी समाज तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा। रामलीला कमेटी के प्रबंधक महेंद्र सिंह और राजन प्रधान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर अध्यक्ष अमूल सिंह, विनोद मिश्रा, रामनारायण यादव, होरीलाल यादव, लालजी गौड़, अमित सिंह, धर्मराज गौड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और रामलीला प्रेमी मौजूद रहे।

संतुलित उर्वरक उपयोग और प्राकृतिक खेती अपनाने पर दिया जोर

ज्ञानपुर। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां की ओर से विकासखंड औराई के ग्राम जाठी और विकासखंड भदोही के ग्राम दलापुर में 'खेत बचाओ अभियान' का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, प्राकृतिक खेती और फसलों को रोगों से बचाने के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कुल 240 किसान और महिला कृषक शामिल हुए। कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा विज्ञान विशेषज्ञ ताराचंद बैरवा ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों का संतुलित एवं आवश्यकतानुसार प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने मृदा परीक्षण के लिए सही तरीके से मिट्टी का नमूना लेने, फसल अवशेष प्रबंधन और समन्वित कृषि प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मिट्टी की सेहत बनाए रखना टिकाऊ खेती के लिए जरूरी है। पादप सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. किरणकुमार जीएन ने फसलों में रासायनिक दवाओं का अनावश्यक प्रयोग कम करने और एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने धान में लगने वाले कंडवा रोग समेत अन्य फसली रोगों की पहचान और उनके नियंत्रण के उपाय बताए। साथ ही किसानों को किसान सारथी और एनपीएसएस ऐप के माध्यम से कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के लिए जागरूक किया गया। कृषि विभाग के वरिष्ठ प्राविधिक सहायक राहुल देव रोहित ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया और केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान शिव शंकर पटेल, भूमिहार पटेल, रामधनी पटेल और सुरेंद्र कुमार पटेल सहित 240 किसान एवं महिला कृषक उपस्थित रहे।

शांति भंग में चार गिरफ्तार, ३४३ वाहनों का चालान

ज्ञानपुर। जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चार व्यक्तियों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। वहीं, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 343 वाहनों का चालान किया गया। इनसे 4.69 लाख रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के सरपतहां से उपनिरीक्षक सच्चिदानंद ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गोपीगंज थाना क्षेत्र के चकमंदाता गांव से उपनिरीक्षक गिरीश राय ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। वहीं, भदोही थाना क्षेत्र के गुलौरा नई बाजार से उपनिरीक्षक कमल टावरी ने शांति भंग की आशंका में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। चारों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया।

बादलों ने रोकी चांद की राह, पंडितों से पूछा चंद्रोदय का समय

कांवल। पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। दिनभर निर्जला उपवास करने के बाद शाम को महिलाओं ने विधि-विधान से गौरी-गणेश की पूजा-अर्चना की और पति की लंबी उम्र की कामना की। हालांकि, आसमान में छाए बादलों के कारण चंद्रमा के दर्शन में परेशानी हुई। ऐसे में महिलाओं को चंद्रोदय का समय जानने के लिए क्षेत्रीय पंडितों का सहारा लेना पड़ा। करवा चौथ को लेकर सुबह से ही घरों में उत्साह का माहौल रहा। व्रती महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजन की तैयारियां कीं। शाम होते ही महिलाएं चांद निकलने का इंतजार करने लगीं, लेकिन बादलों के झुंड ने चंद्रमा को ढक रखा था। चंद्रोदय का समय पता चलने और चंद्रमा के दर्शन के बाद महिलाओं ने अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया। कई महिलाओं ने चलनी की ओट से पति का चेहरा देखकर अखंड सुहाग की कामना की। पूजन के दौरान महिलाओं ने भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की पूजा की। पूजा की थाली में धूप, दीप, अक्षत और पुष्प सजाए गए। जल से भरे लोटे पर श्रीफल रखकर कलावा बांधा गया। इसके साथ ही गेहूं आदि से भरे करवे के साथ विधि-विधान से पूजन किया गया। घरों में करवा चौथ की कथा भी सुनी गई। पहली बार व्रत रखने वाली नवविवाहिताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। वहीं, बाजारों में भी चहल-पहल रही। महिलाओं ने श्रृंगार का सामान, पूजन सामग्री और अन्य जरूरी वस्तुओं की खरीदारी की। नगरों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक करवा चौथ का पवज् पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

तेज हवाओं और वज्रपात को लेकर अलर्ट

ज्ञानपुर। जिले में बुधवार से आसमान में बादल छाए हुए हैं। गुरुवार सुबह से ही कई इलाकों में बारिश हो रही है। मौसम में आए बदलाव से जहां ठंड बढ़ने के आसार हैं, वहीं तेज हवाओं, आंधी-तूफान और वज्रपात की आशंका ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। जिलाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि 29 से 30 अक्टूबर के बीच जिले में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका है। हवा के झोंकों की गति इससे अधिक भी हो सकती है। ऐसे में लोगों को मौसम की स्थिति को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

जदयू ने अपने राज्य स्तरीय सम्मेलन की सफलता के लिए झोंकी ताकत

भदोही। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने एक नवंबर को वाराणसी के करौता स्थित रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपनी ताकत झोंक दी है। पार्टी जिलाध्यक्ष सर्वेश राय लगातार जनसंपर्क कर लोगों से सम्मेलन में शामिल करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इस दौरान जदयू जिलाध्यक्ष सर्वेश राय ने बताया कि वाराणसी में आयोजित होने वाला यह राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन पार्टी के लिए काफी अहम है। जिसमें शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में पार्टी से जुड़े लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की सफलता के लिए वे खुद और पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता लगातार लोगों के बीच जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और सम्मेलन में सभी को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। श्री राय गुरुवार को वरिष्ठ कालीन निर्यातक एजाज अंसारी से मुलाकात करने के लिए उनके प्रतिष्ठान में पहुंचे। जहां पर उनके द्वारा कालीन निर्यातक को सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया गया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय झा तथा पार्टी के युवा नेता एवं बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के कैबिनेट मंत्री निशांत कुमार शामिल होंगे। श्री राय ने कहा कि जदयू एनडीए गठबंधन का हिस्सा है और 2027 का यूपी विधानसभा चुनाव पार्टी एनडीए गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेगी। इसी सम्मेलन से यूपी विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया जाएगा।

मेडिकल स्टोर से नशीली दवाओं का जखीरा बरामद, दो गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक ने किया घटना का खुलासा, १,३१८ बोतल कफसिरप, टैबलेट-कैप्सूल जब्त

सिंगरौली। सिंगरौली जिले में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बरगवां पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद कर लिया। मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक सियाज के.एम. ने पुलिस अधीक्षक सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1,318 बोतल कोडीनयुक्त कफसिरप, 52,560 टैबलेट-कैप्सूल, एक बोलेरो और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस अब इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और दवाओं की सप्लाई चेन की पड़ताल कर रही है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे 15 दिवसीय विशेष एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत के निर्देशन, रीवा रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक हेमंत चौहान के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक सियाज के.एम. के नेतृत्व में जिले में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान बरगवां पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में कोडीनयुक्त कफ सिरप और नशीली दवाओं का अवैध भंडारण एवं बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कसर के सामने स्थित स्टार मेडिकल स्टोर के पास कार्रवाई करते हुए सुकसेन बैस पुत्र रुद्र प्रसाद बैस निवासी ग्राम सेमुआर थाना बरगवां को पकड़ा। उसके पास मोटरसाइकिल पर रखी दो पेटियों से कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सिरप की 238 शीशियां बरामद हुईं। इनकी अनुमानित कीमत 45,458 रुपये बताई गई है। वहीं परिवहन में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई।

सीमेंट गोदाम में मिला दवाओं का बड़ा स्टाक

प्रारंभिक पूछताछ और जांच में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने स्टार मेडिकल स्टोर के संचालक नीतीश कुमार बैस पिता शारदा प्रसाद बैस उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सेमुआर, से पूछताछ की। इसके बाद गांव में ईट प्लांट में बने सीमेंट गोदाम में दबिश दी गई। यहां से कोडीनयुक्त कफसिरप की 1,080 शीशियां बरामद हुईं। पुलिस ने गोदाम से 10,080 कैप्सूल, 17,280 कैप्सूल और 25,200 टैबलेट भी जब्त कीं।

स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही पर सीडीओ ने जतायी नाराजगी

अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोकने का निर्देश

सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष जागृति अवस्थी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही कार्यों में लापरवाही और कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर सीडीओ ने कड़ा रुख अपनाया। समीक्षा के दौरान सभी ब्लॉकों को संस्थागत प्रसव के सापेक्ष जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) के कम से कम 90 प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का भुगतान आगामी बैठक से पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) पंजीकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर चतरा, चोपन, दुद्धी और घोरावल के संबंधित अधीक्षकों एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों को चेतावनी देते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 90 प्रतिशत से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। ब्लॉक स्तर पर तैनात वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सहायकों तथा लेखा लिपिकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने और उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में बच्चों की कम भर्ती पर चिंता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की प्रत्येक टीम को प्रति सप्ताह कम से कम एक अति कुपोषित (सैम) बच्चे को भर्ती कराने का लक्ष्य दिया गया। आगामी माह में किसी टीम द्वारा एक भी बच्चे को भर्ती नहीं कराने पर संबंधित टीम का मानदेय रोकने तथा वाहन को जिला मुख्यालय से संबद्ध करने की चेतावनी दी गई। सीडीओ ने जनपद में होने वाली प्रत्येक मातृ एवं शिशु मृत्यु का अनिवार्य ऑडिट कराकर रिपोर्ट जिला स्वास्थ्य समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मृत्यु के आंकड़ों को छिपाने अथवा सूचना देने में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी ब्लॉकों में कॉल सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए गए। इनके माध्यम से सातवें, आठवें और नौवें माह की गर्भवती महिलाओं को फोन कर पोषण, प्रसव पूर्व जांच और संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूक किया जाएगा। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं से नियमित संपर्क कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। महिला एवं पुरुष नसबंदी कार्यक्रमों में तेजी लाने तथा अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। आगामी पल्स पोलियो अभियान के संबंध में सभी ब्लॉकों को पांच नवंबर 2026 तक बैठक कर अंतिम कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को कम से कम एक-एक क्षय रोगी को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, जन्म-मृत्यु पंजीकरण में नवजात बच्चियों एवं महिलाओं के पंजीकरण को प्राथमिकता देने तथा स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आभा आईडी बनवाने पर जोर दिया गया। सीडीओ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधीक्षक एमसीएच विंग, अपर एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी, वित्त एवं लेखा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सभी ब्लॉकों के प्रभारी चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय की छात्राएं गुजरात रवाना

सोनभद्र। 31 अक्टूबर को गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस परेड कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय राबर्ट्सगंज की चार छात्रायें गुरूवार को गुजरात के लिए रवाना हो गई। गुजरात में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश के तीन पूर्व नक्सल प्रभावित जनपदों मिर्जापुर, सोनभद्र और चंदौली से 150 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। इसके अंतर्गत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय राबर्ट्सगंज की छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है विद्यालय की छात्राओं में नीलम कुमारी, साक्षी सोनी, हर्षिता मौर्य और आकृति को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के लिए चुना गया है.। इन सभी छात्राओं के साथ शिक्षिका हेमलता मिश्रा स्क्रॉड के रूप में मुख्य रूप से शामिल हैं। जो इस दल का नेतृत्व और मार्गदर्शन कर रही हैं। वाराणसी में आयोजित विदाई समारोह के दौरान इन सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।



गुरमा में तीन दिन से पेयजलापूर्ति ठप

पाइप फिटिंग होते ही पेयजल आपूर्ति हो जायेगी शुरू

मारकुंडी(सोनभद्र)। चुर्क-गुरमा नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति बाधित होने से नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार से पानी की आपूर्ति ठप रहने के कारण लोगों के सामने पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं, बेमौसम बारिश के चलते पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। बिजली और पानी की समस्या के बीच रात में अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल फोन चार्ज नहीं हो पाने के कारण संचार व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। लगातार बनी इस समस्या से नगरवासियों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द जलापूर्ति बहाल करने और विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। वाटर सप्लाई पंप ऑपरेटर संजय गोस्वामी ने बताया कि समरसेबल की मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है। पाइप फिटिंग में अभी समय लगेगा। शनिवार सुबह से जलापूर्ति चालू करने का प्रयास किया जाएगा।

बारिश के कारण दो ट्रकों में भिंड़त

चालक केबिन में फंसा, मुर्धवा-हाथीनाला मार्ग पर हुआ हादसा

रेणुकूट(सोनभद्र)। मुर्धवा-हाथीनाला मार्ग पर गुरुवार की शाम बारिश के दौरान दो ट्रकों की आमने-सामने भिंड़त हो गई। हादसे में एक ट्रक का चालक केबिन में फंस गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। उधर से गुजर रहे लोगों ने काफी मशक्कत के बाद चालक को ट्रक से बाहर निकाला और उपचार के लिए हिंडाल्को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की शाम बारिश के बीच मुर्धवा-हाथीनाला मार्ग पर दो ट्रक गुजर रहे थे। इसी दौरान दोनों वाहनों में भिंड़त हो गई कि एक ट्रक का चालक केबिन में फंस गया और वह बाहर नहीं निकल पा रहा था। मौके से गुजर रहे लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बारिश के कारण सड़क पर फिसलन के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। इस संबंध में चौकी प्रभारी रेणुकूट नवनीत चौरसिया ने बताया कि रात में सड़क पर आपस में वाहनों के टकराने की जानकारी हुई है। वैसे दोनों पक्ष चौकी पर आये हुए थे और वे दोनों लोग आपस मे सुलह समझौता कर लिए है। इस मामले में पुलिस द्वारा कोई भी मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ है।

ट्रक ने चार वाहनों को मारी टक्कर

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी थाना क्षेत्र के शिवा पार्क में बुधवार की रात में ढाल पर उतरते समय एक ट्रक अनियंत्रित हो गया। इस दौरान ट्रक ने सड़क किनारे खड़े चार वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे वाहनों को नुकसान पहुंचा। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। इस संबंध में चौकी प्रभारी रेणुकूट नवनीत चौरसिया ने बताया कि रात में सड़क पर आपस में वाहनों के टकराने की जानकारी हुई है। वैसे दोनों पक्ष चौकी पर आये हुए थे और वे दोनों लोग आपस मे सुलह समझौता कर लिए है। इस मामले में पुलिस द्वारा कोई भी मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ है।

मारकुंडी घाटी से टोल प्लाजा तक लगा भीषण जाम

खनन विभाग की दोहरी नीति का खामियाजा भुगत रही जनता, राहत दिलाये जाने के लिए उठाये जाय ठोस कदम

मारकुंडी(सोनभद्र)। वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य राजमार्ग पर मारकुंडी घाटी से इंको प्वाइंट टोल प्लाजा तक भारी वाहनों की लंबी कतारें आमजन के लिए मुसीबत बन गई हैं। मध्यरात्रि से लगने वाले जाम के चलते छोटे वाहन, रोडवेज बसें, निजी बसें सहित एंबुलेंस के आवागमन में भी गंभीर परेशानी उत्पन्न हो रही है। आए दिन लगने वाले जाम से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में ठोस पहल होती नजर नहीं आ रही है। नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर वाहन स्वामियों ने आरोप लगाया कि खनन विभाग के संबंधित अधिकारी ओवरलोडिंग की जांच के नाम पर वाहनों का चालान कर रहे हैं, जबकि क्रेशर प्लांटों और बालू खदानों पर लोडिंग का निर्धारित मानक तय करने की मांग लंबे समय से अनसुनी की जा रही है। वाहन स्वामियों का कहना है कि जब लोडिंग की सीमा स्पष्ट रूप से निर्धारित नहीं है, तो ओवरलोडिंग के नाम पर कार्रवाई और चालान का पूरा दबाव वाहन मालिकों पर क्यों डाला जा रहा है? उनका आरोप है कि खनन विभाग की इस कथित दोहरी नीति से वाहन स्वामी परेशान हैं। एक तरफ ओवरलोडिंग के नाम पर कार्रवाई का भय बना रहता है, तो दूसरी तरफ लोडिंग के स्पष्ट मानक के अभाव में विवाद और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती है। इसका खामियाजा अंततः सड़क पर सफर करने वाले आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। भारी वाहनों की कतारों से राजमार्ग पर आवागमन प्रभावित होने के कारण यात्रियों का समय बर्बाद हो रहा है और जरूरी कार्यों से निकलने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। सबसे गंभीर स्थिति तब बनती है, जब जाम के बीच एंबुलेंस जैसे आपातकालीन वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। ऐसे में संबंधित विभाग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। वाहन स्वामियों ने मांग की है कि क्रेशर प्लांटों और बालू खदानों पर लोडिंग की स्पष्ट सीमा निर्धारित की जाए तथा नियमों का समान रूप से पालन कराया जाए। अब सवाल यह है कि खनन विभाग केवल सड़क पर वाहनों की जांच और चालान तक अपनी कार्रवाई सीमित रखेगा या लोडिंग के मानकों को निर्धारित कर समस्या की जड़ पर भी कार्रवाई करेगा? संबंधित अधिकारियों को मामले का संज्ञान लेकर जाम की समस्या दूर करने, निष्पक्ष जांच व्यवस्था लागू करने और आम जनता को राहत दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

लोगों को दिलायी भ्रष्टाचार मिटाने की शपथ

सत्यनिष्ठा से समृद्धि की थीम पर मनाया जा रहा सतर्कता जागरूकता सप्ताह

शक्तिनगर(सोनभद्र)। भारत सरकार के उपक्रम पावरग्रिड के शक्तिनगर ट्रांसमिशन लाइन कार्यालय के तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली पावरग्रिड कार्यालय से ज्वालामुखी रोड तक आयोजित की गई। इस दौरान नगरवासियों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करते हुए इसे मिटाने तथा अपने कार्यों में सत्यनिष्ठा और ईमानदारी अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान पावरग्रिड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्थानीय नागरिकों और कांट्रेक्टरों के साथ जागरूकता वार्ता भी की। वार्ता के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाने, पारदर्शिता को बढ़ावा देने और दैनिक जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर पावरग्रिड के उप महाप्रबंधक एके शुक्ला, मुख्य प्रबंधक जितेंद्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता राहुल, अमित, एकराम, अशोक, उत्तम समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार के अंतर्गत सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि रखी गई है। इसके माध्यम से समाज में ईमानदारी, जवाबदेही और पारदर्शिता को मजबूत करने तथा भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण के लिए जनभागीदारी बढ़ाने का संदेश दिया जा रहा है।



बालू खनन क्षेत्र में हाईवा ट्रक सोन नदी में पलटी

ओबरा(सोनभद्र)। ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम भगवा में रुद्रा माइनिंग बालू खनन पट्टे पर बुधवार की देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। बालू खनन क्षेत्र में एक हाईवा ट्रक अनियंत्रित होकर सोन नदी में पलट गया। घटना के बाद खनन क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम भगवा में रुद्रा माइनिंग एंड कंपनी के नाम से आवंटित खनन पट्टे में बुधवार की देर रात एक अस्थायी और अनियमित सड़क पर से गुजर रहा भारी-भरकम हाईवा ट्रक अनियंत्रित होकर गहरे पानी में पलट गया। घटना इतनी भयानक थी कि ट्रक पूरी तरह डूब गया और उनके टायर ऊपर की ओर आ गए। हादसे में चालक व खलासी के घायल होने की सूचना प्राप्त हो रही है। दुर्घटना के कारणों और घायल चालक व खलासी के उपचार के संबंध में अभी आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर हाईवा ट्रक अनियंत्रित होकर सोन नदी में कैसे पलटा? हादसे के पीछे की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। एसएचओ का मोबाइल बंद, सीओ ओबरा ने कहा घटना के इस संबंध में जुगैल एसएचओ के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका मोबाइल बंद मिला। सीओ ओबरा प्रभात राय से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पता कराया जा रहा है।



आईपीएस एएसपी मोविस टाक पर की गयी आपत्ति जनक टिप्पणी की जांच में जुटी पुलिस

सोनभद्र। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के न्यायालय कक्ष संख्या 49 में हुई कार्यवाही के संदर्भ में कुछ सोशल मीडिया हैंडल्स द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सुश्री मेविस टाक का चित्र साझा करते हुए भ्रामक एवं तथ्यहीन पोस्ट प्रसारित की गई हैं। उक्त पोस्टों पर की गई कुछ टिप्पणियों में संबंधित अधिकारी के प्रति अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का भी प्रयोग किया गया है। इस संबंध में तथ्यात्मक स्थिति यह है कि उक्त तिथि को संबंधित प्रकरण में पुलिस अधीक्षक की व्यक्तिगत उपस्थिति निर्धारित थी। अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति नहीं हो सकी। अपर पुलिस अधीक्षक सुश्री मेविस टाक का उक्त प्रकरण से कोई संबंध नहीं है। अतः उन्हें उक्त न्यायालयीन कार्यवाही से जोड़कर प्रस्तुत करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट तथ्यात्मक रूप से गलत एवं भ्रामक हैं। ऐसी सामग्री का प्रसार संबंधित व्यक्ति की प्रतिष्ठा को प्रभावित करने के साथ-साथ भ्रामक सूचना के प्रसार को भी बढ़ावा देता है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए संबंधित सोशल मीडिया पोस्टों एवं टिप्पणियों की जाँच की जा रही है। संबंधित हैंडल्स एवं उपयोगकर्ताओं की पहचान तथा उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों का परीक्षण किया जा रहा है। जाँच में प्राप्त तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर उत्तरदायी व्यक्तियों के विरुद्ध प्रचलित विधिक प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

शिविर में ८३ मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण

रेणुकूट(सोनभद्र)। औद्योगिक क्षेत्र रेणुकूट में चाचा कालोनी के सामने स्थित कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय पिपरी में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 83 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान नौ मरीजों में मोतियाबिंद, तीन मरीजों में ग्लूकोमा तथा दो मरीजों में डायबिटिक रेटिनोपैथी के लक्षण पाए गए। अन्य मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया तथा दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। शिविर के उद्घाटन सत्र में चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डा.. आशुतोष दत्त त्रिपाठी ने बीमांकित मरीजों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने आंखों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित नेत्र परीक्षण कराने, आंखों की साफ-सफाई रखने तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने नेत्रदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों को अपने जीवनकाल में नेत्रदान का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नेत्रदान के माध्यम से मृत्यु के बाद भी किसी दृष्टिहीन व्यक्ति के जीवन में रोशनी लाई जा सकती है। नेत्रदान से जरूरतमंद व्यक्ति को नई दृष्टि मिलने की संभावना रहती है, इसलिए लोगों को इसके प्रति जागरूक होना चाहिए। शिविर का उद्देश्य मरीजों को समय पर नेत्र संबंधी बीमारियों की पहचान, उचित परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना तथा नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

बेमौसम बारिश से किसान चिंतित

शाहगंज(सोनभद्र)। बुधवार रात से रुक-रुककर बारिश हो रही है और हवा के झोंकों से तापमान गिरा है जिससे ठंडक भी बढ़ गई है। किसानों को अर्नब तूफान से फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ने की चिंता लगातार सता रही है। खेतों में धान की फसल लहलहा रही है और कटाई के लिए तैयार है किसान प्रकृति के बेमौसम बारिश व हवा के थपेड़ो से चिंतित हैं। टमाटर, बैंगन, मिर्च और गोभी समेत सब्जियों की फसल भी खेतों में लगी है और बेमौसम बारिश से किसान महेंद्र, लालबहादुर, अनील, भोला, प्रदीप, बृजेश और नंदू ने बताया कि धान की फसल पककर तैयार है। खेत अभी सूख रहे थे। धान कटने के बाद रबी फसल की बुआई होनी थी। किसानों का कहना है कि धान की कटाई से पहले अर्नब तूफान की दस्तक से खरीफ फसल के साथ रबी की बुआई पर भी असर पड़ सकता है।

ओबरा पीजी कॉलेज में प्रतिभागियों ने दिखायी रचनात्मक प्रतिभा

ओबरा(सोनभद्र)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सांस्कृतिक क्लब द्वारा पोस्टर, पेंटिंग एवं हस्तकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन सांस्कृतिक क्लब की संयोजक डॉ. विभा पाण्डेय के निर्देशन में किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी कलात्मक अभिरुचि, कल्पनाशीलता और सृजनात्मक सोच का परिचय दिया। पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों और चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया, वहीं हस्तकला प्रतियोगिता में अपनी कलात्मक दक्षता एवंहस्तकौशल का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों ने कला के प्रति उनकी रुचि और प्रतिभा को उजागर किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सह-संयोजक डॉ. प्रेम सुंदरी एवं डॉ. वैशाली का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता में प्रस्तुत कलाकृतियों का मूल्यांकन निर्णायकमंडल की सदस्य डॉ. अंजलि द्वारा किया गया। हस्त कला प्रतियोगिता में प्रियल पाण्डेय एम कॉम तृतीय सेमेस्टर प्रथम, प्रीति कुमारी एम कॉम तृतीय सेमेस्टर द्वितीय एवं अंजली गौतम बी ए तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और पोस्टर/पेंटिंग प्रतियोगिता मे वैभवी तिवारी बीकॉम प्रथम सेमेस्टर प्रथम, श्रेया बीए तृतीय सेमेस्टर द्वितीय एवं अंजली कुमारी एम कॉम तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर भारतीय कला एवं संस्कृति के प्रति विद्यार्थियों में रुचि विकसित करने, उनकी सृजनात्मक क्षमता को निखारने और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

सीआईएसएफमें बड़ा बदलाव, एक नवंबर से लागू होगी नयी व्यवस्था

महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए सेक्टर आधारित निगरानी व्यवस्था होगी मजबूत

रेणुकूट(सोनभद्र)। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने देश के महत्वपूर्ण औद्योगिक एवं रणनीतिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए अपने प्रशासनिक और परिचालन ढांचे में बड़े बदलाव की घोषणा की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सहमति से स्वीकृत पुनर्गठन की नई व्यवस्था एक नवंबर 2026 से लागू होगी। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों की सुरक्षा जरूरतों के अनुरूप विशेषज्ञता बढ़ाना, निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाना और सुरक्षा कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित करना है। सीआईएसएफमुख्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि अब तक बल के प्रशासनिक और परिचालन कार्यों की निगरानी मुख्य रूप से क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र के आधार पर होती थी। नई व्यवस्था में विभिन्न क्षेत्रीय सेक्टरों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार विशेष सेक्टरों में पुनर्गठित किया गया है। इसमें बिजली, कोयला, इस्पात, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, बंदरगाह, सरकारी भवन, संग्रहालय, स्मारक और जन परिवहन प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। पुनर्गठन के तहत नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सेक्टर को सरकारी भवन, संग्रहालय, स्मारक एवं जन तीव्र परिवहन प्रणाली सेक्टर बनाया गया है। नई दिल्ली और कोलकाता के सेक्टरों को क्रमशः पावर-1 और पावर-2 सेक्टर के रूप में पुनर्गठित किया गया है। रांची सेक्टर को कोयला, भिलाई सेक्टर को इस्पात तथा गुवाहाटी सेक्टर को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सेक्टर में परिवर्तित किया गया है। वहीं, मुंबई और चेन्नई सेक्टरों को क्रमशः पश्चिमी तट बंदरगाह और पूर्वी तट बंदरगाह सेक्टर बनाया गया है। नई व्यवस्था से सुरक्षा प्रक्रियाओं में एकरूपता, विशेष प्रशिक्षण, विशेषज्ञ कर्मियों के बेहतर उपयोग और संबंधित मंत्रालयों व प्रतिष्ठानों के साथ समन्वय को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा, ड्रोन और ड्रोनरोधी क्षमताओं को भी मजबूत किया जाएगा। सीआईएसएफ के अनुसार, बदलती सुरक्षा चुनौतियों के बीच यह पुनर्गठन देश की महत्वपूर्ण औद्योगिक एवं रणनीतिक संपत्तियों की सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम है।



पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में पत्रकार की मौत


बेटी के मां बनने की जानकारी पर मिलने जा रहे थे पवई से लखनऊ

कलान, आजमगढ़। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार तड़के हुए सड़क हादसे में जिले के पत्रकार 55

दुःखद

झपकी आने पर बाईं ओर किनारे कार रोककर करने लगे थे आराम

वर्षीय रघुवंश मणि त्रिपाठी की मौत हो गई। वह पवई थाना क्षेत्र के चकिया गांव के निवासी थे। हादसा लखनऊ जाने वाले मार्ग पर सुल्तानपुर जिले के बंदीराय थाना क्षेत्र के 89.6वें किलोमीटर के पास सुबह करीब चार बजे हुआ। बताया जा रहा है कि किसी बड़े वाहन ने उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।



जानकारी के अनुसार रघुवंश मणि त्रिपाठी की पुत्री ने बच्चे को जन्म दिया था। उनकी पुत्री लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद वह उससे मिलने के लिए गुरुवार तड़के करीब दो बजे घर से अकेले कार लेकर लखनऊ के लिए निकले थे। करीब 100 किलोमीटर तक कार चलाने के बाद सुल्तानपुर जिले के बंदी राय थाना क्षेत्र के हलियापुर के पास नींद आने के कारण उन्होंने कार किनारे खड़ी कर आराम करने का निर्णय लिया। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर एक्सप्रेसवे की एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची। उन्हें बचा लेने की उम्मीद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अयोध्या भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। रघुवंश मणि त्रिपाठी के एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

रैदोपुर में ग्रामीण पत्रकार असोसियेशन ने शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

रघुवंश मणि त्रिपाठी के असामयिक मौत की खबर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला इकाई में शोक की लहर दौड़ी। रैदोपुर स्थित कार्यालय पर शोकसभा कर हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय ने बताया कि लंबे समय से एसोसिएशन के पदाधिकारी रहे रघुवंश मणि त्रिपाठी के की मौत संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक व्यक्त करने वालों में एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रभात कुमार सिंह, संतोष यादव, चंद्रिका प्रताप यादव, प्रदीप कुमार वर्मा, कृष्ण मोहन उपाध्याय, शमशाद अहमद, मनोज सिंह, देवेंद्र मिश्रा, दिनेश त्रिपाठी, वीरेंद्र सिंह, ओंकार मिश्र, नायब यादव, चन्द्रभान भास्कर, हिमांशु वर्मा, संतोष कुमार उपाध्याय, सिद्धेश्वर पांडेय आदि शामिल थे।

एक साथ गिरे बैरियर और चेकिंग को उतरी खाकी



आजमगढ़। पुलिस महानिदेशक के आदेश एवं अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को आधी रात पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं थाना सिधारी क्षेत्रान्तर्गत नरौली तिराहे सहित विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान होटल, ढाबों, लॉज, प्रमुख चौराहों एवं रोडवेज बस स्टैंड पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहनता से जांच की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक एवं क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत पहाड़पुर, हाफिजपुर, रोडवेज सहित विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव एवं क्षेत्राधिकारी फूलपुर भूपेश कुमार पाण्डेय द्वारा थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत शंकर तिराहे तथा थाना सरायमीर क्षेत्रान्तर्गत खरेवा मोड़ सहित विभिन्न स्थानों पर सघन जांच की गई। सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सदर ईश्वर लाल गुर्जर द्वारा थाना मुबारकपुर क्षेत्रान्तर्गत सठियांव चौक के पास चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। क्षेत्राधिकारी लालगंज आस्था जायसवाल द्वारा सर्किल लालगंज के थाना मेंहनगर क्षेत्रान्तर्गत देवइत पुल सहित विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई। क्षेत्राधिकारी सगड़ी देशराज सिंह द्वारा सर्किल सगड़ी के थाना जीयनपुर सहित अन्य थाना क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर सघन जांच की गई।

आलू-सरसों और दलहन की फसल प्रभावित होने की बढ़ी आशंका

फूलपुर, आजमगढ़। धान की फसल पककर तैयार होने के करीब है।

बारिश और तूफान की आशंका से किसानों की बढ़ी चिंता

इसी बीच बारिश और तूफान की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में खड़ी धान की अच्छी फसल को लेकर किसान चिंतित हैं। उन्हें डर है कि यदि तेज बारिश के साथ तूफान आया तो धान की फसल खेतों में गिर सकती है, जिससे पैदावार प्रभावित होने के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। मौसम खराब होने की आशंका को देखते हुए क्षेत्र के छोटे-बड़े किसानों ने आलू, सरसों, चना और मटर की बुवाई भी फिलहाल रोक दी है। किसानों का कहना है कि बारिश थमने और मौसम सामान्य होने के बाद ही आगे की बुवाई की जाएगी। इससे रबी की फसलों की खेती में देरी होने की आशंका है। वहीं, जिन किसानों ने नवरात्र और दशहरे से पहले चना, मटर और सरसों की बुवाई कर दी थी, उन्हें उम्मीद है कि सामान्य बारिश से फसलों को अधिक नुकसान नहीं होगा। हालांकि, तेज बारिश होने पर इन फसलों पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। किसानों की सबसे बड़ी चिंता खेतों में खड़ी धान की फसल को लेकर है। तेज हवा और बारिश से फसल गिरने पर दाने की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा धान की कटाई में देरी होने से गेहूं की बुवाई भी पिछड़ सकती है, जिसका असर आगामी फसल की पैदावार पर पड़ने की आशंका है।

उत्साह अपार, चंद्र दर्शन के बाद चलनी से किया पति का दीदार

आजमगढ़। दीपक मेरे सुहाग का हर पल जलता रहे, चांद बनकर आसमां से यूं ही निकलता रहे। इसी

सुहाग की अमरता के लिए की गयी शिव-पार्वती संग गणेश की पूजा-अर्चना

कामना के साथ गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा और शिव-पार्वती संग विघ्न विनाशक गणेश की पूजा कर अपने सुहाग को अमरता प्रदान करने का आशीर्वाद मांगा। उसके बाद उदय होने पर चंद्र का दर्शन और अर्घ्यदान कर दांपत्य जीवन में शांति व शीतलता बनाए रखने की प्रार्थना की। चलनी में दीपक रखकर पति का दीदार और उनके हाथ से जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया। व्रत पर्व को लेकर महिलाओं में एक दिन



पहले से ही उत्साह रहा। किसी ने खुद से मेहंदी रचाई तो किसी ने ब्यूटी पार्लर का सहारा लिया। तैयारी को लेकर बाजारों में सुबह से ही महिलाएं खरीदारी करती दिखीं।

गुरुवार को दोपहर होने के साथ महिलाएं पूजा में उपयोग किए जाने वाले पकवान बनाने की तैयारी में जुट गईं और उसके बाद सोलहो श्रृंगार किया। शाम को करवा में कुश लगाकर और व्यंजन रखकर पूजा की गई। इसमें कहीं शिव-पार्वती तो कहीं साथ में गणेश जी की भी आराधना की गई। इस साल राहत की बात यह रही कि सुबह से ही मौसम सुहाना और रुक-रुककर हल्की बारिश होने के कारण प्यास लगने जैसी समस्या का सामना व्रती महिलाओं को नहीं करना पड़ा।

दीवारें हुईं पक्की तो बिकने लगी तस्वीर

आजमगढ़। ज्यादा नहीं, तब भी चार दशक पहले तक करवा चौथ पर एक समय था जब पूजा स्थान की दीवार पर चावल के घोल या गेरू से पेड़ और उसके ऊपर चंद्रमा के साथ घर में महिला-पुरुष की आकृतियां बनाई जाती थीं, लेकिन समय के साथ वह बदल गया और दीवारें पक्की होने के साथ अब टाइल्स भी लगने लगे। इस स्थिति में बाजार में आकृतियों की तस्वीर ने अपनी जगह बना ली। आज हालत यह कि इस पर्व पर तस्वीर दस रुपये से लेकर सौ रुपये तक बिकती है और महिलाएं उसे ही रखकर पूजा करती हैं।

विद्यालय की छत से गिरकर परिचारक की मौत

लालगंज, आजमगढ़। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लहुआ कला स्थित एसबी इंटर कॉलेज में गुरुवार को विद्यालय की छत से गिरकर परिचारक की मौत हो गई। हादसे के समय वह छत पर साफ-सफाई करने गए थे। घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई।जौनपुर जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के प्रेमराजपुर शेरवा निवासी 45 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार सिंह कॉलेज में लगभग 15 वर्षों से परिचारक के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को दिन में लगभग 11 बजे वह विद्यालय की छत पर साफ-सफाई करने गए थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नीचे सड़क पर बने गेट के पास गिर पड़े। सिर में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गए।आसपास के लोगों की मदद से उन्हें संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय लालगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के 17 वर्षीय पुत्र प्रयत्न कुमार सिंह व 15 वर्षीय पुत्र अंश सिंह हैं। घटना की सूचना मिलते ही पत्नी ज्योति सिंह और मां चमेली देवी का रो-रोकर बुरा हाल था।

डांडिया उत्सव का महिलाओं ने लिया आनंद

आजमगढ़। श्री बरनवाल महिला समिति की ओर से महिलाओं के बीच आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रैदोपुर स्थित एक होटल में छठवां डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। शुभारंभ देवी मां के चित्र के समक्ष दीप जलाकर व गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई। जिसमें महिलाओं और बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। इस दौरान कई ग्रुप और सिंगल प्रस्तुतियां भी हुईं और मनमोहक भजन भी प्रस्तुत किए गए। अध्यक्षता कर रहीं पूनम बरनवाल ने बताया कि इस प्रकार के सामाजिक आयोजनों का मुख्य उद्देश्य समाज की महिलाओं और सखी-सहेलियों को एक मंच पर जोड़ना, उनके बीच मेल-मिलाप बढ़ाना और समाज से बुराइयों को दूर करना है। कई सारे ग्रुप गेम्स और गरबा-डांडिया का आयोजन हुआ। इस दौरान सुमन बरनवाल, सारिका बरनवाल, प्रियवंदितता, प्रतिमा, पूनम बरनवाल, अंजू बरनवाल, सुनीति बरनवाल, रागिनी बरनवाल, नीलम बरनवाल, प्रिया बरनवाल, स्वाति बरनवाल, डा. नेहा आदि मौजूद रहीं।

नारी तू नारायणी थीम पर होगा वार्षिकोत्सव

लालगंज, आजमगढ़। रियो वर्ल्ड एकेडमी मनौवा खनियरा में आगामी 2 नवंबर दिन सोमवार को विद्यालय का सत्र 2026-27 का वार्षिकोत्सव नारी तू नारायणी की थीम पर मनाया जाएगा। शुभारंभ सायं 5 बजे से होगा। प्रधानाचार्या डाक्टर अपर्णा सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव को बेहद सार्थक, गुणवत्तापूर्ण और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाया जा रहा है। आयोजन हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा और सनातन परंपरा के मूल्यों से ओत-प्रोत होगा। मनोरंजक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण बनेंगी। छात्र-छात्राओं द्वारा कला, साहित्य और मनमोहक नृत्य-नाटिकाओं की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

शिव नगर पत्रकारपुरम मार्ग पर कीचड़ से लोग परेशान

बिलरियागंज, आजमगढ़। नगर पालिका परिषद के शिव नगर पत्रकारपुरम वार्ड में सड़क पर कीचड़ और जलभराव की समस्या से स्थानीय नागरिकों सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग की हालत इतनी खराब है कि लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। बताया जाता है कि नगर पालिका की ओर से पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण कराया गया, लेकिन नाली का काम अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण घरों का पानी सड़क पर बह रहा है। इससे मार्ग पर लगातार कीचड़ जमा रहता है और आवागमन बाधित हो रहा है। मार्ग से आने-जाने वाले लोगों ने समाजसेवी अभिषेक सिंह राठौर को समस्या से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर कीचड़युक्त मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला से कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन व्यस्त होने के कारण बात नहीं हो सकी।

शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

अतरौलिया, आजमगढ़। नगर पंचायत में तीन दिवसीय दुर्गा पूजा मेले के समापन के बाद बुधवार शाम को सभी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। नगर क्षेत्र में लगभग 29 स्थानों पर स्थापित छोटी-बड़ी प्रतिमाओं को श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ निर्धारित घाटों पर पहुंचकर विसर्जित किया। विसर्जन सकुशल संपन्न होने के बाद पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। विसर्जन के दौरान पूरा नगर भक्तिमय माहौल में नजर आया। डीजे की धुन पर थिरकते श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते हुए मां दुर्गा की प्रतिमाओं के साथ आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मां दुर्गा को विदाई देते समय भक्तों ने अगले वर्ष फिर से आगमन की कामना की और माता रानी से सुख-समृद्धि तथा खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। देर रात तक विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी गई और सभी प्रतिमाओं को निर्धारित स्थलों पर सकुशल विसर्जित कराया गया।

कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्रीराम चरित मानस महायज्ञ

सगड़ी, आजमगढ़। तहसील क्षेत्र के कादीपुर रजादेपुर मठ पर नौ दिवसीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ

सात नवंबर तक रासलीला और प्रवचन का भी किया जाएगा आयोजन

का आयोजन 29 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक किया जा रहा है। इसके लिए हाथी, घोड़ा, गाजा- बाजा के साथ गुरुवार को 551 कन्याओं, महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा के पूर्व आचार्य ओमकार नाथ त्रिपाठी द्वारा विधि विधान पूर्वक मण्डप एवं कलश की पूजा अर्चना कराया गया। कलश यात्रा जमीन हरखोरी गांव के लड़िया गांव के पोखरे से जल भरकर यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां आचार्य ने



मंत्रोचार द्वारा मण्डप में कलश स्थापित कराया। इस दौरान जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। आयोजक मठाधीश्वर शिवसागर भारती ने बताया कि नौ दिन तक श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। वृंदावन की प्रसिद्ध रासलीला कलाकारों द्वारा रात्रि आठ बजे से एक बजे रात्रि तक प्रस्तुत की जाएगी एवं अयोध्या धाम के संत सर्वेश महाराज द्वारा शाम चार बजे से रात्रि आठ बजे तक प्रस्तुत किया जाएगा। छह नवम्बर को यज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी एवं 7 नवम्बर को भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

एसपी से मिलकर मीना राय ने लगाया पुलिस पर मिलीभगत का आरोप

आजमगढ़। आजाद अधिकार सेना की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव मीना राय ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। रानी की सराय थाना क्षेत्र के ग्राम सेठवल निवासिनी मीना राय ने गांव के कुछ दबंगों पर घर के बाहर तोड़फोड़ करने, निजी भूमि पर निर्माण में बाधा डालने और स्थानीय पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि गांव के कुछ मनबढ़ किस्म के लोगों ने उनके घर के दरवाजे पर जमकर नुकसान पहुंचाया। दबंगों ने जबरन उनके घर के पास तीन ट्रॉली बालू फिकवा दी, पानी का पाइप तोड़ दिया और नाले की पटिया हटाकर उसे जबरन जाम कर दिया। इसके अलावा, घर के बाहर लगाए गए पेड़-पौधों और ईंटों को भी नुकसान पहुंचाया गया है तथा उनकी निजी भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य में लगातार बाधा डाली जा रही है।

मीना राय का आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में रानी की सराय थाने में कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन स्थानीय पुलिस और संबंधित दरोगा द्वारा कथित तौर पर एकतरफा व अनुचित रवैया अपनाया गया। आरोप है कि पुलिस की इसी कार्यशैली और मिलीभगत के कारण दबंगों के हौसले बुलंद हैं और थाने स्तर पर कोई सुनवाई न होने के कारण उन्हें दर-दर भटकना पड़ा। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के समक्ष वीडियो और पुख्ता साक्ष्यों के साथ पूरे मामले की जानकारी दी और मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई।

दबंगों ने युवक को पीटा

फूलपुर, आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के भेड़िया बाजार में गुरुवार की सुबह दुकान खोल रहे एक युवक को कथित तौर पर दबंगों ने दुकान से खींचकर पीट दिया। घटना से आहत युवक ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस से मदद मांगी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी जयप्रकाश मौर्य ने अपनी सवा बिस्वा भूमि सरावां निवासी नरेंद्र मौर्य के नाम रजिस्ट्री की थी। इस रजिस्ट्री के दस्तावेज पर श्रीनिवास मौर्य ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए थे। बताया जाता है कि निर्धारित समय पर भूमि वापस नहीं होने से नाराज जयप्रकाश मौर्य और उनके पुत्रों ने श्रीनिवास मौर्य को जिम्मेदार मानते हुए गुरुवार की सुबह उनके पुत्र अनूप मौर्य के साथ भेड़िया बाजार में मारपीट की।

ट्रेन से कटी महिला, दो बच्चों की शिनाख्त, प्रताड़ना का आरोप

रानी की सराय, आजमगढ़। स्थानीय रेलवे हाल्ट पर बुधवार को ट्रेन से कटकर मां व दो बेटों की मौत के बाद जहां पति द्वारा शव की पहचान के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, वहीं महिला के पिता ने पति समेत ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। तहबरपुर थाना क्षेत्र के मदारपुर गाव निवासी खुशबू यादव अपने दो पुत्र बैदिक व आदविक को लेकर बुधवार को रेलवे हाल्ट पर पहुंची थी और तापी गंगा एक्सप्रेस ट्रेन से कट कर जान दे दी थी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज में फोटो के आधार पर मृतका के पति बिपिन यादव ने रात में शव की शिनाख्त की। मृतका का मायका गंभीरपुर थाने के भवतर में था। खुशबू यहीं पर पंचायत सहायक पद पर तैनात थी। यहां से घर आना-जाना था। मृतका का विवाह 10मई 2022 को हुआ था। मृतका इससे पहले भी पांच माह पूर्व रेलवे हाल्ट के पास आत्महत्या के लिए प्रयास की थी परंतु लोगो ने समझा-बुझाकर वापस भेज दिया था। मृतका का ननिहाल घटना स्थल से चार किमी दूर बिट्ठलपुर गांव में था। बचपन से ही ननिहाल में ही रहकर पढ़ाई भी पूरी की और विवाह भी हुआ। मृतका का पति विपिन लुधियाना में रहकर काम करता है। इन दिनों घर पर ही था। 23 अक्टूबर को खुशबू अपने पुत्र आदविक के आंख का आपरेशन कराकर ससुराल वापस आई थी। गुरुवार को सुबह घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के पिता भीमा यादव भी रानीकीसराय थाने पहुंचे। यहां से तहबरपुर थाने भेज दिया गया। तहबरपुर थाने से उसे गंभीरपुर थाने के लिए कहा गया। पीड़ित वहां से फिर रानी की सराय थाने पहुंचा। पिता ने आरोप लगाया कि पुत्री का उत्पीड़न किया जाता था, जिससे वह त्रस्त थी।

प्रश्न मंच पर बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

आजमगढ़। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में भारत को जानो अखिल भारतीय विद्यालय

भारत को जानो अखिल भारतीय विद्यालय स्तरीय परीक्षा में विजेताओं को मिला मौका

स्तरीय परीक्षा में सम्मिलित होने वाले बच्चों में से जूनियर एवं सीनियर वर्ग से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के मध्य प्रश्न मंच का आयोजन पैराडाइज इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। जनपद से 17 विद्यालय से चयनित बच्चों के बीच जूनियर एवं सीनियर संवर्ग में अलग-अलग क्विज कंपटीशन किया गया जिसमें सीनियर स्तर पर प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस टैंक के 11वीं कक्षा के अभय कुमार तथा संजू



यादव एवं जूनियर संवर्ग से सेंट जेवियर्स हाई स्कूल सम्मोपुर से 7वीं कक्षा के ऐश्वी पांडेय तथा सदानंद गोंड़ ने बाजी मारी। प्रश्न मंच के उपरांत सम्मान कार्यक्रम का आरंभ भारत विकास परिषद के प्रांतीय संरक्षक अशोक अग्रवाल, मुख्य अतिथि शिव गोविंद सिंह, प्रांतीय गतिविधि सह संयोजक सीताराम पाण्डेय, जिला समन्वयक बद्री प्रसाद गुप्त, शाखा अध्यक्ष डॉ. देवेश दूबे, सचिव कौशल कुमार राय, कोषाध्यक्ष आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति सिंह, प्रबंधक राघवेन्द्र सिंह, महिला सहभागिता दीपशिखा पांडेय, डॉ. नेहा दूबे, सविता बरनवाल, मालती विश्वकर्मा, डॉ जे आर विश्वकर्मा, डॉ. आरपी श्रीवास्तव, डॉ. निरंकार प्रसाद श्रीवास्तव, बिरजा शंकर राय, प्रदीप राय इत्यादि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, भारत माता तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम् गायन से किया। प्रश्न मंच में विशिष्ट भूमिका निर्वहन करने वाले धनंजय पांडेय तथा जय प्रकाश को परिषद के दायित्व धारियों एवं सीनियर सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। देवेश दुबे ने कहा इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों का ज्ञानवर्धन होता है। प्रांतीय पदाधिकारी सीताराम पांडेय ने कहा ऐसे आयोजनों से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। संचालन बद्री प्रसाद गुप्त ने किया।

दोहरे हत्याकांड के नौ आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

रानी की सराय क्षेत्र के रुदरी गांव में १९ साल पहले दशहरे दिन हुई थी वारदात

आजमगढ़। लगभग 19 वर्ष पूर्व रानी की सराय थाना क्षेत्र के रूदरी गांव में हुए दोहरे हत्याकांड में

फैसला

क्रास केस में कातिलाना हमले के मुकदमे में छह आरोपियों को पांच वर्ष कारावास

अदालत ने नौ आरोपियों को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को चौहत्तर हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं इस मामले के क्रॉस केस कातिलाना हमले के मुकदमे में छह आरोपियों को पांच वर्ष के कारावास तथा प्रत्येक को उनतीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक कमलापति ने गुरुवार को



सुनाया।

इससे पूर्व कोर्ट ने सोमवार को सभी आरोपियों को दोषी करार दिया था। वादी मुकदमा रामजन्म सिंह निवासी रुदरी थाना रानी की सराय 21 अक्टूबर 2007 को दशहरे के दिन सुबह नौ बजे अपने दरवाजे पर बैठे हुए थे। तभी गांव के प्रधान विपिन सिंह, राजेश सिंह, चुन्नू उर्फ रणविजय, बलवंत सिंह, राधेश्याम सिंह, छोटू उर्फ पंकज, लोकनाथ सिंह, अरविन्द सिंह, जीवन प्रकाश तथा शिवदास सिंह हथियारों से लैस होकर दरवाजे पर आ गए। विपिन सिंह के ललकारने पर यह लोग उत्तर की तरफ भागे। तभी विपिन ने तालुकदार सिंह को गोली मार दी और राजेश सिंह ने पारसनाथ सिंह को गोली मार दिया। शेष लोगों ने रामजन्म सिंह के भतीजे अंकित सिंह और आशीष को लाठी डंडे से मारा। मौके पर ही तालुकदार और पारसनाथ सिंह की मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रेषित किया। दौराने मुकदमा आरोपी राधेश्याम सिंह की मृत्यु हो गई। इस मामले अभियोजन पक्ष की तरफ से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता गोपाल पांडेय तथा विंध्यवासिनी प्रसाद सिंह की तरफ से कुल तेईस गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया गया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी बिपिन सिंह,, राजेश सिंह, चुन्नू उर्फ रणजीत सिंह, बलवंत सिंह, छोटू उर्फ पंकज, लोकनाथ सिंह, अरविन्द सिंह, जीवन प्रकाश तथा शिवदास सिंह को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को चौहत्तर हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं दूसरी तरफ बिपिन सिंह ने भी कातिलाना हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके अनुसार आरोपी रामदरस, आशीष सिंह, अंकित सिंह, दीपक सिंह और रामजन्म सिंह ने उनके समर्थक बलवंत तथा अरविंद को बुरी तरह से मारा पीटा और असलहों से फायर किया जिससे वादी विपिन सिंह के पैर में गोली लगी।इस मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से कुल तेईस गवाह पेश किए गए। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी रामदरस, आशीष सिंह, अंकित सिंह, दीपक सिंह और रामजन्म सिंह को पांच वर्ष के कारावास तथा प्रत्येक को उनतीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

पूंछ में आग लगते ही हनुमान ने जला डाली रावण की लंका

लालगंज, आजमगढ़। विकास खंड लालगंज के बहादुरपुर रामलीला में सातवें दिन लंका दहन, विभीषण शरणागति व समुद्र से मार्ग मांगने के विनय आदि प्रसंगों का मंचन किया गया। सुग्रीव जी के आदेश पर हनुमान जी वानरी सेना लेकर माता सीता की खोज में निकल जाते हैं। समुद्र तट पर सम्पाती से मुलाकात होती है, तो सम्पाती कहते हैं कि जो भी समुद्र के उस पार जाएगा वह माता जानकी का पता लगाकर आएगा। अंगद कहते हैं मैं तो जा सकता हूं लेकिन वापस आने में संदेह है। तब जामवंत जी हनुमान जी को बल का ध्यान धराते हैं और हनुमान जी समुद्र पार करने के लिए जाते हैं। बीच में सुरसा से मुलाकात होती है। देवताओं ने परीक्षा लेने के लिए हनुमान जी को भेजा था। परीक्षा में हनुमान जी पास हो जाते हैं और लंका पहुंचते हैं। वहां भक्त विभीषण से मुलाकात होती है। विभीषण जी माता



सीता का पता बताते हैं, तो हनुमान जी अशोक वाटिका में सीता माता से मिलने जाते हैं, जहां रावण पहुंचकर सीता जी को भय दिखाता है। हनुमान जी सीता जी से मिलते हैं और प्रभु की मुद्रिका देकर सब समाचार बताते हैं। माता को विश्वास होने पर हनुमान जी फलों को देखकर सीता माता से आज्ञा लेकर अशोक वाटिका में फल खाने लगते हैं। राक्षसों द्वारा रोकने पर उन्हें मारकर भागते हैं। एक पहरेदार भाग कर रावण के दरबार में जाकर सूचना देता है। रावण का बेटा अक्षय कुमार आता है और अशोक वाटिका में हनुमान से भयंकर युद्ध होता है जिसमें अक्षय कुमार मारा जाता है। फिर रावण मेघनाथ को भेजता है, जो ब्रह्मास्त्र द्वारा हनुमान को दरबार में ले जाता है। रावण आदेश देता है कि इसकी पूछ में आग लगाया जाए। सैनिक हनुमान के पूछ में आग लगाते हैं और हनुमान जी रावण की लंका को जलाकर माता सीता से मिलकर चूड़ामणि लेकर भगवान राम के पास आते हैं। राम जी सीता का समाचार सुनकर बहुत दुखी हो जाते हैं।

सुभाषित *आध्यात्मिक मार्गपर दो सबसे कठिन परीक्षण हैं, सही समयकी प्रतीक्षा करनेका धैर्य और जो सामने आये उससे निराश न होनेका साहस।* ❐ **भर्तृहरि शतक**

खेल उद्योगोंकी सुधि

केन्द्र सरकारने खेलका सामान बनाने वाली कम्पनियोंकी स्थिति सुधारने और उन्हें प्रोत्साहित करनेके लिए बड़ा राहतकारी कदम उठाया है, जो स्वागतयोग्य है और इससे इन कम्पनियोंको नयी दिशा मिलेगी। केन्द्र सरकारने खेल क्षेत्रको केवल खिलाड़ियों और खेल सुविधाओंतक सीमित न रखकर खेल-सामानके विनिर्माणको भी रणनीतिक उद्योगोंके रूपमें विकसित करनेकी दिशामें महत्वपूर्ण पहल की है। केन्द्रीय मंत्रिमण्डलने बुधवारको 'खेलो इण्डिया स्पोर्ट्स गुड्स मैन्यूफैक्चरिंग स्कीम' को स्वीकृति प्रदान की है और इसके लिए २०२६-२७ से २०३३-३४ तक १,८५६.६७ करोड़ रुपयेका प्रावधान किया गया है। इस योजनाका उद्देश्य बहुआयामी है। भारतमें क्रिकेट बैट, हाकी स्टिक, फुटबाल, जिम उपकरण और अन्य खेल सामग्रीका निर्माण तो लम्बे समयसे हो रहा है लेकिन उद्योग अब भी बड़े पैमानेपर एमएसएमई आधारित और पारम्परिक उत्पादन तकनीकोंपर निर्भर है। सरकारका उद्देश्य इसे आधुनिक, तकनीक आधारित और निर्यातपरक उद्योगमें बदलना है। योजनाके माध्यमसे निवेश उत्पादन, शोध, डिजाइन, कौशल, गुणवत्ता प्रमाणता और निर्यात पूरी मूल्य श्रृंखलाको मजबूत करनेका प्रयास किया गया है। सरकार भारतको उच्च गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा कीमत वाले खेल सामानका वैश्विक विनिर्माण केन्द्र बनाना चाहती है। इस योजनाका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा १,१३० करोड़ रुपयेका निवेश एवं उत्पादन प्रोत्साहन है। इसमें बड़े निवेशकोंके लिए एंकर इन्वेस्टमेण्ट सपोर्ट शामिल है। सौ करोड़ या इससे अधिक निवेश करने वाले ऐंकर निवेशकोंको पूंजीगत व्ययके २० प्रतिशततक सहायताका प्रावधान है, जबकि दस करोड़ रुपये या उससे अधिक निवेश करने वाले पात्र विनिर्माताओंको कारोबारसे जुड़ा प्रोत्साहन अधिकतम १५ प्रतिशततक मिल सकता है। इसके अतिरिक्त चार मैन्यूफैक्चरिंग जोंस विकसित किये जायंगे। प्रत्येक जोन तीन सौ एकड़से अधिक भूमिका हो सकता है। जालन्धर तथा मेरठ जैसे पारम्परिक केन्द्रोंको विशेष लाभ मिलेगा। इस योजनाका महत्व केवल बड़े उद्योगोंके लिए नहीं है, बल्कि छोटी-छोटी इकाइयोंको भी लाभ मिलेगा। साथ ही खेलके सामानका निर्यात भी बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त इन उद्योगोंमें रोजगारके अवसर बढ़ेंगे। अनुसन्धान और नये खेलोंके उपकरण इस योजनाका महत्वपूर्ण पहलू है। यह योजना महत्वपूर्ण है लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं है। इसपर सरकारको विशेष ध्यान देनेकी जरूरत है। भारतके लिए इस योजनाका व्यापक महत्व है। इसका सम्बन्ध 'मेक इन इण्डिया' से भी है और इससे निर्यात बढ़ेगा।

रक्त केन्द्रोंकी दुर्व्यवस्था

मानव जीवनसे किस कदर खिलवाड़ किया जा रहा है, इसे बुनियादी मानकोंकी अनदेखी कर बिना जांच खून दे रहे रक्त केन्द्रोंके संचालनके परिप्रेक्ष्यमें देखा जा सकता है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभागने ऐसे सात रक्त केन्द्रोंके संचालनपर रोक लगा दी, जहां न तो बुनियादी मानकोंका पालन हो रहा था, न ही तापमानका रिकार्ड रखा जा रहा था और न ही इन केन्द्रोंपर रक्त संक्रमणकी जांचकी व्यवस्था थी। ऐसे रक्त केन्द्रोंका बेखौफ संचालन जिला स्वास्थ्य विभाग प्रशासनपर गम्भीर सवाल खड़ा करता है, क्योंकि उत्तर प्रदेशके जिन जनपदोंके रक्त केन्द्रोंपर अनियमितताएं एफएसडीए टीमने पायी, वह स्थानीय अधिकारी भी पा सकते थे। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि स्थानीय स्वास्थ्य विभाग प्रशासन इन अनियमितताओंको निगरानी करनेमें अक्षम है। पिछले दिनों एफएसडी विभागने दस जिलोंके ४० रक्त केन्द्रोंका निरीक्षण किया था, जिसमें आगरा, अलीगढ़, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी और लखनऊके सात रक्त केन्द्रोंपर भारी अनियमितताएं मिलीं और उनके संचालनपर तत्काल प्रभावसे रोक लगा दी गयी। एफएसडीए प्रदेशके मात्र दस जिलोंमें निरीक्षण किया, जबकि इसे प्रदेश स्तरपर करना चाहिए था क्योंकि जैसी जानकारी मिल रही है कि उच्च तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र अपनी शिक्षा पूरी करनके लिए अपना रक्त बेच रहे हैं, इसलिए ऐसे रक्त केन्द्रका अन्य जनपदोंमें भी संचालित होनेसे इनकार नहीं किया जा सकता है। इन रक्त केन्द्रोंके संचालनपर सिर्फ रोक लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि इनके विरुद्ध कठोर काररवाई की जानी चाहिए। खून किसीको जीवन रक्षाके लिए उपलब्ध कराया जाता है। बिना संक्रमण जांच किये दिये जानेसे मरीजका जीवन खतरेमें पड़ सकता है। रक्त केन्द्रोंका संचालन किसीकी जिन्दगी बचानेके लिए है, इसे व्यावसायिक दृष्टिकोणसे नहीं देखा जाना चाहिए। यह अमानवीय और अक्षम्य कृत्य है।

लोक संवाद

करियर संवारनेकी राह

महोदय,-सरकारने युवाओंको आत्मनिर्भर बनाने और पढ़ाईके साथ-साथ इनके कौशल विकासके लिए भी एक नयी योजना इंटर्नशिप शुरू की है। इसके लिए सरकारने कुछ बड़ी कम्पनियोंको इसके दायरेमें लानेका भी प्रयास किया है। इन कम्पनियोंमें विद्यार्थियोंको अपने करियरको संवारनेकी राह मिलेगी। इसके लिए सरकार अपनी तरफसे खर्च भी करेगी अर्थात् जो विद्यार्थी इस योजनाको अपनाते हैं, उनकी आर्थिक मदद भी करेगी और विद्यार्थी कम्पनीके कामको सीखेंगे, ऐसा करके या तो अपना कोई बिजनेस कर सकेंगे या कम्पनीमें नौकरी आसानीसे पा सकेंगे। यह योजना तभी कामयाब होगी जब कम्पनियां इस योजनाको सही तरीकेसे अमलमें लायंगी। रोजगारके लिए हर पहलूपर ध्यान देनेकी जरूरत है। **-राजेश चौहान, वाया ईमेल**

विकसित भारतकी नयी आर्थिक गाथा

किसी राष्ट्रकी प्रगति केवल ऊंची इमारतों, चमचमाती सड़कों और बढ़ते सकल घरेलू उत्पादके आंकड़ोंसे नहीं आंकी जाती, बल्कि इस बातसे तय होती है कि उसकी उद्यमशीलता कितने लोगोंके जीवनको बदलती है, तकनीक कितनी दूरतक पहुंचती है और आर्थिक शक्ति किस सीमातक जनसामान्यकी आकांक्षाओंको पंख देती है।

❐ **ललित गर्ग**

भारतकी विकास यात्रामें रिलायंस समूह और जियोकी कहानी इसी व्यापक परिवर्तनकी ओर ध्यान आकर्षित करती है। भारतके औद्योगिक इतिहासमें टाटा समूहने विश्वास, संस्थागत मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और दीर्घकालीन दृष्टिकी मजबूत विरासत निर्मित की है। दूसरी ओर रिलायंस समूहने बड़े पैमानेपर निवेश, बाजारकी नब्ज पहचानने, तकनीकको जनसुलभ बनाने और नये क्षेत्रोंमें निर्णायक प्रवेश करनेकी क्षमतासे अपनी अलग पहचान बनायी है। दोनों समूह भारतीय अर्थव्यवस्थाके महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। ऐसेमें रिलायंसका टाटा समूहसे आगे निकलना किसी एककी पराजय और दूसरेकी विजयभर नहीं है, इसे भारतीय उद्योग जगतमें प्रतिस्पर्धाके नये अध्यायके रूपमें देखना अधिक उचित होगा। जियोकी यात्रा एक उल्लेखनीय उदाहरण है। भारतीय दूरसंचार क्षेत्रमें प्रवेशके बाद उसने इंटरनेट सेवाओंको अधिक सुलभ बनाने, डेटाकी कीमतोंमें व्यापक बदलाव लाने और डिजिटल गतिविधियोंको आम नागरिकतक पहुंचानेमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जियोकी असली उपलब्धि केवल बाजारमें अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्थामें भागीदारी का दायरा विस्तृत करना है।



रिलायंसके सामने भी भविष्यकी चुनौतियां कम नहीं हैं। निवेशकोंकी अपेक्षाओंपर खरा उतरना और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धाको महत्व देना होगा। आर्थिक विकासका उद्देश्य केवल कुछ कम्पनियोंको वैश्विक शक्ति बनाना नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारोंके जीवनमें स्थिरता लाना होना चाहिए। रिलायंसकी यह आर्थिक छलांग तभी इतिहासमें स्थायी स्थान बनायेगी, जब इसके साथ रोजगार बढ़ेगा, आयकी विषमता घटेगी और समाजके अंतिम व्यक्तितक विकासकी रोशनी पहुंचेगी। यही विकसित भारतका सार है-समृद्ध उद्योग, सक्षम नागरिक और संवेदनशील समाज।

रिलायंस की सफलताको मुकेश अंबानीके नेतृत्वमें विकसित दीर्घकालीन कारोबारी दृष्टि, बड़े निवेश और बदलते समयके अनुरूप व्यवसायका विस्तार करनेकी रणनीतिके संदर्भमें समझना चाहिए। धीरूभाई अंबानीने जिस उद्यमशीलताको व्यापक जन-भागीदारी और पूंजी बाजारसे जोड़नेकी नींव रखी, उसे आगे बढ़ाते हुए समूहने पेट्रोकेमिकल, ऊर्जा, खुदरा व्यापार और दूरसंचार जैसे विविध क्षेत्रोंमें अपनी उपस्थिति मजबूत की। जियोने इस विरासतको डिजिटल युगकी आवश्यकताओंसे जोड़ा। इस यात्राका संदेश स्पष्ट है-समयके साथ जो नहीं बदलता, समय उसे पीछे छोड़ देता है, जो समयकी आहट पहचान लेता है, वही भविष्यकी दिशा तय करने लगता है। २८ अक्तूबर २०२६ को जियो प्लेटफॉर्म्सकी शेयर बाजारमें ऐतिहासिक सूचीबद्धताने इस यात्राको नया आयाम दिया। लगभग ३०,२१३ करोड़ रुपयेके सार्वजनिक निर्गमके बाद कम्पनीका बाजार पूंजीकरण १२.५ लाख करोड़ रुपयेसे ऊपर पहुंच गया और कारोबारके पहले दिन यह देशकी दूसरी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कम्पनी बन गयी। रिलायंस समूहकी सूचीबद्ध कम्पनियोंका संयुक्त बाजार मूल्य भी टाटा समूहसे आगे निकल गया। ये आंकड़े भारतीय पूंजी बाजारके बदलते स्वरूप और डिजिटल अर्थव्यवस्थामें निवेशकोंके विश्वासको दर्शाते हैं। लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि बाजार पूंजीकरण कम्पनियोंके मूल्यांकनका पैमाना है, आम नागरिककी समृद्धिका नहीं। शेयर बाजारमें ऊंचाई तभी सार्थक है, जब उसका लाभ अर्थव्यवस्थाकी जड़ोंतक पहुंचे।

इस ऐतिहासिक अवसरपर प्रदत्त अनन्त अंबानीका भावपूर्ण वक्तव्य चर्चाओंमें हैं, उन्होंने इस व्यावसायिक उपलब्धिको पारिवारिक संस्कारों और आध्यात्मिक संवेदनासे जोड़कर अर्थके साथ अध्यात्मके महत्वको उजागर किया है। उन्होंने कारोबारकी तुलना पूजासे और शेयरोंको प्रसादकी तरह देशके साथ साझा करनेकी भावनासे की। उनके शब्दोंमें कृतज्ञता, पारिवारिक विरासत और लाखों ग्राहकोंके योगदानकी स्वीकृति थी। मुकेश अंबानीका भावुक होना भी इस बातका प्रतीक था कि किसी बड़ी उपलब्धिके पीछे वर्षोंका परिश्रम, संघर्ष, विश्वास और पीढ़ियोंके सपने जुड़े होते हैं। यहां एक विचार विशेष रूपसे उल्लेखनीय है-व्यापार केवल लाभ कमानेकी व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास अर्जित करनेका माध्यम भी है। जब कोई कम्पनी अपनी सफलतामें कर्मचारियों, तकनीशियनों, साझेदारों और उपभोक्ताओंके योगदानको स्वीकार करती है, तब उद्यमका मानवीय पक्ष सामने आता है। फलदार वृक्ष जितना ऊंचा होता है, उसकी शाखाओंमें उतनी ही विनम्रता होनी चाहिए। यही विनम्रता किसी कारोबारी साम्राज्यको स्थायी प्रतिष्ठा प्रदान करती है। अनन्त अंबानीकी पशुसेवा और वन्यजीव संरक्षणके प्रति प्रतिबद्धता भी इसी व्यापक सामाजिक उत्तरदायित्वके सन्दर्भमें देखी जा सकती है। उद्योगकी वास्तविक प्रतिष्ठा तब बढ़ती है, जब आर्थिक प्रगतिके साथ जीवोंके प्रति करुणा और पर्यावरणके प्रति संवेदनशीलता भी आगे बढ़े। दूरसंचार क्षेत्रकी अग्रणी कम्पनी हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशंस लिमिटेड (एचएफसीएल) के संस्थापक एवं उद्योगपति महेन्द्र नाहटाने जियोके ऐतिहासिक लांचिंग समारोहमें सहभागिता करते हुए इसे भारतीय आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति और आध्यात्मिक संवेदनाका अनूठा संगम बताया। निस्संदेह जियोकी यह उड़ान नये भारतके आत्मविश्वास, नवाचार और विकसित भारतके संकल्पको नयी ऊर्जा देने वाला ऐतिहासिक अध्याय है।

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीके नेतृत्वमें डिजिटल इंडिया, डिजिटल भुगतान, आधारभूत डिजिटल सुविधाओं और उद्यमशीलताको प्रोत्साहन देने वाली पहलोंने देशके तकनीकी परिवर्तनके लिए अनुकूल वातावरण बनाया है। इस विकासमें सरकारकी नीतियों, निजी क्षेत्रके निवेश, वैज्ञानिक प्रतिभा और करोड़ों नागरिकोंकी भागीदारीका साझा योगदान है। जियोने इस वातावरणका उपयोग करते हुए डिजिटल संपर्कका विस्तार किया। भारतको दुनियाकी तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनानेका लक्ष्य भी इसी व्यापक विकास यात्राका हिस्सा है। परन्तु आर्थिक आकारके साथ प्रति व्यक्ति आय, गुणवत्तापूर्ण रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षामें सुधार भी उतना ही आवश्यक है। आगेकी चुनौती और भी बढ़ी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बादल आधारित संगणना, अंतरिक्षसे संपर्क और नयी डिजिटल सेवाओंमें निवेश भारतके लिए व्यापक अवसर पैदा कर सकता है। परन्तु तकनीकका लाभ तभी समावेशी होगा, जब ग्रामीण क्षेत्रोंमें मजबूत संपर्क, डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा और व्यक्तिगत आंकड़ोंकी गोपनीयता सुनिश्चित की जायगी। दूरसंचार कम्पनियोंको सेवाकी गुणवत्ता, उचित कीमत और उपभोक्ता हितोंके बीच संतुलन बनाना होगा। टाटा, एयरटेल और दूसरे भारतीय उद्यमोंकी प्रतिस्पर्धा भी इस क्षेत्रको अधिक सक्षम बना सकती है।

रिलायंसके सामने भी भविष्यकी कसौटियां कम नहीं हैं। बड़े बाजार मूल्यांकनको निरन्तर नवाचार, टिकाऊ मुनाफे, रोजगार सृजन और जनविश्वासमें बदलना होगा। निवेशकोंकी अपेक्षाओंपर खरा उतरनेके साथ पर्यावरणीय उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धाको महत्व देना होगा। आर्थिक विकासका उद्देश्य केवल कुछ कम्पनियोंको वैश्विक शक्ति बनाना नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारोंके जीवनमें स्थिरता, सम्मान और अवसर लाना होना चाहिए। वस्तुत: जियोकी उपलब्धि नये भारतकी उस आकांक्षाका प्रतीक है, जो तकनीकमें आत्मविश्वास, व्यापारमें विस्तार और विश्व अर्थव्यवस्थामें नेतृत्व चाहती है। किन्तु मंजिल अभी दूर है। सच्ची सफलता वह नहीं, जहां कुछ लोग शिखरपर पहुंच जायं, सच्ची सफलता वह है, जहां शिखरतक पहुंचनेके रास्ते सबके लिए खुलें। रिलायंसकी यह आर्थिक छलांग तभी इतिहासमें स्थायी स्थान बनायेगी, जब इसके साथ रोजगार बढ़ेगा, आयकी विषमता घटेगी और समाजके अंतिम व्यक्तितक विकासकी रोशनी पहुंचेगी। यही विकसित भारतका सार है-समृद्ध उद्योग, सक्षम नागरिक और संवेदनशील समाज। अनन्त अंबानीने जियोके नाममें छिपे आशीर्वादके भावको जिस आत्मीयतासे अभिव्यक्त किया, वह भारतीय संस्कृति, पारिवारिक संस्कारों और आध्यात्मिक चेतनाका सुन्दर संगम है। उन्होंने कहा कि 'मां कहती है-जियो मेरे लाल, दादी कहती हैं-जुग-जुग जियो और दोस्त कहते हैं-जियो मेरे यार।' इस तरह 'जियो' केवल एक व्यावसायिक नाम नहीं, बल्कि शुभकामना, आशीर्वाद, स्नेह और मंगलकामनाका जीवंत संदेश बन जाता है। जब उन्होंने कारोबारको पूजा और शेयरोंको प्रसादकी संज्ञा दी, तब उन्होंने आर्थिक उपलब्धिको जन-भागीदारी और कृतज्ञतासे जोड़नेका अनूठा दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। सचमुच, जब व्यापारमें आशीर्वादका भाव और सफलतामें समाजकी साझेदारी जुड़ जाय, तब उद्यम केवल समृद्धिका माध्यम नहीं, बल्कि जनविश्वासका उत्सव बन जाता है।

भाषा और लिपिमें अन्तर

लिपियोंके नष्ट हो जानेसे हम अपनी जड़ों, परम्पराओं और संस्कृतिसे भी दूर हो जाते हैं। इसलिए लिपियोंको जिन्दा करनेके लिए ठोस उपाय करनेकी सख्त जरूरत है। तभी हमारी संस्कृति और परम्पराएं बच पायंगी।

❐ **डा. कुलदीप चन्द अग्निहोत्री**

भाषा और लिपिके अंतरको समझना जरूरी है। हर व्यक्ति कोई न कोई भाषा तो बोलता ही है। लेकिन यह जरूरी नहीं कि वह जो भाषा बोल रहा है उसे लिख एवं पढ़ भी सके। उदाहरणके लिए कोई व्यक्ति हिन्दी या पहाड़ी या मंडियाली या किन्नौरी बोल रहा हो लेकिन यदि आप उसे कहें कि आप जो बोल रहे हो उसे लिखकर दिखाओ तो हो सकता है इसमें असमर्थ हो। जब लिख नहीं सकता तब लिखे हुए को पढ़ना तो सम्भव ही नहीं है। यदि भाषाको लिखना हो और बादमें उसे पढ़ना हो तो उसके लिए अक्षरोंकी जरूरत पड़ती है। इन अक्षरोंको ही लिपि कहा जाता है। लेकिन दुनियाभरमें अक्षर तो भिन्न प्रकारके होते हैं। कहीं ए, बी, सी आदि लिखा जा रहा है, कहीं अलफ, बे, पे और कहीं क, ख, ग लिखा जा रहा है। इसका अर्थ हुआ कि दुनियाभरमें अनेक लिपियां प्रचलित हैं और उनके नाम भी अलग-अलग हैं। पंजाबी भाषा जिस लिपिमें लिखी जाती है, उसे गुरुमुखी लिपि कहा जाता है। यूरोपकी अधिकांश भाषाएं जिस लिपिमें लिखी जाती हैं, उसे रोमन लिपि कहा जाता है। हिन्दी, संस्कृत, नेपाली, मराठी और बोड़ो भाषाएं जिस लिपिमें लिखी जाती हैं उसे देवनागरी लिपि कहा जाता है। अब मान लीजिए किसी लिपिका प्रचलन समाप्त हो गया तो उस लिपिमें लिखी हुई हजारों पुस्तकोंको पढ़ना असंभव हो जायगा। इसके कारण ज्ञानका खजाना ही नहीं समाप्त होता, बल्कि वह भाषा बोलने वालोंका अपने पूर्वजोंसे संबंध भी टूट जाता है।

ब्राह्मी लिपिकी यही स्थिति है। आज उसको पढ़ने वाला कोई नहीं बचा है। दस हजार साल पहलेकी सरस्वती-सिन्धु सभ्यताको समझनेमें आ रही मुश्किलोंमेंसे सबसे बड़ी मुश्किल यही है। शिलालेखोंपर ब्राह्मी लिपिमें कुछ खुदा हुआ है। लेकिन वह क्या है, इसे कोई नहीं बता सकता, क्योंकि आज ब्राह्मी लिपिको पढ़ने वाला कोई नहीं है। पीछे तमिलनाडु सरकारने ब्राह्मी लिपि पढ़नेके लिए दस करोड़का ईनाम घोषित किया है। लेकिन हमारा संबंध सप्त सिन्धु क्षेत्रकी एक प्राचीन शारदा लिपिको लेकर है। कश्मीरी भाषा शारदा लिपिमें लिखी जाती थी। यह लिपि इतनी प्राचीन है कि कश्मीरमें तो संस्कृतके अनेक ग्रन्थ भी शारदा लिपिमें लिखे हुए मिलते हैं। लेकिन जब मध्य एशियासे अरबों, तुर्कों और मुगलों (एटीएम) के आक्रमण शुरू हुए तो उसका पहला शिकार यह सप्त सिन्धु क्षेत्र ही हुआ। हमलावरोंने बाकी जो नुकसान किया वह तो है ही, लेकिन उनका सबसे बड़ा आक्रमण यहांकी लिपियोंपर हुआ। उन्होंने यहांकी सभी लिपियोंको समाप्त कर सभी भाषाएं अरबी लिपिमें लिखना शुरू कर दीं। बलोची, पश्तो, हिन्दी सब अरबी भाषामें लिखी जाने लगीं। एटीएमके एक अभियानकी शिकार कश्मीरकी अति प्राचीन लिपि शारदा हो गयी। शासकीय प्रयत्नोंके चलते वहां अरबी लिपिका प्रचार और प्रयोग हुआ। भारतमें अबतक अरबी लिपिको फारसी लिपि कहनेका प्रचलन भी हो गया था। इस अरबी फारसी लिपिने शारदा लिपिको खाना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, कश्मीरमें शारदापर मार तो पड़ी, साथ ही मजहबपर भी मार पड़ी। कश्मीरियोंको बल छलसे इस्लाम मजहब या शिया मजहबमें शामिल किया गया। शिया मजहब या इस्लाम मजहबमें गये कश्मीरियोंने शायद सोचा होगा कि अपना मूल मजहब छोड़नेके साथ अपनी शारदा लिपिको छोड़ना भी जरूरी है। कश्मीरियोंने अपनी लिपि शारदासे धोखा किया। इस प्रकार वे अपनी विरासत और अपने पूर्वजोंसे दूर होते गये। कश्मीरी भाषाके शारदा लिपिमें लिखे हजारों ग्रन्थ कश्मीरियोंके लिए अनजाने हो गये हैं। वे उन्हें पढ़ नहीं सकते। शारदा लिपिको पुन: प्रयोगमें लानेकी बात एक बार फिर उठी थी जब अंग्रेजोंके चले जानेके बाद जम्मू-कश्मीरमें अलग संविधान सभाका गठन हुआ था।

जम्मू-कश्मीरका नया संविधान बन रहा था। उसमें कश्मीरी भाषाकी लिपि शारदाका प्रश्न आया। भाषा विज्ञानके कुछ जानकार सदस्योंने कहा कि कश्मीरी भाषाकी लिपि तो शारदा ही है। उसे ही संविधानमें दर्ज किया जाना चाहिए। उस वक्त जम्मू-कश्मीरपर अरबों, तुर्कों या मुगलोंका राज नहीं था। संविधान सभामें खांटी कश्मीरी नेशनल कान्फ्रेंसका बहुमत था। उस बहुमतने कहा कि कश्मीरी भाषाकी लिपि अरबी होगी, शारदा नहीं। किसीने ठीक ही कहा था, इस घरको आग लग गयी घरके चिरागसे। जिनपर तकिया था वही पत्ते हवा देने लगे। अब कश्मीरमें कश्मीरी भाषा अरबी लिपिमें लिखी जाती है। शिक्षा संस्थानोंमें अरबी लिपिमें ही पढ़ाई जाती है। लेकिन अब भी इक्का-दुक्का बुजुर्ग लोग कहीं-कहीं शारदा लिपिके जानकार मिल जाते हैं। लेकिन शारदा लिपिको पढ़ सकने वालोंकी संख्या अब मुश्किलसे अंगुलियोंपर ही गिने जा सकते हैं। कश्मीरियोंकी जो पीढ़ी आतंकवादके दिनोंमें कश्मीरसे बाहर चली गयी थी, उनके बच्चोंका तो लिपिकी बात तो दूर, कश्मीरी भाषासे भी नाता टूटता जा रहा है।

शारदा लिपिकी स्थिति भी ब्राह्मी लिपि जैसी बनती जा रही है। इससे ज्ञानकी एक पूरी परम्परा और इतिहास लुप्त हो जायगा। जम्मू-कश्मीरसे अनुच्छेद ३७० तो हट चुका है। अब जरूरत है कि शारदा लिपिमें भी पुन: प्राण प्रतिष्ठा स्थापित की जानी चाहिए। हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय शायद देशमें एकमात्र विश्वविद्यालय है जो शारदा लिपिमें कश्मीरी भाषाका सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम चलाता है। सप्त सिन्धु फाऊंडेशनने अभी हालमें शारदा लिपिमें शारदा लोक नामकी कश्मीरी भाषाकी पत्रिका शुरू की है जिसकी लिपि शारदा है। जम्मूमें संजीविनी शारदा केन्द्र भी शारदा लिपिको सिखानेका उपक्रम करता रहता है। लेकिन ये प्रयास ऊंटके मुंहमें जीरेके समान हैं। जम्मू-कश्मीर सरकारको शुरूमें कमसे कम यह व्यवस्था तो जरूर करनी चाहिए कि अरबी लिपिके अलावा शारदा लिपिमें भी लिखनेकी आधिकारिक अनुमति दे। लिपियोंके नष्ट हो जानेसे हम अपनी जड़ोंसे कट जाते हैं। अपनी परम्पराओं और संस्कृतिसे भी दूर हो जाते हैं। इसलिए लिपियोंको जिन्दा करनेके लिए ठोस उपाय करनेकी सख्त जरूरत है। तभी हमारी संस्कृति और परम्पराएं बच पायंगी।

आत्मबोध

शान्तिका मार्ग

❐ **सुधांशु**

मनुष्यके लिए कल्याणकारी तत्व है शांति। जीवनमें शांति न हो तो कुछ भी नहीं है। जो पल शांतिमें बीत जायं, वे ही सबसे अच्छे लगते हैं। इसीलिए मनुष्य भगवानसे दो ही चीजें मांगता है कि हे भगवान्, हमें सुख-शांति दीजिए, हमारे घरमें सुख-शांति बनी रहे, क्योंकि जिस घरमें शांतिका वास है, वहां उन्नति और विकास है। जिस व्यक्तिके मनमें शांति है, उसका तन स्वस्थ है, उसको ही ठीकसे नींद आयगी, जब नींद ठीकसे आयगी तो सेहत अपने आप ठीक रहेगी, उसके चेहरेपर प्रसन्नता रहेगी और वह फूलकी तरह खिला रहेगा। जीवनमें शांतिके लिए तीन चीजें आवश्यक हैं जिसके जीवनमें नियम है या जिसका जीवन नियमित है, उसकी जिन्दगीमें शांति है। व्यक्ति यदि नियममें नहीं है, जिधर मन हुआ उधर ही भाग लिया, जब मन हुआ तभी चल दिया, जो चाहा वही करने लगा, सारे नियम तोड़कर, सारे कायदे छोड़कर स्वच्छंद व्यवहार करता है, उसके जीवनमें शांति नहीं आयगी। अनुशासन, जो व्यक्ति स्वयं अपने ऊपर अनुशासन करता है, किसीके कुछ कहनेसे, अपना अनुशासन भंग नहीं करता, उसके जीवनमें शांति रहती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति अनुशासनकी सारी हदें तोड़ता है दूसरोंको अनुशासनकी शिक्षा देता है, स्वयं मानता नहीं और दूसरोंको समझाना चाहता है, दूसरोंके अनुशासनकी योजना तैयार करता है, न उसे अपनी वाणीपर नियंत्रण है और न अपने कार्योंपर, ऐसा आदमी खुदको ही धोखा देता है। भले ही वह दूसरोंको अशांत करनेमें लगा रहे लेकिन उसके अपने जीवनमें अशांति बनी रहती है। जिसके जीवनमें अनुशासन है, उसीके जीवनमें शांति होगी। शांतिके लिए तीसरी चीज है व्यवस्था। जीवनमें शांतिके लिए व्यवस्थित होना जरूरी है। जो लोग योजनाबद्ध तरीकेसे काम करते हैं, उनकी जिन्दगीमें शांति रहती है। अंतरिक्षमें सारे ग्रह-नक्षत्र तेजीसे घूम रहे हैं, यदि इन सबका हिसाब लगायें तो कितनी हैरानी होती है, इनकी गति इतनी अधिक है लेकिन फिर भी ये आपसमें टकराते नहीं, सब अपने नियमसे घूम रहे हैं। धरतीको ही देख लीजिए साठ हजार किमी प्रति घंटाकी गतिसे सूर्यकी परिक्रमा कर रही है, अनवरत कर रही है। हमारी गाड़ी सौ-डेढ़ सौकी स्पीडपर ही नियंत्रण खोने लगती है, खतरा बढ़ जाता है, लेकिन इन्हें देवयान या ग्रह-उपग्रह कहिये, ये इतनी गति होनेपर भी नियममें रहते हैं। संपूर्ण प्रकृति एक व्यवस्था और अनुशासनसे बंधी हैं। सभी अपने रास्तेपर चल रहे हैं, कोई रास्ता नहीं बदलता, इसलिए सब कल्याणकारी हैं। जरा-सा भी नियम यदि ऊपर-नीचे हो जाये तो विस्फोट होगा, विध्वंस होगा। मनुष्यके लिए आवश्यक है कि वह भी अपने जीवनको शांतिमय बनानेके लिए नियम बनाये। तभी जीवनकी समस्त घड़ियां शुभ हो जायंगी।

हरित ऊर्जाकी दिशामें आगे बढ़ना जरूरी

❐ **कांतिलाल मांडोत**

एथेनॉलसे घटेगा विदेशी तेलपर निर्भरताका बोझ लेकिन गाड़ियोंकी कीमत माइलेज और रखरखावपर भी देना होगा ध्यान देशमें पेट्रोलके विकल्पके रूपमें एथेनॉलके इस्तेमालको बढ़ावा देनेकी दिशामें केन्द्र सरकारने एक और कदम उठाया है। जबकि देशमें ऐथेनॉलको लेकर पूर्वमें हंगामा भी बहुत हुआ था। लिहाजा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालयने ई-१०० ईंधनसे चलने वाले वाहनोंको अनुमति देनेके लिए मोटर वाहन नियमोंमें बदलावकी अधिसूचना जारी की है। यह फैसला भारतकी ऊर्जा जरूरतों, पर्यावरण संरक्षण और विदेशी तेलपर निर्भरता कम करनेकी व्यापक रणनीतिका हिस्सा है। हालांकि इस नयी व्यवस्थाको केवल हरित क्रांतिके रूपमें देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसके साथ वाहनधारकोंकी आर्थिक स्थिति, वाहनोंकी तकनीकी क्षमता, ईंधनकी उपलब्धता और रखरखावसे जुड़ी चुनौतियोंको भी समझना जरूरी है।

देशमें पेट्रोलके साथ एथेनॉल मिलानेकी शुरुआत वर्ष २००६ में हुई थी। बादमें सरकारने इस मिश्रणको बढ़ानेकी नीति अपनायी। पेट्रोलमें २० प्रतिशत एथेनॉल मिलानेकी व्यवस्था ई-२० के नामसे जानी जाती है। सरकारके अनुसार इससे पेट्रोलके आयातपर होने वाला खर्च घटाने और प्रदूषण कम करनेमें मदद मिल सकती है। लेकिन दूसरी ओर कुछ वाहनधारकोंने ई-२० पेट्रोलके इस्तेमालके बाद माइलेज कम होने और वाहनोंकी कार्यक्षमता प्रभावित होनेकी आशंकाएं जतायी हैं। इन शिकायतोंने आम उपभोक्ताओंके मनमें सवाल खड़े किये हैं कि ईंधनमें बदलावका वास्तविक लाभ किसे मिलेगा और इसकी कीमत किसे चुकानी पड़ेगी।

ई-१०० और ई-२० के बीच अंतर समझना भी आवश्यक है। ई-१०० का अर्थ ऐसा ईंधन है जिसमें एथेनॉलकी मात्रा लगभग पूरी तरह एथेनॉल आधारित हो। इसमें चलने वाले वाहन सामान्य पेट्रोलसे चलने वाले वाहनोंसे तकनीकी रूपसे अलग हो सकते हैं। सरकारकी अधिसूचनाके अनुसार, ई-१०० का उपयोग उन्हीं वाहनोंमें किया जा सकेगा जिनके इंजन इस ईंधनके अनुकूल बनाये गये हों और जिन्हें इसके लिए प्रमाणित किया गया हो। इसका मतलब यह नहीं है कि मौजूदा पेट्रोल वाहनोंमें सीधे ई-१०० भरकर उन्हें चलाया जा सकता है। वर्तमान वाहनधारकोंको इस बातका विशेष ध्यान रखना होगा कि उनके वाहनके निर्माताने किस प्रकारके ईंधनकी अनुमति दी है। वाहनधारकोंके लिए इस बदलावके संभावित फायदे भी हैं। यदि ई-१०० के अनुकूल वाहन उचित कीमतपर उपलब्ध होते हैं और उनके लिए पर्याप्त ईंधन केन्द्र विकसित किये जाते हैं तो भविष्यमें पेट्रोलके विकल्प बढ़ सकते हैं। एथेनॉल आधारित ईंधनकी कीमत प्रतिस्पर्धी रहनेपर उपभोक्ताओंको ईंधन खर्चमें राहत मिलनेकी संभावना भी बन सकती है। इसके अतिरिक्त कृषि आधारित उत्पादनसे एथेनॉलकी आपूर्ति बढ़नेपर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानोंको लाभ मिल सकता है। हालांकि वाहनधारकोंको वास्तविक बचतका आकलन केवल ईंधनकी प्रति लीटर कीमतसे नहीं, बल्कि वाहनके माइलेज, रखरखाव और उपलब्धताको ध्यानमें रखकर करना होगा।

सरकारके सामने भी इस नीतिके कई फायदे और चुनौतियां हैं। भारत अपनी तेल जरूरतोंके बड़े हिस्सेके लिए आयातपर निर्भर है। पेट्रोलमें एथेनॉलका मिश्रण बढ़ने और वैकल्पिक ईंधन अपनानेसे कच्चे तेलके आयातमें कमी आ सकती है। इससे विदेशी मुद्राकी बचत होगी और अंतरराष्ट्रीय बाजारमें तेलकी कीमतोंमें उतार-चढ़ावका असर कुछ हदतक कम किया जा सकेगा। एथेनॉल उत्पादनसे कृषि क्षेत्र, प्रसंस्करण उद्योग और रोजगारके नये अवसर भी पैदा हो सकते हैं। पर्यावरणकी दृष्टिसे भी पेट्रोलके स्थानपर एथेनॉलके इस्तेमालसे कुछ परिस्थितियोंमें कार्बन उत्सर्जन कम करनेमें मदद मिल सकती है। हालांकि वास्तविक पर्यावरणीय लाभ एथेनॉलके उत्पादन, परिवहन और कृषिमें इस्तेमाल होने वाले संसाधनोंपर भी निर्भर करते हैं। इसके बावजूद सरकारके सामने खर्च और संसाधनोंसे जुड़ी चुनौतियां कम नहीं हैं। एथेनॉल उत्पादन बढ़ानेके लिए कारखानों, भंडारण सुविधाओं, परिवहन व्यवस्था और ईंधन वितरण केन्द्रोंका विस्तार करना होगा। ई-१०० के अनुकूल इंजन और वाहन विकसित करनेमें वाहन निर्माता कम्पनियोंको अनुसंधान तथा तकनीकी निवेश करना पड़ेगा। इसका असर शुरुआती दौरमें वाहनोंकी कीमतपर पड़ सकता है। यदि ई-१०० के लिए पर्याप्त बिक्री केन्द्र नहीं बने तो उपभोक्ता वाहन खरीदनेके बावजूद ईंधनकी उपलब्धताको लेकर परेशान हो सकते हैं। इसके अलावा एथेनॉल उत्पादनमें पानी और कृषि उपजकी जरूरतको ध्यानमें रखना होगा, ताकि खाद्य सुरक्षा और किसानोंकी दूसरी जरूरतोंपर अनावश्यक दबाव न पड़े।

ब्राजील और अमेरिका जैसे देशोंमें फ्लेक्स फ्यूल तकनीकका इस्तेमाल किया जाता है। वहां ऐसे वाहन विकसित किये गये हैं जो निर्धारित सीमाके भीतर पेट्रोल और एथेनॉलके अलग-अलग मिश्रणोंपर चल सकते हैं। भारतमें भी इस तकनीककी संभावनाएं तलाशना स्वाभाविक है, लेकिन दूसरे देशोंका अनुभव अपनाते समय भारतीय परिस्थितियोंका ध्यान रखना होगा। यहां वाहन बाजार, सड़क परिवहन, कृषि संसाधन और ईंधन वितरणकी परिस्थितियां अलग हैं। इसलिए किसी तकनीककी सफलता केवल सरकारी अनुमतिसे नहीं, बल्कि उसके व्यावहारिक उपयोग और उपभोक्ताओंके अनुभवसे तय होगी। ई-२० को लेकर उठे सवालोंका पारदर्शी समाधान भी जरूरी है। वाहनधारकोंको यह स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए कि कौन-सा वाहन किस ईंधनके अनुकूल है, माइलेजपर कितना संभावित असर पड़ सकता है और वारंटी तथा रखरखावकी शर्तें क्या हैं। वाहन निर्माता कम्पनियों और सरकारको शिकायतोंके वैज्ञानिक परीक्षण तथा उनके निष्कर्षोंको सार्वजनिक करनेपर ध्यान देना चाहिए। बिना प्रमाणके हर शिकायतको सही मानना उचित नहीं है, लेकिन उपभोक्ताओंकी समस्याओंको नजरअंदाज करना भी ठीक नहीं होगा। अंतत: ई-१०० को अनुमति देना भारतकी ऊर्जा नीतिमें एक नया विकल्प खोलता है, लेकिन इसकी सफलताका आधार संतुलित क्रियान्वयन होगा। सरकारको विदेशी मुद्रा बचत, पर्यावरण संरक्षण और किसानोंकी आय बढ़ानेके साथ आम नागरिकके खर्चको भी प्राथमिकता देनी होगी। वाहनधारकोंको तकनीकी जानकारी और भरोसेमंद ईंधन उपलब्ध कराना आवश्यक है। हरित ऊर्जाकी दिशामें आगे बढ़ना समयकी जरूरत है, परन्तु यह बदलाव ऐसा होना चाहिए जिसमें पर्यावरणको लाभ मिले, सरकारका आर्थिक बोझ घटे और आम उपभोक्तापर अतिरिक्त खर्चका अनावश्यक भार न पड़े। यही ईंधन नीतिकी वास्तविक सफलता होगी।

ग्रीन हाइड्रोजन से बदलेगी भारत की औद्योगिक तस्वीर

नयी दिल्ली। भारत की औद्योगिक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन एक रणनीतिक प्राथमिकता के रूप में उभर रहा है। इसका इस्पात, उर्वरक, रिफाइनिंग और रसायन जैसे क्षेत्रों पर व्यापक असर पड़ सकता है। भारत का ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र निवेश के लिहाज से तेजी से उभरते क्षेत्रों में से एक है। केयरएज रेटिंग्स की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत का ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र वर्ष 2030 तक 180 अरब डॉलर से 200 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित कर सकता है। केयर ईएसजी रेटिंग्स लिमिटेड की रिपोर्ट च्ग्रीन हाइड्रोजन औद्योगिक रणनीति का सवाल क्यों बन रहा हैज् में बताया गया है कि ग्रीन हाइड्रोजन की ओर बदलाव अब केवल जलवायु प्रतिबद्धताओं तक सीमित नहीं है। यह निर्यात प्रतिस्पर्धा, ऊर्जा सुरक्षा और कम कार्बन उत्सर्जन वाले औद्योगिक उत्पादों के प्रतिस्पर्धी उत्पादक के रूप में भारत की क्षमता से भी जुड़ता जा रहा है। यूरोपीय संघ के कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) ने इस मामले की गंभीरता और बढ़ा दी है। इसके तहत अधिक कार्बन उत्सर्जन वाले उत्पादों के आयात पर कार्बन से जुड़ी लागत लगाई जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय इस्पात निर्यातकों को यूरोपीय संघ में भेजे जाने वाले उत्पादों पर 70 से 190 डॉलर प्रति मीट्रिक टन की अतिरिक्त लागत का सामना करना पड़ सकता है। जहां उत्सर्जन के डिफॉल्ट मान लागू होते हैं, वहां यह लागत 270 डॉलर प्रति मीट्रिक टन से भी अधिक हो सकती है। ये अनुमान बताते हैं कि बढ़ता कार्बन उत्सर्जन भारतीय निर्यातकों के लिए आर्थिक चुनौती बन सकता है। केयरएज ईएसजी के मुख्य रेटिंग अधिकारी निकुंज दुबे ने कहा, च्भारत की ग्रीन हाइड्रोजन से जुड़ी महत्वाकांक्षाओं को व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं में बदलना होगा। इसके लिए भरोसेमंद खरीद समझौतों, प्रतिस्पर्धी उत्पादन लागत और मजबूत बुनियादी ढांचे की जरूरत होगी। योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने से ही तय होगा कि ग्रीन हाइड्रोजन को कितनी तेजी से अपनाया जाएगा। इस क्षेत्र में इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर भंडारण, परिवहन और अंतिम उपयोग तक निवेश के अवसर मौजूद हैं।

2030 तक 200 अरब डॉलर के निवेश की उम्मीद

वर्तमान में ग्रीन हाइड्रोजन की कीमत लगभग 350 से 450 रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि पारंपरिक ग्रे हाइड्रोजन की कीमत 160 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम है। नवीकरणीय ऊर्जा सस्ती होने, इलेक्ट्रोलाइजर की लागत घटने और परियोजनाओं का विस्तार होने से 2030 तक ग्रीन हाइड्रोजन की कीमत घटकर लगभग 2.4 डॉलर प्रति किलोग्राम हो सकती है। हालांकि, तब तक इसके इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए सरकारी नीतियों का समर्थन, कार्बन मूल्य निर्धारण और उद्योगों से सुनिश्चित मांग जरूरी होगी। ग्रीन हाइड्रोजन की मांग बढ़ाने में उर्वरक और इस्पात क्षेत्र अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारत में हर साल लगभग 1.7 से 1.9 करोड़ मीट्रिक टन अमोनिया की खपत होती है, जिसका उत्पादन मुख्य रूप से प्राकृतिक गैस से किया जाता है। ग्रीन अमोनिया के इस्तेमाल से जीवाश्म ईंधन के आयात पर निर्भरता और कार्बन उत्सर्जन कम किया जा सकता है। अगस्त 2025 में सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की नीलामी में 49.75 रुपये प्रति किलोग्राम की मानक बोली कीमत तय हुई थी। हालांकि, परियोजनाओं को लागू करने में आ रही चुनौतियों और 13 खरीदारों में से दो के पीछे हटने से पता चलता है कि केवल प्रतिस्पर्धी कीमत तय करना ही पर्याप्त नहीं है। आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2025 में लगभग 16.49 करोड़ मीट्रिक टन इस्पात का उत्पादन किया। इसके साथ ही भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक बन गया। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में कार्बन उत्सर्जन से जुड़े नियमों में बदलाव के कारण इस्पात उत्पादन के दौरान उत्सर्जन कम करना और भी जरूरी होता जाएगा। केंद्र सरकार ने जनवरी 2023 में 19,744 करोड़ रुपये के बजट के साथ राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू किया था। इसका लक्ष्य 2030 तक कम से कम 50 लाख मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन का सालाना उत्पादन हासिल करना है। हालांकि, फरवरी 2026 तक देश में केवल लगभग 8,000 टन सालाना उत्पादन क्षमता ही चालू हो पाई थी।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 26/51 दिनांक : 27.10.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं-

क्र.सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि
1	20265013	500A, 750VZS कपलिंग (सॉकेट)	160 नग	25.11.2026
2	20265015	सप्लाई, इरेक्शन, कमीशनिंग एंड टेस्टिंग ऑफ माइक्रोप्रोसेसर बेस्ड कण्ट्रोल एंड फाल्ट डायग्नोस्टिक सिस्टम विथ रिमोट मॉनिटरिंग एंड एनालिसिस फीचर (MPCS)	61 सेट	27.11.2026
3	20265006	डेस्कटॉप बेस्ड सिम्युलेटर फॉर थ्री फेज इलेक्ट्रिक लोको मोटिव्स	11 नग	04.12.2026
4	38263228	बॉडी साइड स्टेनचियन फॉर बी ओ एक्स एन एच एल वैगन	1385 नग	03.12.2026
5	38262955	बॉडी साईड स्टैंक्शन फॉर बॉक्सएनएचएल वैगन	3070 नग	01.12.2026

नोट : उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **2452/26 (D)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः- 25-विद्युत/सा0/प्रयागराज/26-27 **दिनांकः 28.10.2026**

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक **20.11.2026** समय **15:00** बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

निविदा सूचना संख्याः ELG-58-2627 | **काम की लागत (₹ में):** 14536455.58
बिड सिक्योरिटी (₹ में): 290700.00
कार्य का नामः CNBN (न्यू कानपुर) में रनिंग रूम को सुसज्जित करने'' के संबंध में एयर कंडीशनिंग (AC) की व्यवस्था और बिजली आपूर्ति बढ़ाने का कार्य।

निविदा सूचना संख्याः ELG-59-2627 | **काम की लागत (₹ में):** 28088017.85
बिड सिक्योरिटी (₹ में): 561800.00
कार्य का नामः रेलवे लोको रनिंग स्टाफ के लिए MDDTI/CNB में 400 बिस्तरों की क्षमता वाले हॉस्टल भवन के निर्माण'' के संबंध में एयर कंडीशनिंग (AC) की व्यवस्था और बिजली आपूर्ति बढ़ाने का कार्य।

निविदा सूचना संख्याः ELG-60-2627 | **काम की लागत (₹ में):** 6653445.85
बिड सिक्योरिटी (₹ में): 133100.00
कार्य का नामः गोविन्दपुरी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार से संबंधित विद्युत कार्य। प्रयागराज मंडल के पनकी धाम (PNKD) स्टेशन पर, ADEN/L /CNB के अंतर्गत प्लेटफॉर्म 2/3 में सुधार/अपग्रेडेशन का कार्य।

निविदा सूचना संख्याः ELG-61-2627 | **काम की लागत (₹ में):** 12650714.16
बिड सिक्योरिटी (₹ में): 253000.00
कार्य का नामः ADEN/HQ-II/CNB के अंतर्गत, फ़ज़लगंज में छोड़े गए क्वार्टरों के स्थान पर 12 यूनिट टाइप-III (G+2) क्वार्टरों का निर्माण तथा इसके लिए बाहरी विद्युत् कार्य और बिजली आपूर्ति में वृद्धि। ADEN/HQ-II/CNB के अंतर्गत, गोविंद नगर कॉलोनी में छोड़े गए टाइप-II और टाइप-III क्वार्टरों के स्थान पर 12 यूनिट टाइप-III (G+2) क्वार्टरों का निर्माण। ADEN/HQ-II/CNB के अंतर्गत, गोविंद नगर कॉलोनी में छोड़े गए टाइप-II क्वार्टरों के स्थान पर 15 यूनिट टाइप-II (G+2) क्वार्टरों का निर्माण। ADEN/HQ-II/CNB के अंतर्गत, तेज़ाब मिल में छोड़े गए क्वार्टरों के स्थान पर 15 यूनिट टाइप-II (G+2) क्वार्टरों का निर्माण। ADEN/HQ/CNB के अंतर्गत, गोविंद नगर रेलवे कॉलोनी में 15 यूनिट टाइप-II क्वार्टरों का निर्माण।

निविदा सूचना संख्याः ELG-62-2627 | **काम की लागत (₹ में):** 9624808.66
बिड सिक्योरिटी (₹ में): 192500.00
कार्य का नामः ''प्रयागराज डिपो में पुरानी CDO बिल्डिंग के पुनर्वास द्वारा एक एकीकृत प्रशासनिक सुविधा के निर्माण'' के लिए बाहरी विद्युत् कार्य और बिजली आपूर्ति में वृद्धि। 'प्रयागराज स्थित मशीनीकृत लॉन्ड्री को लिनन स्टोर में बदलना''।

कार्य समाप्त करने की समयावधि: 12 महीना | **निविदा खुलने की तिथिः** 20.11.2026, समय-15:00 बजे।

इसे सक्षम Sr. DEE/G/PRYJ का अनुमोदन प्राप्त है। **नोटः 1.** उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **15:00** बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। **2465/26(AK)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

नई खबर...

एथर ने एक ही दिन में किए 200 कोणार्क स्कूटर डिलीवर

भारत के प्रमुख इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माताओं में से एक, एथर एनर्जी ने आज वाराणसी में एक मेगा डिलीवरी इवेंट में एक ही दिन में 200 ग्राहकों को एथर कोणार्क स्कूटरों की चाबी सौंपी। इस इवेंट में कोणार्क के ग्राहकों और उनके परिवारों ने अपने कोणार्क की डिलीवरी प्राप्त की। वाराणसी उत्तर प्रदेश में एथर के लिए सबसे महत्वपूर्ण शहरों में से एक है, जहाँ इलेक्ट्रिक स्कूटरों की मांग तेजी से बढ़ रही है। एथर के पास वाराणसी में 2 एक्सपीरिएंस सेंटर और 10 फास्ट चार्जिंग पॉइंट्स हैं। उत्तर प्रदेश में कंपनी के पास 193 चार्जिंग पॉइंट्स हैं। कोणार्क को भारत की सड़कों के लिए बनाया गया है। इसमें स्टेबिलिटी, कम्फर्ट और रोजमर्रा की उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसमें 14 इंच का फ्रंट अलॉय व्हील, 12 इंच का रियर अलॉय व्हील और 1,352 मिमी का व्हीलबेस है। साथ ही, दोनों सिरों पर लॉन्ग-ट्रैवल सस्पेंशन दिए गए हैं। यह एथर का पहला स्कूटर है, जिसमें रियर साईड पर मेटल पैनल और एक स्टील यूनिबॉडी चेसिस दिया गया है। वहीं, सीक्वेंशियल गियर-ड्राइव ट्रांसमिशन स्मूथ और लगभग सायलेंट पॉवर डिलीवरी प्रदान करता है। कोणार्क एस और जेड सीरीज में छः वैरिएंट्स में उपलब्ध है, जो 200 किलोमीटर तक की आईडीसी रेंज प्रदान करते हैं। कोणार्क का सर्विस इंटरवेल 10,000 किलोमीटर है। यानी राईडर्स को 10,000 किलोमीटर या एक साल (जो भी पहले हो) के बाद ही सर्विस कराने की जरूरत पड़ेगी।

भारत में ईवी की बढ़ती मांग सामने आने लगे नए वीकल रिस्क

देश की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने आज भारत में तेजी से बढ़ रहे इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों से अपने मोटर इंश्योरेंस की समीक्षा करने की अपील की है। हालिया पंजीकरण डेटा हाल के वर्षों में ईवी बाजार में सबसे तेज वृद्धि को दर्शाता है, जिसे देखते हुए कंपनी ने उपभोक्ताओं को उभरते जोखिमों के प्रति आगाह किया है। इस ट्रेंड पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मोटर अंडरराइटिंग हेड, ए किरण कुमार ने कहा भारत की ईवी कहानी शुरुआती चरण से निकलकर अब मुख्यधारा में आ चुकी है, और यह बदलाव वाहन मालिकों के लिए सुरक्षा के बारे में सोचने के तरीके को बदलता है। एक इलेक्ट्रिक वाहन का जोखिम प्रोफाइल पारंपरिक वाहन से अलग होता है। बैटरी इसका सबसे मूल्यवान हिस्सा है, मरम्मत के लिए अक्सर विशिष्ट विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है, और चार्जिंग से घर और सड़क दोनों जगह नए जोखिम पैदा होते हैं। वाहन पंजीकरण आंकड़ों के अनुसार, भारत में जनवरी से सितंबर 2026 के बीच 25.37 लाख ईवी पंजीकृत किए गए, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 16.70 लाख से 51.9प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2026 के इन नौ महीनों का आंकड़ा, 2025 के पूरे वर्ष में पंजीकृत 23,56,971 ईवी से अधिक हो चुका है। ईवी बाजार की विकास दर भी तेजी से बढ़ी है, जो 2024 में 28.0प्रतिशत और 2025 में 16.3प्रतिशत रहने के बाद 2026 में 51.9प्रतिशत पर पहुंच गई है।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5' में ऋषभ रिखीराम शर्मा ने बताया अपने संगीत का सफर

कहते हैं कि संगीत में मन को शांति देने की ताकत होती है! और यह बात बिल्कुल सच है! नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5' में नई पीढ़ी के मशहूर संगीतकार जैस्मीन सैंडलस, सतिंदर सरताज, शाश्वत सचदेव और ऋषभ रिखीराम शर्मा एक साथ नजर आएंगे, जहाँ उनकी बातचीत संगीत के हर सुर के साथ दिल को छू जाएगी।शाश्वत सचदेव के लिए संगीत की दुनिया में अपनी पहचान बनाना आसान नहीं था। अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए शाश्वत बताते हैं कि उनके माता-पिता ने हर मुश्किल समय में उनका साथ दिया। ऋषभ रिखीराम शर्मा के जीवन में संगीत की शुरुआत एक ऐसी घटना से हुई, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। उनके पिता भारत के कई मशहूर संगीतकारों के लिए सितार बनाते थे और वाद्ययंत्रों को लेकर बहुत बारीकी से काम करते थे। जैस्मीन सैंडलस भी संगीत के प्रति अपने प्यार और संगीत की दुनिया में अपने सफर के बारे में खुलकर बात करती हैं। वह बताती हैं कि संगीत उनके लिए कितना मायने रखता है और इस कलाने उनकी जिंदगी को किस तरह एक नई दिशा दी है।दिल को छू लेने वाली इन बातचीत और खास पलों को देखने के लिए इस वीकेंड रात 8 बजे जरूर देखें 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5'!

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। निर्यात व घरेलू मांग बढने से बासमती चावल में 100/200 रुपये क्विंटल की बढ़ोतरी रही। बिकवाली कमजोर होने से मक्की-जौ के भाव भी 25/50 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। आटा मिलों की लिवाली से गेहूं की कीमतों में भी 20 रुपये क्विंटल की बढ़ोतरी हुई। सप्लाई कमजोर होने से मोठ के भाव 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। जबकि दलहनों में लिवाली कमजोर होने से चना व अरहर के भाव 25/50 रुपये प्रति क्विंटल दब गए। खाद्य तेलों में मांग कमजोर होने से सरसों व बिनौला तेल के भाव 50/100 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। जबकि आपूर्ति कमजोर होने से अरंडी तेल में तेजी का रुख रहा। आपूर्ति कमजोर होने व मांग बढने से गुड़-शक्कर-खांडसारी की कीमतों में 100 रुपये क्विंटल की तेजी रही। बिकवाली कमजोर होने से चीनी की कीमतों में भी मजबूती का रुख बना रहा। किराना जिंसों में मांग बढने से जीरा-हल्दी के भाव 200/300 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। जबकि दूसरी ओर उठाव न होने से मगजतरबूज में 20 रुपये की गिरावट रही।

अनाज-दाल

फ्लोर मिलों की मांग बढने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से गेहूं 15/20 रुपये बढ़कर मिल डिलीवरी 3150/3155 रुपये तथा चक्की पहुंच के भाव 3155/3160 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। गेहूं में तेजी का रुख होने के कारण बिकवाली कमजोर होने से आटा 25/35 रुपये बढ़कर 1710/1720 रुपये तथा मैदा 50/55 रुपये बढ़कर 1770/1775 रुपये प्रति 50 किलो हो गया। हाजिर में माल की कमी के कारण चोकर के भाव भी 1290/1300 से बढ़कर 1370/1390 रुपये प्रति 48 किलो हो गया। निर्यात व घरेलू मांग बढने तथा राइस मिलों की बिकवाली कमजोर होने से बासमती चावल 100/200 रुपये बढ़कर 1121 स्टीम 10800/11000 रुपये तथा 1509 चावल सेला 8500/8600 रुपये तथा स्टीम 8700/8800 रुपये तथा 1718 सेला 9100/9200 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। मांग बढने से जौ 50 रुपये बढ़कर 3100/3150 रुपये तथा मक्की के



भाव 25/50 रुपये बढ़कर 2900/3050 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। हाजिर में माल की कमी के कारण मोठ भी 200 रुपये बढ़कर 9400/9500 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गया। जबकि ऊंचे भाव पर दाल मिलों की मांग सुस्त पडने से अरहर 50 रुपये घटकर रंगून 9725/9750 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। राजस्थानी चना भी मांग कमजोर होने से 25 रुपये मुलायम होकर 7525/7550 रुपये पर आ गया। ग्राहकी कमजोर होने से अरहर दाल 100 रुपये घटकर 13000/13800 रुपये तथा चना दाल 50 रुपये घटकर 8500/8900 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

तेल-तिलहन

विदेशों में सीपीओ के भाव 18 डॉलर घटकर 1222 डॉलर प्रति टन रह जाने तथा वनस्पति घी निर्माताओं की मांग कमजोर होने से कांदला में क्रूड पॉम ऑयल के भाव 150 रुपये घटकर 11650 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। आयातित तेलों में नरमी का रुख रहने तथा ऊंचे भाव पर मांग कमजोर होने से सरसों तेल 100 रुपये घटकर 18000 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। तेल मिलों की मांग कमजोर होने से लारेंस रोड पर सरसों 150 रुपये घटकर 9000/9050 रुपये पर आ गई। रिफाइंड वालों की मांग सुस्त पडने से बिनौला तेल भी 50 रुपये मुलायम होकर 14550 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। सोया रिफाइंड भी उठाव न होने से 100 रुपये मुलायम होकर 15000 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।

गुड़-चीनी

वर्षा के कारण आवक कमजोर होने तथा ग्राहकी निकलने से गुड़ के भाव 100 रुपये बढ़कर पेड़ी 5300/5400 रुपये, चाकू व ढैया के भाव 5600/5700 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। हाजिर में माल की कमी के कारण खांडसारी के भाव 100 रुपये तेज होकर 6300/6400 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। त्योहारी मांग निकलने तथा मिलों की बिकवाली कमजोर होने से चीनी मिल डिलीवरी के भाव 5600/6000 रुपये तथा हाजिर में इसके भाव 6100/6400 रुपये प्रति क्विंटल पर टिके रहे। हालांकि महाराष्ट्र में नए मालों की बिकवाली आने से चीनी मिल डिलीवरी के भाव 20 रुपये मुलायम होकर 4980/5180 रुपये प्रति क्विंटल रह गए।

किराना-मेवे

पिसाई वालों की मांग बढने तथा घटे भाव पर बिकवाली कमजोर होने से हल्दी 300 रुपये बढ़कर ईरोड गट्ठा 23400/23500 रुपये तथा सेलम फली के भाव 24300/29700 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। जीरा भी पूछपरख बढने से 200 रुपये बढ़कर 28600/29400 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। जबकि उठाव न होने से मगजतरबूज 15/20 रुपये घटकर 615/620 रुपये प्रति किलो रह गया। त्योहारी मांग निकलने तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से बादाम गिरी के भाव 1060/1140 रुपये प्रति किलो तथा बादाम के भाव 28000/29000 रुपये प्रति 40 किलो पर मजबूत रहे। पिस्ता पेशावरी भी पूछपरख बढने से 4000/4100 रुपये तथा पिस्ता डोडी रोस्टिड 1700/1750 रुपये प्रति किलो पर टिका रहा। अन्य मेवों में भी ग्राहकी निकलने से मजबूती का रुख रहा।

सर्राफा

विदेशों के मंदे समाचार आने से सोने के भाव 500 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 3000 रुपये प्रति किलो नीचे आ गए।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव 14 डॉलर घटकर 4026 डॉलर प्रति ओंस रह जाने तथा मांग कमजोर होने से सोना 500 रुपये घटकर किलोबार 145800 रुपये तथा स्टैंडर्ड 146500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मांग के अभाव में 8 ग्राम वाली गिन्नी के भाव भी 109000 रुपये पर सुस्त रहे। विदेशों में चांदी के भाव 110 सेंट गिरकर 5280 सेंट प्रति ओंस रह जाने के कारण चांदी हाजिर 3000 रुपये घटकर 198000 रुपये प्रति किलो पर आ गई। स्टोरिया लिवाली घटने से चांदी वायदा भी 195000 रुपये से घटकर 192000 रुपये प्रति किलो रह गया।

टीवीएस मोटर का लाभ 50 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत बढ़कर 1,194.51 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी की परिचालन आय में भी 38.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 795.48 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 19,474.44 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 14,051.22 करोड़ रुपए थी। टीवीएस मोटर कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान वाहनों की बिक्री में दहाई अंक की मजबूत वृद्धि से आय को समर्थन मिला। इस दौरान कंपनी की कुल दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री अबतक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। कंपनी की कुल दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री 27 प्रतिशत बढ़कर करीब 19.19 लाख इकाई हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 15.07 लाख इकाई थी। तिमाही के दौरान कंपनी ने टीवीएस अपाचे आरटीआर की नई श्रृंखला पेश की। टीवीएस रेडर को अफ्रीका में पेश किया गया, जबकि टीवीएस ऑर्बिटर और एनटॉर्क 150 ने श्रीलंका में शुरुआत की। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च सालाना आधार पर 38.9 प्रतिशत बढ़कर 17,776.83 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 12,801.67 करोड़ रुपए था।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लोक निर्माण विभाग जौनपुर।

पत्रांक- 2899/4ए **ई-निविदा सूचना** दिनांक : 23/10/2026

1- महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, जौनपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में "ए", "बी," सी" और "डी' श्रेणी में पंजीकृत एवं न्यूनतम एक वर्ष के अनुभवी ठेकेदार ही निविदा डालने के पात्र होंगें। निविदा दाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र मे अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध मे शर्तो का भली भांति अध्ययन कर लें। अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर आन-लाइन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता द्वारा एक या समस्त कार्यों के लिए निविदा दी जा सकती है।

क0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू0 लाख में	धरोहर धनराशि रू0 लाख में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित करने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	वित्तीय वर्ष 2026-27 में पाण्टून सेतु के मरम्मत/रख-रखाव का कार्य (स्वीकृति की प्रत्याशा में)								
1	जौनपुर	जनपद जौनपुर में विधानसभा जफराबाद में सई नदी पर सलखापुर एवं गुतवन घाट के मध्य पर पाण्टून सेतु के इरेक्शन , मरम्मत/रखरखाव एवं डिस्मेन्टिलिंग का कार्य, पान्टून पुल के क्षतिग्रस्त पीपों के मरम्मत का कार्य, इरेक्शन हेतु विविध सामग्रियों की आपूर्ति व पहुंच मार्ग की मरम्मत आदि कार्य का आगणन।	19.50	1.95	944.00	12 माह	अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, जौनपुर	अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर	मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 , वाराणसी

2. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 02-11-2026 से 13-11-2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकेंगे। प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4869/4एम0-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुपालन में प्रहरी साफ्टवेयर पर समस्त सूचना व अभिलेख अपलोड करने के उपरान्त निविदादाता द्वारा तकनीकी शीट (ई01) डाउनलोड की जायेगी, जिसकी कापी स्कैन कर ई-टेण्डर पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर अपलोड करनी होगी। निविदादाताओं द्वारा ऑन लाईन निविदा की अपलोडिंग/डाउनलोडिंग तथा समस्त प्रपत्रों को शासनादेश सं0 3070/78-2- 2018-42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 के अनुसार जमा किया जाएगा। ऑन लाईन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 13-11-2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, जौनपुर में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण हेतु http://e-tender.up.nic.in पर लागइन करें।

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0
जौनपुर

उ.प्र.:-259819
दिनांक-29.10.2026

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लोक निर्माण विभाग जौनपुर।

पत्रांक 2896/4ए **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** दिनांक : 23/10/2026

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, जौनपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में "ए0", "बी0" ,"सी0" एण्ड "डी" श्रेणी में मार्ग के कार्य हेतु पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर निम्न कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता द्वारा एक या समस्त कार्यों के लिए निविदा दी जा सकती है।

क0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू0 लाख में	धरोहर धनराशि रू0 लाख में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित करने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	वित्तीय वर्ष 2026-27 में विशेष मरम्मत का कार्य								
1	जौनपुर	बेहड़ा मरौड़ा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(100),2(250),3(150) एवं 4(100) में (सी.सी.) विशेष मरम्मत का कार्य।	24.30	2.45	944.00	2 माह	अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, जौनपुर	अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर	मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी
2	जौनपुर	इमलो से सुल्तानपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(100) में (सी.सी. रोड़) विशेष मरम्मत का कार्य।	4.10	0.42	944.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव
3	जौनपुर	धर्मापुर से पचवर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(350) में (सी.सी.) विशेष मरम्मत का कार्य।	17.00	1.70	944.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव
4	जौनपुर	सरायरानी जौनपुर मार्ग के किमी0 58 के दायें से पचेवरा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(150) विशेष मरम्मत का कार्य।	6.10	0.61	944.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव
5	जौनपुर	बक्शा यादव बस्ती सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(150) में (सी.सी.) विशेष मरम्मत का कार्य।	6.12	0.62	944.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव
6	जौनपुर	प्रधानपुर कुसिया इटायें नेवढ़िया मार्ग (अ0जि0मा0) के कि0मी0 11(230) में विशेष मरम्मत का कार्य।	4.30	0.43	944.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव
7	जौनपुर	गोसाईपुर सेवईनाला गौराबादशाहपुर आरा (अ0जि0मा0) के कि0मी0 13(400) में सी0सी0 विशेष मरम्मत का कार्य।	21.00	2.10	944.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव

2. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 02-11-2026 से 13-11-2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकेंगे। प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4869/4एम0-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुपालन में प्रहरी साफ्टवेयर पर समस्त सूचना व अभिलेख अपलोड करने के उपरान्त निविदादाता द्वारा तकनीकी शीट (ई01) डाउनलोड की जायेगी, जिसकी कापी स्कैन कर ई-टेण्डर पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर अपलोड करनी होगी। निविदादाताओं द्वारा ऑन लाईन निविदा की अपलोडिंग/डाउनलोडिंग तथा समस्त प्रपत्रों को शासनादेश सं0 3070/78-2- 2018-42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 के अनुसार जमा किया जाएगा। ऑन लाईन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 13-11-2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, जौनपुर में खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण हेतु http://e-tender.up.nic.in पर लागइन करें।

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0
जौनपुर

उ.प्र.:- 259820
दिनांक-29.10.2026

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 सोनभद्र।

पत्रांकः- /6ए दिनांकः-

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 सरकार की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 सोनभद्र द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के मार्ग हेतु पात्र एवं पंजीकृत श्रेणी A ,B,C व D यथा अनुमन्य ठेकेदारों से अधोलिखित कार्यो हेतु प्रतिशत दर के आधार पर ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि I.T.B. के क्लाज '3' के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

2.

क0सं0	जनपद	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र की लागत	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
	विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य									
1	सोनभद्र	पगिया से रानीतारा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	22.07	2.21	2 माह	Rs.860.00 (Including GST)	PD, PWD,SONEBHADRA	MIRZAPUR CIRCLE, PWD, MIRZAPUR	CHIEF ENGINEER, MIRZAPUR ZONE, PWD, MIRZAPUR	A, B, C & D
2		चोरावल रजवाहा से पुरखास सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	29.49	2.95	2 माह					A, B, C & D
3		आर0एस0 रोड से आर0जी0 रोड वाया दोहरी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	16.67	1.67	2 माह					A, B, C & D
4		उमरी से रजवट सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	24.62	2.46	2 माह					A, B, C & D
5		जड़ेरूआं स्कूल से मिश्रैनियां बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	23.55	2.36	2 माह					A, B, C & D
6		मझुई सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	23.12	2.31	2 माह					A, B, C & D
7		मुक्खा घुवास सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	17.03	1.70	2 माह					A, B, C & D
8		वी0एस0 रोड कि0मी0-59 से परसही कलां सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	13.07	1.31	2 माह					A, B, C & D
9		रमपथरा से बेलहवां सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	21.50	2.15	2 माह					A, B, C & D
10		शिवद्वार वर्दिया झरकटहां सम्पर्क मार्ग के किमी0-12 के अवशेष भाग से बायें तरफ वर्दिया झरकटहां सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	20.43	2.04	2 माह					A, B, C & D
11		बघुआरी सम्पर्क मार्ग से ब्रम्हडीह टोला सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	10.55	1.06	2 माह					A, B, C & D
12		कैथी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	25.45	2.55	2 माह					A, B, C & D
13		चन्दुली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	21.65	2.17	2 माह					A, B, C & D
14		मिर्जापुर रावर्ट्सगंज मुख्य मार्ग से भरूआं माइनर के पश्चिम पटरी से जवाही होते हुए पगिया सम्पर्क मार्ग से पटेहरा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	23.43	2.34	2 माह					A, B, C & D
15		आर0जी0 रोड कि0मी0-2 कम्हारी घुरमा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	31.34	3.13	2 माह					A, B, C & D
16		कनेटी से गुरेठ सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	12.70	1.27	2 माह					A, B, C & D
17	सोनभद्र	आर0एस0 रोड से मोकरसीम सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	21.36	2.14	2 माह	Rs.860.00 (Including GST)	PD, PWD,SONEBHADRA	MIRZAPUR CIRCLE, PWD, MIRZAPUR	CHIEF ENGINEER, MIRZAPUR ZONE, PWD, MIRZAPUR	A, B, C & D
18		ग्राम पंचायत मोकरसीम नागेश्वर विश्वकर्मा के के घर होते हुए प्रा0 वि0 मोकरसीम म्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	32.51	3.25	2 माह					A, B, C & D
19		सरौली से जड़ेरूआं सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	14.39	1.44	2 माह					A, B, C & D
20		मझिगवां चौबे सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	9.08	0.91	2 माह					A, B, C & D
21		मझिगवां मिश्र सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	9.08	0.91	2 माह					A, B, C & D
22		घाघर नहर की पटरी कि0मी0-3 से निसोगी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	14.40	1.44	2 माह					A, B, C & D
23		सफरीपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	12.51	1.25	2 माह					A, B, C & D
24		घाघर नहर से अमौली सिरपालपुर होते हुए लसड़ा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	26.36	2.64	2 माह					A, B, C & D
25		वी0एस0 रोड से खेखड़ा बहेरवां होते हुए भटौलिया आदिवासी बस्ती तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	28.94	2.89	2 माह					A, B, C & D
26		बन्तरा मेन रोड से बन्तरा पोखरा तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	16.30	1.63	2 माह					A, B, C & D
27		बहुअरा से हथियापाथर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	29.72	2.97	2 माह					A, B, C & D
28		सरौली में मुसरहान बस्ती से भदोही बार्डर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	21.97	2.20	2 माह					A, B, C & D
29		घाघर मुख्य नहर से जड़ेरूआं सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	28.35	2.84	2 माह					A, B, C & D

3. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0 6 के अनुसार होगी।
4. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 दिवस होगी ।
5. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात वापस नही ली जा सकती ।
6. ई निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (टी0-1) आन लाईन दिनांक दिनांक 10.11.2026 से दिनांक 25.11.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (htttp://e-tender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जो आन लाईन (htttp://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
8. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
9. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरे जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

नोट :- ई-निविदा की समस्त शर्ते ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

उ.प्र.:-259826
दिनांक-29.10.2026

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
सोनभद्र।

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

एसपी ने देर रात चलाया सघन चेकिंग अभियान

संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच, अपराध नियंत्रण के लिए पुलिसकर्मियों को दिये निर्देश

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक के आदेश एवं अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस ने बुधवार की रात जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने स्वयं कटरा कोतवाली, शहर कोतवाली और चिल्ह थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कराई। चेकिंग अभियान के दौरान प्रमुख चौराहों, मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने बैरियर लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक सतर्कता बरती गई। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गो-तस्करी, अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की आपराधिक सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय

इसी क्रम में जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने सर्किल के थाना क्षेत्रों में तथा थाना प्रभारियों ने पुलिस बल के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया। प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की जांच कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेकिंग के दौरान आमजन की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखने के साथ ही लोगों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस का उद्देश्य अपराध नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी और जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।



निरीक्षण करती एसपी।

रानी तालाब में डूबे युवक का दूसरे दिन मिला शव

छानबे। विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर स्थित रानी तालाब में बुधवार शाम डूबे युवक का शव बृहस्पतिवार सुबह करीब आठ बजे बरामद हुआ। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गैपुरा चौकी प्रभारी सुरेशचंद्र दुबे ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की। विजयपुर निवासी अनिल कुमार यादव (32) बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे घर से लगभग 200 मीटर दूर स्थित रानी तालाब पर हाथ-पैर धोने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। कुछ दूरी पर मौजूद बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस के एक जवान ने तालाब में कूदकर युवक की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। तालाब में करीब 30 फीट पानी होने की बात बताई गई। प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल के अनुसार, बुधवार शाम से ही युवक की तलाश की जा रही थी। बृहस्पतिवार सुबह परिजनों और ग्रामीणों ने ट्यूब पर बैठकर तथा कटिया डालकर तालाब में खोजबीन शुरू की। इसी दौरान शव कटिया में फंस गया, जिसे बाहर निकाला गया। अनिल की मौत से पत्नी रेखा देवी और सात वर्षीय बेटी कृतिका का रो-रोकर बुरा हाल है। शव मिलने की खबर पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक चाट-फुल्की की दुकान लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। घटना की जानकारी मिलने पर राजस्व निरीक्षक और लेखपाल भी मौके पर पहुंचे और छानबीन की। थानाध्यक्ष विंध्याचल अजीत कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

लोकतंत्र सेनानी का निधन

जमालपुर। क्षेत्र के हसौली गांव निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लोकतंत्र सेनानी 75 वर्षीय गजेंद्र नाथ दीक्षित का मंगलवार की रात राबर्ट्सगंज सोनभद्र में उपचार के दौरान निधन हो गया। राबर्ट्सगंज में बड़े अधिवक्ता के रूप में इनकी ख्याति रही। उनके निधन पर जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके पैतृक गांव (हसौली) में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर बुधवार को किया गया। इस दौरान शेष नारायण दीक्षित, रविंद्र नाथ दीक्षित, सुरेंद्र नारायण दीक्षित आशीष कुमार उपाध्याय, सत्येंद्र त्रिपाठी आदि ने शोक जताया।

चक्रवाती तूफान से किसानों की खराब हुई फसल

पटेहरा। विकास खंड क्षेत्र में चक्रवाती तूफान से हुई बरसात से किसानों के खेत से खलिहान तक में रखी फसल नष्ट हो गई। इस समय किसानों की उम्मीद चार महीने खून पसीना बहा कर तैयार फसल को काट कर थ्रेसिंग आदि करके क्रय केंद्र पर बेचने की पूरी तैयारी थी। इसी बीच इस चक्रवाती तूफान की बरसात ने सारी उम्मीद पर पानी फेर दिया। जो धान की फसल पक कर खड़ी थी वह जमींदोज हो गई, जिससे फसल सड़ कर खराब होने का खतरा बढ़ गया। जिन किसानों ने फसल काट कर खेत में सूखने हेतु छोड़ा था वह तो पूरी खराब हो जाएगी। अधिकांश किसान बरसात के डरवश हार्वेस्टिंग करा दिया था उनकी हालत सबसे दयनीय हो गई है। दाने गीले होने से भभक कर खराब होने का खतरा बढ़ गया है। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी कृषि डाक्टर अंकित सिंह ने बताया कि फसल क्षतिग्रस्त होने पर फसल बीमित किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल करके क्षतिपूर्ति दावा 72 घंटे के अंदर कर सकते है।

श्रीराम कथा के शुभारंभ से पूर्व निकाली गयी कलश यात्रा

जमालपुर। क्षेत्र के बहुआर गांव स्थित रविंद्रालय में गुरुवार को श्रीराम कथा के शुभारंभ से पूर्व कथा वाचिका मानस बाल विदुषी शिखा तिवारी के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गई।

अदलहाट में जुआ खेलते १३ गिरफ्तार

अदलहाट। थाना क्षेत्र के परसोधा में गुरुवार को पुलिस ने जुआ फड़ पर छापेमारी कर 13 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 30,520 रुपये और आरोपियों की जामा तलाशी में 7,400 रुपये सहित कुल 37,920 रुपये बरामद किए। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक आशीष सिंह ने पुलिस टीम के साथ परसोधा में दबिश दी। इस दौरान हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 13 लोगों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में चुनार, अदलहाट और आसपास के क्षेत्रों के निवासी शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

प्रसव रजिस्टर और मंत्रा आईडी में मिला अंतर, अपर आयुक्त ने मांगा जवाब

हलिया। विंध्याचल मंडल के अपर आयुक्त राजकुमार द्विवेदी ने गुरुवार को हलिया विकास खंड क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कोटा शिव प्रताप सिंह स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान प्रसव रजिस्टर और मंत्रा आईडी के आंकड़ों में अंतर मिलने पर उन्होंने एएनएम अंजू देवी से जानकारी मांगी। वहीं, केंद्र पर तैनात सीएचओ अनुपस्थित मिले। अभिलेखों में अंतर मिलने पर अपर आयुक्त ने संबंधित कर्मचारी से इसकी वजह पूछते हुए जवाब मांगा। इसके बाद अपर आयुक्त ने उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करने के साथ ही दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की पड़ताल की।

साथ ही कोल्ड चेन कक्ष में पहुंचकर वैक्सीन के रखरखाव और उपलब्धता की स्थिति जानी। विकास कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। अपर आयुक्त ने इसके बाद भटवारी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय कार्यों की स्थिति देखी और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान शिवाकांत श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान की तैयारियों पर चर्चा

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय बरौधा कचार स्थित पं. दीनदयाल पुरम कॉलोनी में गुरुवार को लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को लेकर बैठक हुई। जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया और आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए मार्गदर्शन दिया गया। जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने कांग्रेस, सपा और उनके सहयोगी दलों पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है और गरीबों, दलितों तथा किसानों को सम्मान मिला है। उन्होंने विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने और संविधान व आरक्षण को लेकर लोगों में भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों के अनुरूप अभियान की रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। क्षेत्रीय महामंत्री विद्याधर तिवारी ने चार नवंबर को प्रयागराज में प्रस्तावित पदयात्रा को सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने मीरजापुर से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्रा, मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जगदीश सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तर कुमार मौर्य, मनोज जायसवाल, बालेंदु मणि त्रिपाठी, राजेंद्र सिंह पटेल और धनंजय पांडेय सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष व अन्य ।

प्रशासक ने लगवायी डा. भीमराव आंबेडकर की नयी प्रतिमा

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के महोगढ़ी ग्राम पंचायत के चकभैसोड़ गांव में बुधवार को अराजकतत्वों द्वारा डा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने के बाद बुधवार की देर रात ग्राम प्रशासक सुरेश केशरी ने ग्रामीणों संग चुनार से नई प्रतिमा खरीदकर लाए। जहां थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार सरोज की मौजूदगी में नई प्रतिमा स्थापित की गई। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर तोड़ दिए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त रहा। प्रतिमा तोड़े जाने की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक सूर्य भान भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। साथ ही निंदनीय कृत्य करने वाले अराजकतत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। ग्राम प्रशासक महोगढ़ी सुरेश केशरी ने बताया कि वर्ष 2024 में चक भैंसोड़ गांव में संविधान निर्माता बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करवाई थी। क्षतिग्रस्त प्रतिमा की जगह नवीन प्रतिमा स्थापित करवाई गई है। आंबेडकर पार्क की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को सजग रहने के लिए कहा है। ग्राम प्रशासक सहित ग्रामीणों ने प्रतिमा तोड़ने वाले अराजकतत्वों की पहचान कर पुलिस से कठोर कार्रवाई की मांग की है।



डाक्टर अम्बेडकर की लगी नयी प्रतिमा।

भटके किशोर को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

अदलहाट। स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को भटके हुए 12 वर्षीय किशोर को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस पहल से परिजनों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार, अहरौरा के भटवा टोला निवासी मैनुद्दीन का पुत्र फैज अहमद मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जाता है। वह किसी तरह टेंपो से टेढुआ मंदिर के पास उतर गया था। इसके बाद वह इधर-उधर घूमते हुए बार-बार सड़क पार कर रहा था। सूचना पर पहुंची पीआरवी-112 पुलिस किशोर को थाने ले आई। किशोर अपना नाम-पता बताने में असमर्थ था। थाना प्रभारी निरीक्षक वैद्यनाथ सिंह ने किशोर की फोटो सहित सूचना सोशल मीडिया पर प्रसारित की। इसे देखकर मुसेपुर निवासी उसके रिश्तेदार महबूब आलम ने पहचान की और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने किशोर को उसके परिजनों को सौंप दिया।

माता-पिता को बचपन में खोया, संघर्षों से लड़कर रोहित ने हासिल की सफलता

यूपीपीएससी एलटी ग्रेड गणित में चयन से तिलांव गांव में खुशी का माहौल



चयनित रोहित कुमार।

हलिया। बचपन में ही माता पिता का साया सिर से उठ गया लेकिन मुश्किल परिस्थितियों के आगे हार नहीं मानी। मेहनत, लगन और बड़े भाई के सहयोग से तिलांव गांव के रोहित कुमार ने यूपीपीएससी एलटी ग्रेड गणित में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से गांव सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है रोहित कुमार की प्रारंभिक शिक्षा गांव के परिषदीय विद्यालय में हुई। इसके बाद उन्होंने जनता जनार्दन शिक्षा सदन इंटर कॉलेज से हाईस्कूल तथा लालगंज स्थित बापू उपरौध इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के दौरान इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 85 प्रतिशत अंकों के साथ बीएससी गणित की परीक्षा पास की। इसके बाद चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से 71 प्रतिशत अंकों के साथ बीएड तथा प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज से 66 प्रतिशत अंकों के साथ एमएससी गणित की परीक्षा उत्तीर्ण की रोहित ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों के मार्गदर्शन और बड़े भाई सुग्रीव कुमार के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि कम उम्र में ही माता-पिता के निधन के बाद बड़े भाई ने अभिभावक की जिम्मेदारी निभाई और हर कदम पर उनका साथ दिया। बड़े भाई के सहयोग और प्रोत्साहन से उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहे। सुग्रीव कुमार क्षेत्र के ही एक परिषदीय विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं। ग्रामीणों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

लगातार बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

जमालपुर। बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान के प्रभाव से गुरुवार सुबह से हो रही लगातार बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में तैयार धान की फसल पर संकट मंडराने लगा है। वहीं, 30 अक्टूबर तक भारी बारिश की आशंका से किसान परेशान हैं। बारिश के कारण रबी की फसलों की बुवाई की तैयारी भी प्रभावित हो रही है। किसानों ने खेतों की जुताई कर ली थी, लेकिन लगातार वर्षा से बुवाई का काम रुक गया है। तेतरिया कला की प्रेम कला उपाध्याय, बहुआर के वरुण प्रकाश त्रिपाठी, जलालपुर के जितेंद्र तिवारी, मदरा के प्रभात श्रीवास्तव और खिरौड़ी के विद्यापति पांडेय ने बताया कि बारिश से खेती-किसानी का काम प्रभावित हो रहा है। दूसरी ओर, खेतों और खलिहानों में अगैती धान की फसल समेटने में जुटे किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लगातार बारिश से फसल को नुकसान होने की आशंका है, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ सकती है।

संक्षेप

एआरटीओ ने चार माल वाहनों को किया सीज

हलिया। थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग पर गुरुवार को एआरटीओ राजेश्वर यादव ने कार्रवाई करते हुए चार माल वाहनों को सीज कर दिया। सभी वाहनों को हलिया थाने में खड़ा कराते हुए पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से माल वाहन चालकों और संचालकों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, एआरटीओ राजेश्वर यादव ने हलिया कस्बे के पास हलिया-लालगंज मार्ग से गुजर रहे चार माल वाहनों को रोककर उनके आवश्यक कागजातों की जांच की। जांच के दौरान वाहनों के वैध दस्तावेज और फिटनेस प्रमाणपत्र सहित जरूरी कागजात नहीं पाए गए। इसके बाद परिवहन विभाग की टीम ने चारों वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की और उन्हें हलिया थाने में खड़ा करा दिया। एआरटीओ राजेश्वर यादव ने बताया कि वाहनों के वैध कागजात और फिटनेस सहित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण नियमानुसार सीज की कार्रवाई की गई है।

८२ वाहनों की हुई नीलामी

अदलहाट। न्यायालय के निर्देश पर गुरुवार को अदलहाट थाने में उपजिलाधिकारी चुनार नागेन सिंह और क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव की मौजूदगी में वाहनों की नीलामी कराई गई। थाना अध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह के अनुसार, नीलामी दो श्रेणियों में संपन्न हुई। पहली श्रेणी में माल मुकदमाती से संबंधित 46 वाहनों की बोली 1.18 लाख रुपये से शुरू होकर 1.37 लाख रुपये तक पहुंची। इसमें सबसे ऊंची बोली चंदौली के लल्लू टायर हाउस के प्रोपराइटर लल्लू सेठ ने लगाई।

अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

जमालपुर। जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जमालपुर पुलिस ने एक आरोपी को 310 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों और मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उपनिरीक्षक सुनील राय ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर थाना जमालपुर क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान संतोष बियार पुत्र रामधनी बियार निवासी पीड़खीर, थाना जमालपुर को 310 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना जमालपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की।

मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंशिका यादव और स्नेहा सिंह बनीं चैम्पियन

जमालपुर। माध्यमिक विद्यालयों की मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में श्रीमती देवकली इंटर कॉलेज जमालपुर और मुराहू सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज, मनउर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते। प्रतियोगिता 26 से 28 अक्टूबर तक सोनभद्र के राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज में आयोजित हुई। सीनियर बालिका वर्ग में श्रीमती देवकली इंटर कॉलेज की अंशिका यादव ने ऊंची कूद, पोल वॉल्ट और 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर चैंपियन बनीं। रोशनी यादव ने लंबी कूद और त्रिकूद में प्रथम तथा 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रुचि ने त्रिकूद और 100 मीटर बाधा दौड़ में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि सोनालिका पद चाल में तीसरे स्थान पर रहीं। जूनियर बालिका वर्ग में स्नेहा सिंह ने लंबी कूद, पोल वॉल्ट और 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आस्था मौर्या ने ऊंची कूद और त्रिकूद में प्रथम स्थान हासिल किया। अंकिता यादव पोल वॉल्ट में तथा संजना सिंह 400 मीटर बाधा दौड़ में दूसरे स्थान पर रहीं। जूनियर बालक वर्ग में दिलीप ने पोल वॉल्ट और सब जूनियर बालक वर्ग में कुलदीप ने ऊंची कूद में दूसरा स्थान प्राप्त किया। मुराहू सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज की साक्षी यादव ने सीनियर बालिका वर्ग की 800, 1500 और 3000 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान पाया। जूनियर वर्ग में सपना तीन किलोमीटर दौड़ में प्रथम तथा 800 और 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय रहीं। छात्राओं की सफलता पर प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र प्रसाद दुबे सहित शिक्षकों और व्यायाम शिक्षकों ने बधाई दी।

डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल ने एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग में जीते पांच प्रतिष्ठित पुरस्कार

तीनों परिसरों को मिला स्थान, अपराजिता सिंह को विजनरी एजुकेशन लीडर अवार्ड

मीरजापुर। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल ने एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2026-27 में पांच प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल किए हैं। विद्यालय के लोहिया तालाब परिसर में प्रथम, संकट मोचन परिसर को द्वितीय और नारघाट परिसर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। विद्यालय ने लगातार तीसरी बार जिले के शीर्ष तीन स्थानों पर अपना स्थान बरकरार रखा है। विद्यालय के लोहिया तालाब परिसर को कम्युनिटी एंड सोशल इम्पैक्ट अवार्ड में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान मिला है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में यह उपलब्धि लगातार सातवीं बार हासिल हुई है। जबकि, राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान लगातार चौथी बार प्राप्त हुआ है, इसके अतिरिक्त विद्यालय की निर्देशिका अपराजिता सिंह को विजनरी एजुकेशन लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया। गुड़गांव स्थित होटल पुलमैन में आयोजित समारोह में एजुकेशन वर्ल्ड के अधिकारियों ने विद्यालय के निदेशक अमरदीप सिंह और निर्देशिका अपराजिता सिंह को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस उपलब्धि पर निर्देशिका अपराजिता सिंह ने कहा कि यह सम्मान शिक्षकों के समर्पण, विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है।



अवार्ड लेती निदेशिका।

रिमझिम बारिश से बदला मौसम, ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

बाजारों में पसरा सन्नाटा, घरों में दुबके रहे लोग; दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी पर पड़ा असर

हलिया।क्षेत्र में गुरुवार की भोर से शुरू हुई रिमझिम बारिश का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। आसमान में छाए बादलों और लगातार हो रही रिमझिम बारिश के बीच चली हल्की ठंडी हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल दिया। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई जिससे लोगों को पंखे बंद करने पड़े। अचानक बदले मौसम का असर आम जनजीवन भी पर पड़ा। सुबह से ही रुक रुककर हो रही बारिश के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले, जबकि अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहे बारिश के चलते हलिया बाजार समेत क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में रोजाना की अपेक्षा चहल पहल कम रही। दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही घटने से बाजारों में सामान्य दिनों जैसी भीड़भाड़ नहीं दिखाई दी। सड़कों पर भी लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम रही। वहीं, लगातार बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं के कारण लोगों को गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस हुई। सुबह से लेकर दिनभर मौसम का मिजाज बदला रहने से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई। लगातार बारिश का सबसे अधिक असर दिहाड़ी मजदूरों पर पड़ा बारिश और मौसम खराब रहने के कारण कई मजदूर काम पर नहीं पहुंच सके। मजदूरों के लिए बारिश का दिन कमाई के लिहाज से मुश्किल भरा रहा। रिमझिम बारिश के साथ चलती ठंडी हवाओं ने लोगों को सर्दी का एहसास कराया। हलिया क्षेत्र में गुरुवार को हुई रिमझिम बारिश ने जनजीवन की रफ्तार धीमी कर दी। बाजारों की रौनक कम होने से लेकर मजदूरों के काम पर नहीं पहुंच पाने तक, मौसम का असर विभिन्न वर्गों पर दिखाई दिया।

अर्नब चक्रवात के चलते उर्स स्थगित

कछवां। चक्रवाती तूफान के चलते कछवा-जमुआ रोड स्थित हजरत रज्जब शहीद बाबा का सालाना उर्स शरीफ स्थगित कर दिया गया है। आज होने वाला यह आयोजन अब छह नवंबर को कछवा बाजार में खप्पड़ बाबा आश्रम के पास आयोजित होगा। इंतजामिया उर्स कमेटी ने मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और जायरीनों की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया है। उर्स का आयोजन हिंदू-मुस्लिम एकता परिषद कछवा के तत्वावधान में किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिल्ली के मशहूर कव्वाल सुल्तान साबरी और जौनपुर की कव्वाला गुड़िया परवीन के बीच कव्वाली का मुकाबला होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष सरफराज राईन, मैनेजर अनवर अली मंसूरी, उपाध्यक्ष शकील राईन और मुख्य संरक्षक हरिनाथ सिंह हैं। कमेटी ने सभी जायरीनों और श्रद्धालुओं से नई निर्धारित तिथि पर पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया दमखम

३५ जोड़ी मुकाबले हुए, बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुचिस्मिता मौर्य हुई शामिल

कछवां। सत्यनारायण सिंह खेल संस्थान में आयोजित मंगला राय स्मारक राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में बुधवार को महिला और पुरुष पहलवानों ने गोल्ड और सिल्वर कप के लिए जोरदार मुकाबले किए। दिनभर में कुल 35 जोड़ कुश्तियां हुईं। प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि मझवां विधायक सुचिष्मिता मौर्य रहीं। 57 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में मुकेश सिगरा ने चंदन यादव मुंगरवारे को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 70 किलोग्राम में दिव्यांशु बीएलडब्ल्यू ने शिवानंद त्रिपाठी को पराजित किया। 79 किलोग्राम में मोहित एसएसबी ने भूपेंद्र रोहतक को हराकर कप पर कब्जा जमाया। 86 किलोग्राम में मोहित यादव एसएसबी ने विकास यादव आजमगढ़ को हराया। वहीं, 97 किलोग्राम भार वर्ग में गोविंद कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस ने राघवेंद्र यादव स्वामीनाथ को शिकस्त दी। महिला वर्ग के 50 किलोग्राम फाइनल में गाजीपुर की आंचल ने कछवा के सत्यनारायण सिंह अखाड़े की अंशु यादव को हराया। 50 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में मनीषा कुलदीप मलिक सोनीपत ने रेनू कुलदीप मलिक को पराजित किया। आशा नायक महिला गोल्ड कप के फाइनल में कशिश यादव ने प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड कप और 10 लाख रुपये का पुरस्कार जीता। सिमरन हरियाणा दूसरे स्थान पर रहीं और उन्हें 25 हजार रुपये मिले।

पुरुष वर्ग के ओपी राय गोल्ड कप में प्रशांत गाजियाबाद ने खिताब जीतकर एक लाख रुपये प्राप्त किए। लक्ष्य रोहतक हरियाणा दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें 25 हजार रुपये मिले। कामेश्वर यादव सिल्वर कप में सीआईएसएफ के परविंदर सिंह ने खिताब जीतकर 51 हजार रुपये का चेक प्राप्त किया। अर्जुन बीएलडब्ल्यू दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें 15 हजार रुपये मिले। कार्यक्रम में पूर्व डीजीपी रामनारायण सिंह, हरिमोहन सिंह, लक्ष्मीकांत गुप्ता, शीतल प्रसाद गुप्ता, संतोष सिंह और राजेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



ट्राफी के साथ विजेता।

चारों भाइयों का मिलन देख छलक उठीं आंखें

लाग और चौकियों से सजी शोभायात्रा, शफीक हाशमी के लाग को मिला प्रथम पुरस्कार

केराकत। श्री भरत मिलाप समिति केराकत के तत्वावधान में नगर का ऐतिहासिक भरत मिलाप बुधवार की रात श्रद्धा और उल्लास के बीच संपन्न हो गया।



नरहन स्थित रामलीला मंच से नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति कृष्ण जायसवाल ने फीता काटकर रामरथ को रवाना किया। शोभायात्रा में 14 लाग और नौ चौकियां शामिल रहीं। इसे देखने के लिए विभिन्न स्थानों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। शोभायात्रा केराकत रामलीला मंच पर पहुंची, जहां भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का मिलन हुआ। इस भावुक दृश्य को देखकर श्रद्धालुओं की आंखें खुशी के आंसुओं से छलक उठीं। पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। मिलन के बाद भगवान श्रीराम का राजतिलक किया गया। भरत ने 14 वर्षों तक जिन खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर पूजा की थी, उन्हें श्रीराम को अर्पित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान लाग प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई। इसमें केराकत के शफीक हाशमी के श्रीराम अवतरण लाग को प्रथम, वाराणसी के खोजवां निवासी संतोष प्रजापति के गंगा अवतरण लाग को द्वितीय और वाराणसी के सुधांशु के राम केवट लाग को तृतीय पुरस्कार मिला। कार्यक्रम के समापन पर रामलीला मंच पर अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर सौरभ कमलापुरी, उपदेश कमलापुरी, वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, डा. राजेंद्र प्रसाद, धनंजय सेठ और रजनीकांत कमलापुरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आबकारी इंस्पेक्टर ने दुकानों में गन्दगी मिलने पर दी हिदायत

जफराबाद। आबकारी इंस्पेक्टर सदर ने क्षेत्र के विभिन्न शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानों में गन्दगी मिलने पर उन्होंने सेल्समैनों को कड़ी हिदायत भी दिया। हालांकि निरीक्षण के दौरान दुकान के पास मिले ग्राहकों से शराब के दाम को लेकर भी बात की गई, सब सन्तुष्ट मिले। सदर सर्किल की आबकारी इंस्पेक्टर देविका शुक्ला तथा आबकारी इंस्पेक्टर शाहगंज रीनू विश्वकर्मा मय टीम के साथ जफराबाद, गोलवानाला, जगदीशपुर, लाइनबाजार आदि दुकानों पर पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकान के पास मौजूद ग्राहकों से शराब के दाम की जानकारी लिया। दुकान पर रखे शिकायत पुस्तिका, लाइसेंस व स्टॉक रजिस्टर को देखा। कई देशी शराब के सेल्समैन को गन्दगी रहने पर फटकार लगाया। निरीक्षण के दौरान कासिम, अभय नारायन सहित अन्य विभागीय सिपाही मौजूद रहे। औचक निरीक्षण को लेकर पूछे जाने पर आबकारी इंस्पेक्टर देविका शुक्ला ने कहा कि शराब की दुकानों पर स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस, शिकायत पुस्तिका की नियमित जांच की जाती है। इसके अलावा किसी प्रकार की ग्राहकों से ओवररेटिंग नही हो रही है। इसके लिए भी औचक निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने कहा कि एक दो देशी शराब की दुकानों पर गन्दगी मिली। उन्हें हिदायत दे दी गयी है। बाकी सब ठीक मिला।

छात्रा से छेड़खानी और धमकी देने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

बरसठी। थाना क्षेत्र के निगोह बाजार में कक्षा 12 की छात्रा को कथित तौर पर परेशान करने, पीछा करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, आरोपितों में भदरांव गांव निवासी भाला सिंह, आदर्श सिंह और आयुष सिंह शामिल हैं, परिजनों की तहरीर के मुताबिक, दिसंबर 2025 गांव के मेले के दौरान भाला सिंह ने छात्रा से मोबाइल नंबर मांगा था इसके बाद पीछा करने और परेशान करने रास्ते में आते जाते समय छेड़ने का भी आरोप हैं, आरोप है कि 28 अक्टूबर को निगोह स्थित जन्मभूमि अस्पताल के सामने शाम छात्रा अपनी छोटी बहन के साथ निगोह बाजार से घर लौट रही थी अस्पताल के सामने तीनों युवकों ने उसे रोककर,गाली-गलीज की और जान से मारने की धमकी भी दी घर पहुंचकर छात्रा ने परिजनों को घटना बताई, प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की पुलिस ने बीएनएस की अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रेमी से शादी की जिद पर ढाई घंटे तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा

सिकरारा। करवाचौथ के दिन प्रेमी से शादी करने की जिद एक महिला को इस कदर भारी पड़ी कि वह उसके गांव पहुंचकर मोबाइल टावर पर चढ़ गई। महिला को टावर पर चढ़ा देख इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर तमाशबीनों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची सिकरारा पुलिस ने करीब ढाई घंटे तक समझाने-बुझाने का प्रयास किया। अंततः थानाध्यक्ष तेज बहादुर सिंह के समझाने पर महिला सुरक्षित नीचे उतर आई। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले गई और मेडिकल परीक्षण के लिए भेजते हुए मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, 28 वर्षीय आशा चौहान आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के धन्नीपुर विसयां गांव की निवासी बताई जा रही है। उसकी शादी भदोही जिले के सुरियावां क्षेत्र के महजदा गांव निवासी मुन्ना चौहान से हुई थी। उसके दो बच्चे हैं, जिनमें बेटा शिवम करीब चार वर्ष और बेटी ज्योति दो वर्ष की है। बताया जाता है कि आशा



करीब छह माह पहले अपने पति को छोड़कर डमरुआ गांव निवासी सचिन गिरी के साथ सूरत में रहने लगी थी। दोनों के बीच पिछले करीब एक वर्ष से प्रेम संबंध होने की बात सामने आई है। बताया जाता है कि नवरात्र के दौरान दोनों सूरत से अपने-अपने गांव आए थे। सचिन गिरी डमरुआ स्थित अपने घर चला गया, जबकि आशा अपने मायके आजमगढ़ चली गई थी। इसी बीच 25 अक्टूबर को आशा अपने प्रेमी से मिलने डमरुआ पहुंची, लेकिन सचिन घर पर नहीं मिला। आरोप है कि वह वहां से चला गया था। इसके बाद आशा ने सचिन से शादी करने की जिद पकड़ ली और गांव में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। महिला को टावर पर चढ़ा देख ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची सिकरारा पुलिस ने महिला को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए काफी देर तक प्रयास किया। करीब ढाई घंटे बाद थानाध्यक्ष तेज बहादुर सिंह के समझाने-बुझाने पर महिला टावर से नीचे उतरी। इसके बाद पुलिस उसे अपने साथ ले गई और मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। घटना को लेकर क्षेत्र में काफी देर तक चर्चा होती रही। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

कलात्मकता से ओत-प्रोत गगनचुंबी आकर्षक स्वागत द्वारों ने मन मोहा

नगर पालिका, विद्युत विभाग की सराहना, पहले दिन की अव्यवस्थाओं पर लोगों ने जतायी नाराजगी

मुंगराबादशाहपुर। नगर के दो दिवसीय ऐतिहासिक भरत मिलाप के दूसरे दिन बुधवार की रात भक्ति, कला और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम देखने हेतु लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। विभिन्न भरत मिलाप रोशनी कमेटियों द्वारा तैयार किए गए कलात्मकता एवं धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत गगनचुंबी आकर्षक स्वागत द्वारों तथा जगमगाती रोड लाइटों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बुधवार की रात रंग-बिरंगी झालरों और आधुनिक लाइटों से सजे एक से बढ़कर एक स्वागत द्वार अपनी छटा बिखेर रहे थे। इन स्वागत द्वारों पर धार्मिक, ऐतिहासिक एवं उपदेशात्मक प्रसंगों के सजीव और आकर्षक चित्र प्रदर्शित किए गए थे, जिन्हें देख दर्शक भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर भरत मिलाप रोशनी कमेटी ,श्री हनुमान दल, श्री रामदल, भरत दल, शंकर दल, लवकुश दल, गणेश दल, लक्ष्मण दल, राधा कृष्ण दल, महाकाल दल एवं केशरी नंदन दल द्वारा प्रस्तुत की गई रोड लाइट और भव्य स्वागत द्वारों ने पूरे नगर को आलोकित कर दिया। मेले में पहुंचे अपार जनसमूह ने इन कलात्मक कृतियों की मुक्तकंठ से सराहना की। इस मौके पर वक्ताओं ने नगर पालिका परिषद एवं विद्युत विभाग द्वारा की गई निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं स्वच्छता व्यवस्था की वक्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने जहां भूरि-भूरि प्रशंसा की। वहीं दूसरी ओर आयोजन के पहले दिन पुलिस प्रशासन एवं भरत मिलाप रोशनी मेला महासमिति द्वारा बरती गई लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने अपनी भड़ास निकालते हुए कहा कि मेले में दर्शकों की घटती संख्या का मुख्य कारण यही अव्यवस्थाएं हैं। लोगों का कहना था कि चौकियों के साथ चलने वाले डीजे सिस्टम के अत्याधिक वाइब्रेशन और अनियंत्रित साउंड सिस्टम से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी शोर और असुविधा के कारण बहुत से लोग मेले में पहले दिन शामिल होने से कतराने लगे हैं। फिलहाल मुंगराबादशाहपुर का ऐतिहासिक दो दिवसीय भरत मिलाप रोशनी मेला सकुशल सम्पन्न हो गया। भरत मिलाप को सकुशल संपन्न कराने हेतु एसडीएम/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शुभांशु कटियार, पुलिस उपाधीक्षक परमानन्द कुशवाहा, थाना प्रभारी निरीक्षक गजानन्द चौबे, एसडीओ विद्युत आनन्द कुमार, अवर अभियंता विद्युत प्रमोद कुमार यादव, नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि गुप्त, अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी, भरत मिलाप रोशनी मेला महासमिति के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्त पिंटू, संतोष मिश्रा, भरत मिलाप रोशनी कमेटी के अध्यक्षों में राजीव केसरी, राजेश कुमार गुप्त, मनोज कुमार गुप्त, गणेश गुप्त , चंद्र शेखर तिवारी आदि के साथ ही उनके सहयोगियों व सम्बन्धित विभागीय कर्मचारियों एवं पुलिस कर्मियों ने अपनी अपनी जिम्मेदारियों की भूमिका अदा की।

एक-दूसरे का साथ निभाना श्रेष्ठ दांपत्य की पहचान-आचार्य शांतनु

शबरी की भक्ति से श्रीराम के राज्याभिषेक तक का हुआ मार्मिक वर्णन

१४ वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटे प्रभु श्रीराम, नौ दिवसीय कथा का समापन

जौनपुर। बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान में भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामकथा के अंतिम दिन कथाव्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने शबरी भक्ति, सुंदरकांड, लंका विजय और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि श्रेष्ठ दांपत्य जीवन की पहचान कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे का साथ निभाना है। माता सीता और भगवान श्रीराम के प्रसंगों के माध्यम से उन्होंने प्रेम, विश्वास और पारिवारिक मर्यादा का संदेश दिया। लव-कुश प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने सीता की स्वर्ण प्रतिमा के माध्यम से यज्ञ संपन्न करने को भगवान श्रीराम के सम्मान और समर्पण का प्रतीक बताया। शबरी प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा और अटूट विश्वास से की गई प्रतीक्षा कभी व्यर्थ नहीं जाती। सुंदरकांड के माध्यम से उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा दी। कथा के अंतिम चरण में उन्होंने बताया कि 14 वर्ष का वनवास पूरा कर भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने पर पूरे नगर में उत्सव छा गया। विधि-विधान से हुए राज्याभिषेक के साथ श्रीरामकथा का समापन हुआ। भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, कर्तव्य और लोककल्याण की प्रेरणा देता है। आचार्य शांतनु महाराज ने कथा के मुख्य आयोजक ज्ञान प्रकाश सिंह की सराहना करते हुए कहा कि वह आगे भी इसी प्रकार भव्य श्रीरामकथा का



आयोजन कराते रहें और जौनपुरवासी रामकथा में डुबकी लगाते रहें। आयोजन को सफल बनाने में सेवा भारती के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे। अंतिम दिन डीजीपी राजकुमार विश्वकर्मा, चित्रकूट दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.एन. त्रिपाठी, अम्बरीष सिंह 'भोला' (मानद सदस्य, वाराणसी विकास प्राधिकरण), पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, सिद्धार्थ सिंह (वाराणसी), भाजपा नेता सुधांशु सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुभाष सिंह यादव, राजवीर सिंह 'राजा', संतोष मिश्रा, माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता संतोष सिंह, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राघवेंद्र मणि त्रिपाठी बने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

नियुक्ति से प्रदेश भर के कोटेदारों में हर्ष, समस्याओं के समाधान की जगी उम्मीद

जौनपुर। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन (कोटेदार संघ) को प्रदेश स्तर पर और अधिक सक्रिय, संगठित एवं सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राघवेंद्र मणि त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से प्रदेश भर के उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) में खुशी की लहर है। संगठन के पदाधिकारियों एवं कोटेदारों ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में दुकानदारों की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया अधिक सरल, सुगम और प्रभावी होगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने संगठन को चुस्त-दुरुस्त बनाने तथा कोटेदारों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने के उद्देश्य से यह जिम्मेदारी सौंपी है। कोटेदार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से पात्र लाभार्थियों तक खाद्यान्न पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उन्हें अपने कार्य के दौरान विभिन्न प्रकार



की व्यावहारिक एवं प्रशासनिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संगठन के पदाधिकारियों को आशा है कि नए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कोटेदारों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों एवं शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाकर उनके निराकरण के लिए सार्थक पहल करेंगे। राघवेंद्र मणि त्रिपाठी की नियुक्ति पर जनपद जौनपुर के कोटेदार संघ के पदाधिकारियों एवं दुकानदारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी के निर्णय का स्वागत किया। खुशी जाहिर करने वालों में कार्यकारी जिलाध्यक्ष दयाशंकर निगम, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद सलीमुल्लाह, नगर कोषाध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, मनोज कुमार जायसवाल, संतोष कुमार गुप्ता सहित तमाम उचित दर विक्रेता शामिल रहे। संगठन से जुड़े लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि राघवेंद्र मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में कोटेदार संघ प्रदेश स्तर पर और मजबूत होगा तथा दुकानदारों की समस्याओं, हितों एवं मांगों को प्रमुखता से उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उनकी नियुक्ति को संगठन के विस्तार और कोटेदारों के हितों की रक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

भूमि विवाद में मारपीट, चार के खिलाफ प्राथमिकी

जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र के भिदुना गांव में भूमि की पैमाइश और पटाई को लेकर हुए विवाद में महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, भिदुना गांव निवासी कमला देवी ने आरोप लगाया है कि 26 अक्टूबर को भूमि की पैमाइश और पटाई के दौरान विपक्षियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई, जिससे उन्हें चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि बचाव के लिए शोर मचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। महिला की शिकायत पर मीरगंज पुलिस ने पुष्पावती, कुसुमबाला देवी, यश कुमार और मिथिलेश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

मछलीशहर। स्थानीय तहसील क्षेत्र में गुरुवार की सुबह से हो रही बूंदाबांदी का सिलसिला जारी हो गया जो शाम होते होते तेज हो गया। किसानों को सबसे अधिक चिंता धान की फसल को लेकर है। इस सम्बन्ध में बामी गांव के किसान रवीन्द्र सिंह कहते हैं कि अभी भी 20 से 25 प्रतिशत धान की फसल की कटाई हो पायी है ज्यादातर किसानों की फसल खेत में ही खड़ी है। बारिश होने से सरसों चना और मटर की बुआई भी पिछड़ सकती है। बारिश अगर तेज होती है तो जिन किसानों ने आलू बो रखी है वह खेत में ही सड़ सकती है। गनीमत इस बात की है कि बारिश के साथ हवा अभी बहुत तेज नहीं चल रही है फिर भी लम्बी प्रजातियों की कुछ किसानों की फसल जमीन पर गिर जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

भरत मिलाप मेले में चरमराई पुलिस व्यवस्था

मुंगराबादशाहपुर। नगर के दो दिवसीय ऐतिहासिक भरत मिलाप रोशनी मेले के दौरान कानून-व्यवस्था की पोल उस समय खुल गई, जब पुलिस प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह पल्ला झाड़ मेले की सुरक्षा और प्रबंधन का जिम्मा पुलिस प्रशासन के पास होने के बावजूद, थाना प्रभारी निरीक्षक ने कस्बे की सुरक्षा का दायित्व भरत मिलाप रोशनी मेला महासमिति के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्त पिंटू को सौंपने का ऐलान कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि यह अजीबोगरीब घोषणा क्षेत्राधिकारी परमानन्द कुशवाहा की मौजूदगी में सार्वजनिक मंच से की गई, जिसके बाद से ही पूरे प्रशासनिक तंत्र और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मेले के पहले ही दिन नगर की व्यवस्था भगवान भरोसे नजर आई। मेले के बीचों-बीच बेरोकटोक दोपहिया और चार पहिया वाहन दौड़ते रहे, लेकिन पुलिस प्रशासन पूरी तरह मूकदर्शक बना रहा। श्री हनुमान दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी समेत विभिन्न समितियों के नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) से लगातार माइक के माध्यम से अपील की जाती रही कि डीजे की आवाज और वाइब्रेशन को सीमित रखा जाए, ताकि किसी को असुविधा न हो। किंतु, डीजे संचालकों पर इस अपील का कोई असर नहीं हुआ। पूरा नगर अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण और वाइब्रेशन से थर्राता रहा, पर पुलिस-प्रशासन ने हस्तक्षेप करने की जहमत तक नहीं उठाई। जिसे लेकर लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि जब खाकीधारी ही अपनी संवैधानिक और कानूनी जिम्मेदारी गैर-सरकारी व्यक्तियों को सौंप देंगे, तो आम जनता अपनी सुरक्षा की उम्मीद किससे करेगी, सीओ साहब की मौजूदगी में इस प्रकार का कृत्य प्रशासनिक लापरवाही की पराकाष्ठा है। क्षेत्र के नागरिकों और प्रबुद्धजनों ने जिला प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही, मेले जैसे संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले आयोजनों में कर्तव्य से मुंह मोड़ने वाले पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लचर कार्यप्रणाली की पुनरावृत्ति न हो।

महिला के घर चोरी, नकदी-जेवर समेत बाइक ले गये चोर

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के बुमकहा गांव में भरत मिलाप देखने गई महिला के घर का ताला तोड़कर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी गुलावा देवी पत्नी भारत बिंद के अनुसार, वह 26 अक्टूबर की रात करीब एक बजे शाहगंज थाना क्षेत्र के बड़ागांव में भरत मिलाप देखने गई थीं। आरोप है कि उनके घर से निकलने से पहले गांव का सोहन पुत्र हौसिला माचिस मांगने के बहाने घर आया था और ताक-झांक कर रहा था। 27 अक्टूबर की सुबह करीब चार बजे जब वह घर लौटीं तो दरवाजे का ताला खुला मिला और अंदर रखे बक्से का ताला भी टूटा हुआ था। पीड़िता के मुताबिक, घर से सिलाई मशीन, सोने का मंगलसूत्र, चांदी के जेवरात, मोटरसाइकिल, बेटियों का अंकपत्र, अन्य कागजात व बैंक की पासबुक गायब थीं। पीड़िता द्वारा उक्त युवक पर चोरी का संदेह जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

एक नज़र इधर भी

कांग्रेसियों ने मनायी पूर्व मंत्री लक्ष्मीशंकर यादव की पुण्यतिथि

विकास के अग्रदूत थे लक्ष्मीशंकर यादव-राकेश मिश्रा

खुटहन। भारतीय संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य, प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व.लक्ष्मीशंकर यादव के 30वीं पुण्यतिथि



विशुनपुर चौराहे पर स्थापित लक्ष्मीशंकर जी की प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने माल्यार्पण, हवन पूजन कर विधि विधान से श्रद्धांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राकेश मिश्रा ने कहा कि स्व. लक्ष्मीशंकर संविधान सभा में सदस्य,अंतरिम संसद में सदस्य, छह बार विधायक के रुप में देश प्रदेश को अपनी सेवाएं दी। स्व. यादव ने प्रदेश सरकार में छह बार कैबिनेट मंत्री के रुप में स्वास्थ्य, सहकारिता, एवं लोकनिर्माण व सिंचाई के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किया है। राकेश मिश्रा ने स्व.लक्ष्मीशंकर यादव को विकास का अग्रदूत बताते हुए आगे कहा कि लक्ष्मीशंकर यादव ने जौनपुर जनपद सहित पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा दिया था, बतौर लोकनिर्माण मंत्री के रूप में पूरे प्रदेश में नदियों पर पुल और स्कूलों का भी निर्माण कराया। वे गांधीवादी और उदार प्रवृत्ति के जननेता थे। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं लक्ष्मीशंकर यादव के पुत्र विजय यादव ने कहा कि पूज्य पिताजी राजनैतिक संत थे, उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए समाज और प्रदेश का विकास समान रुप से बिना भेदभाव से किया था, शिक्षा के क्षेत्र में उनकी कार्य करने की विशेष रुचि रहती थी। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी खुटहन के अध्यक्ष के विपिन शर्मा, ठाकुर प्रसाद यादव, अंशुमन यादव अजीत यादव, संकटा प्रसाद यादव, मुहम्मद अरशद, श्रीराम शास्त्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ब्याजी पैसे को लेकर एक के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज

जौनपुर। कोतवाली पुलिस ने ब्याजखोरी और मारपीट समेत कई धाराओं में कपड़ा व्यापारी की तहरीर पर एक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद निवासी अजीत कुमार गुप्ता ओलंदगंज में रेडिमेट कपड़े का व्यापार करते हैं। व्यापार के संबंध में उन्होंने संतोष राय पुत्र स्वर्गीय विजय बहादुर राय मोहल्ला सिपाह जो ब्याज पर पैसा देते हैं उनसे 8 जुलाई वर्ष 2025 को पांच लाख रूपया लिया था। बदले में राय ने अजीत कुमार से हस्ताक्षर युक्त तीन चेक उनसे और उनकी पत्नी से लिया था और कुछ सादे कागजातों पर हस्ताक्षर भी कराया था जिसे गॉरंटी के तौर पर रख लिया। बदले में चार लाख पैतीस हजार रूपये दे चुका था। पैसा लेते समय तीन प्रतिशत ब्याज देने की बात तय हुई थी परंतु राय ने जबरदस्ती ब्याज दो लाख रूपया ब्याज मांगने लगें और ब्याज का दो लाख रूपया देने हेतू बराबर दुकान पर आयदिन आकर भद्दी भद्दी गालियां देते रहें। इतना ही नहीं बतौर गॉरंटी दिए गए चेक को उसमें दस लाख रूपया भरकर अपने किसी संबंधित व्यक्ति रामशकल मौर्या से निरादरित करके सिविल कोर्ट में चेक बाउंस का मुकदमा दाखिल करवा दिया।

अमरनाथ निषाद को निषाद पार्टी ने तीसरी बार बनाया जिलाध्यक्ष

तेजीबाजार। निषाद पार्टी से तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर घर-परिवार सहित गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी घर आकर और फोन पर बधाई देने वालों का पूरे दिन ताता लगा रहा। इस सम्बन्ध में जब अमरनाथ निषाद से वार्तालाप किया गया तो इन्होंने बताया कि निषाद पार्टी ने मुझपर विश्वास कर पुन: पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाया है जिसके लिए मै कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद का और निषाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करता हूं। इन्होंने कहा कि मुझे तीसरी बार निषाद पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाया गया हैं मैं विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी के सिद्धांतों, विचारधारा एवं अनुशासन को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी, समर्पण और संघर्ष के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करूंगा।

नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में विकास कार्यों पर लगी मुहर

साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रस्ताव पारित

गौराबादशाहपुर। नगर पंचायत के सभागार में बुधवार, 28 अक्टूबर 2026 को अध्यक्ष सीतामनी सोनकर की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। अधिशासी अधिकारी शशिकांत तिवारी ने बैठक की कार्यवाही प्रारंभ कराई। इसमें नगर पंचायत के विकास कार्यों और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, नियमित कूड़ा उठान, नालियों की सफाई और जलनिकासी की समस्या दूर करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने तथा जहां आवश्यकता हो, वहां नई लाइटें लगवाने का प्रस्ताव भी रखा गया, ताकि नगरवासियों को रात के समय आवागमन में



परेशानी न हो। सभासदों ने वार्डों में नाली निर्माण, मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य और सड़क संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रस्ताव प्रस्तुत किए। बैठक में नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने, रास्तों को बेहतर बनाने और नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। सभासदों की ओर से रखे गए प्रस्तावों पर चर्चा के बाद उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में नगर पंचायत के विकास कार्यों को गति देने और वार्डों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने का संकल्प लिया गया। सभासदों ने कहा कि नगर के विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा, ताकि नगरवासियों को स्वच्छ वातावरण, बेहतर सड़कें, सुचारु जलनिकासी और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था मिल सके। इस मौके पर सभासद अनुपमा भारती, सरिता, छगनलाल, मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद आरिफ, अजीत विश्वकर्मा, शिशुवंश सिंह, नगमा बानो, सबीना अंसारी, अतीक अहमद, सिकंदर यादव, मनोज यादव, डीपी पाल, सुमन गुप्ता, अजीत चौहान, अजीत सोनकर, संतोष गुप्ता, लिपिक हरेंद्र कुमार बिंद, नाहर यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

महिला से मारपीट कर आभूषण छीनने का आरोप

सरपतहां। थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पड़ोसी पर मारपीट करने, गाली-गलौज करने और गले से सोने का आभूषण छीनकर भागने का आरोप लगाया है।पीड़िता अनुसार, घटना 27 अक्टूबर की रात करीब एक से दो बजे के बीच की बताई गई है। आरोप है कि पड़ोसी ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान सिर पर प्रहार करने और कान पर थप्पड़ मारने से उसे चोटें आईं। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान आरोपित उसके गले से सोने का आभूषण छीनकर भाग गया।

साहिल श्रीवास्तव प्रथम, अंशुमान यादव द्वितीय स्थान पर

मैकेनिकल इंजीनियरिंग में एआई और ऑटोमेशन पर क्विज प्रतियोगिता

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में गुरुवार को एआई एंड ऑटोमेशन इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीटेक और डिप्लोमा के लगभग 41 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऑटोमेशन और आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों से संबंधित अपनी जानकारी एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह की प्रेरणा तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष (इंजीनियरिंग) प्रो. सौरभ पाल के निर्देशन में विभागीय एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी कमेटी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में साहिल श्रीवास्तव ने प्रथम, अंशुमान यादव ने द्वितीय तथा मानस द्विवेदी और अवनीश कुमार मौर्य ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को प्रो. सौरभ पाल ने पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव तथा भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार ने विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान और नवाचार की क्षमता विकसित करने के लिए इस प्रकार की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के निरंतर आयोजन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक सोच, तकनीकी समझ और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने



में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रो. सौरभ पाल ने अपने संबोधन में इंटरनेट ऑफ थिंग्स और ऑटोमेशन के व्यापक उपयोगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक औद्योगिक व्यवस्था में इन तकनीकों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। इनके माध्यम से उत्पादन प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी, सटीक और सुविधाजनक बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवीन तकनीकों के प्रति जागरूक रहने और अपने व्यावहारिक ज्ञान को निरंतर विकसित करने का आह्वान किया। वहीं, प्रो. संदीप कुमार सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक, जिम्मेदार और रचनात्मक उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतियोगिता का संचालन विभागीय एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी कमेटी के समन्वयक सुबोध कुमार, सह-समन्वयक हिमांशु तिवारी तथा सदस्य डॉ. नवीन चौरसिया और मो. रेहान के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभाग के अन्य प्राध्यापकगण प्रो. संदीप कुमार सिंह, डॉ. दीप प्रकाश सिंह, डॉ. शशांक दुबे, श्री अंकुश गौरव एवं डॉ. हेमंत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

रास्ते में बाइक लगाकर सर्राफा कारोबारी की रोकी गाड़ी

बरसठी। थाना क्षेत्र के कटवार बाजार से सोने-चांदी का सामान पहुंचाकर घर लौट रहे निगोह सर्राफा कारोबारी सुजीत कुमार वर्मा को रास्ते में रोककर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है, पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, सुजीत के अनुसार, 28 अक्टूबर को सुबह करीब 10 बजे वह कटवार बाजार से निगोह लौट रहे थे। आरोप है कि आदमपुर ठठेरिया, निवासी संदीप उर्फ पंडित बिंद ने रास्ते में उनकी गाड़ी रोककर अपनी बाइक सामने खड़ी कर दी। इसके बाद मां-बहन की गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी ,प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने केस दर्ज होने की पुष्टि की है।

लावारिस महिला की मौत से क्षेत्र में सनसनी

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के चहनियां कस्बा में गुरुवार की सुबह एक लावारिस महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला पिछले दो महीनों से बाजार में मांगकर अपना जीवनयापन कर रही थी। वह बाजार में खुले स्थानों पर सोया करती थी। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात महिला बाजार स्थित एक खुली दुकान के बरामदे में रखी टेबल पर सोई थी। गुरुवार की सुबह आसपास के लोगो ने महिला को आवाज दी। कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उसने आसपास के लोगों को बुलाया। लोगों ने महिला को मृत पाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बलुआ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूर्व प्रधान सरीद्वार यादव ने बताया कि महिला करीब दो महीने से बाजार में दिखाई दे रही थी। वह मांगकर गुजारा करती थी और अर्धविक्षिप्त अवस्था में इधर-उधर सो जाती थी। बलुआ पुलिस ने बताया कि एक लावारिस महिला का शव मिला है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। महिला की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर क्षेत्र में बदला मौसम का मिज़ाज

धानापुर। पूर्वांचल सहित आसपास के जिलों में वर्तमान में चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के असर के चलते हल्की बारिश और मौसम खराब रहने का येलो अलर्ट जारी होने के बाद बुधवार की रात से ही हवाओं संग हो रही बूंदा-बांदी ने मौसम का मिज़ाज बदल दिया है। बताते चले कि गुरुवार को हवा में सिहरन के साथ हो रही अनवरत बूंदा-बांदी ने जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सर्वाधिक परेशानी किसानों के समक्ष उत्पन्न हुई है। धान की पककर तैयार फसल सहित आलू और दलहनी-तिलहनी फसलों की खेती में जुटे किसानों को झटका लगा है। तेज़ हवाओं संग हो रही बूंदा-बांदी ने धान की पककर खेतों में खड़ी फसल को जमीन थामने पर विवश किया है तो दूसरी ओर कुछ स्थानों पर काटकर छोड़ी गई धान की फसल भींग जाने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गईं है। चक्रवाती तूफान 'अर्णब' के असर के चलते हल्की बारिश और मौसम खराब रहने का येलो अलर्ट जारी होने के बाद जनपद में 29 अक्टूबर का तापमान लगभग 23, डिग्री से 24,डिग्री सेलसियस के बीच बना हुआ है और हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो रही है। मौसम के जानकारों की माने तो गुरुवार को मौसम की स्थिति में हल्की बारिश और बादल छाए रहने के साथ आर्द्रता लगभग 90: से 92: जबकि पूर्व/उत्तर-पूर्व दिशा से लगभग 12 मील प्रति घंटे की गति से हवा चलने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं दूसरी ओर खराब मौसम और वज्रपात को लेकर जिम्मेदार अधिकारियो ने तेज हवा एवं वज्रपात के दौरान खुले मैदान, पेड़, बिजली के खंभों, टिनशेड तथा कमजोर होर्डिंग के नीचे खड़े न होंने की आमजनों से अपील की है। उन्होंने कहा है कि ऐसे समय में सुरक्षित पक्के भवन में शरण लें। किसान भाई मौसम की स्थिति को ध्यान में रखकर फसलों की कटाई, मड़ाई एवं खुले में रखे अनाज को सुरक्षित करने की व्यवस्था करें। कृषि कार्य के दौरान आकाशीय बिजली की चेतावनी मिलने पर खुले खेतों में न रुकें। नदी, नालों, जलाशयों, बांधों एवं जलप्रपातों के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं। वर्षा के दौरान तेज बहाव वाले पानी को पार करने का प्रयास न करें। वहीं कच्चे एवं जर्जर भवनों में रहने वाले लोग विशेष सतर्कता बरतें तथा आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। बिजली कड़कने के दौरान खुले स्थानों, ऊंचे पेड़ों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। बिजली के उपकरणों का उपयोग सावधानी पूर्वक करें। मौसम संबंधी नवीनतम जानकारी एवं चेतावनियों के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग के आधिकारिक माध्यमों तथा मौसम, दामिनी एवं मेघदूत ऐप का उपयोग करें।



छाए हुए बादल का एक दृश्य । छायाः आज

संकुल स्तरीय खेल कूद में बच्चों ने दिखाया दमखम

कमालपुर। विकास खंड बरहनी के न्याय पंचायत स्तर पर संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर हाईस्कूल अरंगी में प्रधान इंचार्ज अविनाश गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी अजीत पाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने दौड़ और कबड्डी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में ककरैत की पायल प्रथम, 200 मीटर में ककरैत की गुड़िया प्रथम, 400 मीटर में अदसड़ की प्रिया कुमारी प्रथम और 600 मीटर दौड़ में अरंगी की अंतिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में मुड्डा के आदित्य पाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। 600 मीटर दौड़ में तेल्हारा के अंकित प्रथम रहे। कबड्डी प्रतियोगिता के प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में मुड्डा की टीम ने प्रथम और ककरैत की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में ककरैत की टीम प्रथम और कुआं की टीम द्वितीय स्थान पर रही। खंड शिक्षा अधिकारी अजीत पाल ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। खेलों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है और उनके अंदर छिपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है। इससे मानसिक विकास के साथ ऊर्जा और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसलिए परिषदीय विद्यालयों में समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। इस दौरान अविनाश गुप्ता, मिथिलेश सिंह,अच्युतानंद त्रिपाठी,दिनेश सिंह,भारत सिंह,कन्हैया सिंह और मोहम्मद वकील सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



बारिश और बदरी से करवाचौथ का उत्साह फीका

पड़ाव। बारिश और आसमान में छाए बादलों के कारण करवाचौथ का उत्साह फीका पड़ गया। पति की दीर्घायु की कामना को लेकर महिलाओं ने गुरुवार को निर्जला व्रत रखा। दिनभर पूजा-अर्चना और सोलह श्रृंगार के बाद शाम को महिलाओं को चांद निकलने का इंतजार रहा, लेकिन आसमान में बदरी छाए रहने से चंद्रमा के दर्शन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। करवाचौथ पर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा कर पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। मान्यता के अनुसार, चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही महिलाएं व्रत का पारण करती हैं। ऐसे में बारिश और बादलों ने महिलाओं की चिंता बढ़ा दी। चांद के दीदार के लिए महिलाएं बार-बार आसमान की ओर निहारती रहीं। मौसम खराब होने के कारण करवाचौथ की शाम चंद्र दर्शन को लेकर महिलाओं में बेचैनी बनी रही।

ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर सरकारी जमीन कब्जाने का लगाया आरोप

सकलडीहा। क्षेत्र के जमुरखा गांव में ग्रामसभा की जमीन पर कथित कब्जे को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर सरकारी जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह को ज्ञापन सौंपकर ग्रामसभा की जमीन को कब्जामुक्त कराने और सरकारी संपत्ति को सुरक्षित रखने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामसभा की जमीन का उपयोग गांव के विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों के लिए होना चाहिए, ताकि इसका लाभ पूरे गांव को मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन का इस्तेमाल किसी व्यक्ति विशेष के बजाय सामूहिक हित में किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने मामले में उचित कार्रवाई की मांग करते हुए जमीन की स्थिति स्पष्ट करने और ग्रामसभा की संपत्ति को सुरक्षित रखने की अपील की। इस संबंध में उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने जमीन को जल्द खाली कराने की बात कही। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता राव सहित अंबेडकर आजाद पार्टी के काशीराम, रिंकी, कौशल्या, गीता, सोनी देवी, पूनम देवी, निशा, सरोज, बबलू, सुनील समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

संक्षिप्त

रेलवे पेंशनरों को जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना हुआ आसान

मुगलसराय। पूर्व मध्य रेल पर 01 से 30 नवम्बर,तक डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 5.0 चलाया जाएगा, जिसके द्वारा पेंशनरों या पारिवारिक पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सरल एवं आसान बनाया गया है। पेंशनभोगियों को अपनी पेंशन निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये प्रत्येक वर्ष माह नवम्बर में व्यक्तिगत रूप से बैंक जाना अब आवश्यक नहीं रहा। इस अभियान के अन्तर्गत पेंशनरों को ऑनलाइन जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने का विकल्प प्रदान किया गया है, जिससे समय की बचत होगी। वरिष्ठ पेंशनरों के लिए विशेषकर लाभदायक होगा तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों के लिए अक्टूबर माह के अन्तिम सप्ताह से ही पोर्टल पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की विशेष सुविधा प्रदान की जा रही है। एक आसान प्रक्रिया के माध्यम से पूर्व मध्य रेल अपने पेंशनरों को सशक्त बनाने के साथ ही जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने को सुव्यवस्थित करना है।

छात्रवृत्ति योजना हेतु आवेदन की अंतिम तिथि ३० नवंबर निर्धारित

चंदौली। शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए ओबीसी ईबीसी और डीएनटी छात्रों हेतु टॉप क्लास एजुकेशन इन कॉलेज स्कॉलरशिप योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, चंदौली, रत्नेश सिंह ने जानकारी दी है कि इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट निर्धारित की गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है। अधिकारी ने सभी पात्र छात्र-छात्राओं को सूचित किया है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि तक अपना ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें।

पीजी कालेज में करियर संभावनाओं पर विशेषज्ञ व्याख्यान

मुगलसराय। लाल बहादुर शास्त्री पी.जी. कॉलेज, मुगलसराय में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ग्रेटर नोएडा के तत्वावधान में वर्तमान में जाब मार्केटः कैरियर प्रासप्क्ट विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. प्रियंक कुलश्रेष्ठ ने विद्यार्थियों को वर्तमान रोजगार बाजार की आवश्यकताओं एवं वर्ष 2029 तक रोजगार क्षेत्र में संभावित बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ तकनीकी दक्षता, संचार कौशल एवं व्यावहारिक क्षमताओं के विकास के लिए प्रेरित किया। लगभग एक घंटे चले इस सत्र में बीएससीए बीकॉम एवं एमकॉम के करीब 120 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की रोजगार आवश्यकताओं के प्रति जागरूक करना तथा बेहतर करियर निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.उदयन मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

चक्रवाती मौसम का अलर्ट,आम आदमी,किसान परेशान


कमालपुर। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती तंत्र के संभावित प्रभाव से आम जनता के साथ साथ किसान के माथे पर पसीने देखने को मिली। गुरुवार को सुबह हल्की बुंदा बांदी से शुरू होकर दिन भर झमाझम बारिश होती रही। खेतों में धान, बाजार, ज्वार तथा मक्का की खड़ी फसलें लहलहा रही है वहीं चक्रवाती तूफान किसानों को पसीना बहा रहा है। किसानों की मुख्य फसल धान खेतों में बलिया लेकर लहलहा रहीं हैं। किसान रात दिन मेहनत कर रखवाली कर रहा था वहीं चक्रवाती तूफान गुरुवार से अंतिम परेशानी में डाल दिया है। पशु पालक चक्रवाती तूफ़ान जिला प्रशासन की चेतावनी सुरक्षित स्थानों पर रहना,पशुओं के चारा पानी तथा सुरक्षित रखने को लेकर काफी परेशान हैं। कारवा चौथ के पर्व की खरीदारी ग्राहक पानी में भींग कर कर रहे थे। वैसे मौसम को लेकर कस्बा में ग्राहकों का अभाव था। माला फूल, फल बेचने वाले दुकानदार सड़क किनारे भींग कर दुकानदारी करने को मजबूर थे।

डीडीयू मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट की बैठक

मुगलसराय। डीडीयू मंडल में माल लदान को बढ़ावा देने तथा रेल परिवहन के माध्यम से व्यापारियों एवं उद्यमियों को उपलब्ध सुविधाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) की बैठक आयोजित की गई। वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक कुलदीप सहित बीडीयू से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे बैठक में सभाकक्ष में तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद्यान्न, सीमेंट सहित विभिन्न वस्तुओं के व्यापार एवं परिवहन से जुड़े उद्यमियों और व्यापारियों ने भाग लिया।

बहुजन ने दूसरी बार प्रदीप पर जताया भरोसा

मुगलसराय। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दूसरी बार प्रदीप कुमार पर विश्वास करते हुए जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर अब संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी होगी । पार्टी आगामी चुनाव को लेकर तैयारी करने में लगी हुई है। इसी क्रम में इस बदलाव को देखा जा रहा है। जिसके लिए जनपद के हर क्षेत्र से लोगों को मायावती के कार्यकाल और नीतियों को बूथ स्तर पर बता कर जोड़ना होगा । दूसरी बार जिम्मेदारी मिलने पर प्रदीप कुमार ने बताया की बहनजी के उम्मीद पर पूरी निष्ठा से पार्टी को पुनः स्थापित करने पर ध्यान दिया जायेगा । इसके लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संपर्क और संवाद कर पार्टी को जनपद में मजबूत करने का कार्य करेंगे ।



नेशनल हाईवे पर पलटा बालू लदा डंपर

चंदौली। जिला अस्पताल के समीप नेशनल हाईवे पर गुरुवार को बालू से लदा एक डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। दुर्घटना के बाद डंपर का चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। वहीं सड़क पर बालू फैल जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बताते हैं कि अस्पताल के पास नेशनल हाईवे से गुजर रहा बालू लदा डंपर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया। डंपर पलटने से उसमें लदी बालू सड़क पर बिखर गई, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई। हाईवे पर यातायात प्रभावित होने के कारण कुछ समय तक वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ी। घटना की सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति का जायजा लेते हुए क्रेन की मदद से पलटे डंपर को सड़क से हटवाया। इसके बाद सड़क पर बिखरी बालू को हटाने की कार्रवाई की गई और यातायात को दोबारा चालू कराया गया।

अवैध दुकानों का जाल, राहगीरों की सुरक्षा से खिलवाड़

पड़ाव। स्थानीय चौराहे के समीप पड़ाव से रामनगर जाने वाले मार्ग पर देशी शराब और कंपोजिट अंग्रेजी शराब की दुकानों के आसपास कथित अवैध चखने की दुकानों का जाल फैला हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां आधा दर्जन से अधिक चखने की दुकानें संचालित हो रही हैं। सुबह से देर रात तक शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। आए दिन गाली-गलौज और हंगामे के बीच इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर जिम्मेदार विभागों की नजर इस समस्या पर क्यों नहीं पड़ रही है। शराब की दुकानों के आसपास अस्थायी रूप से बस, ऑटो और ई-रिक्शा का ठहराव भी होता है। यहां से बड़ी संख्या में महिलाएं,युवतियां और अन्य राहगीर अपने गंतव्य तक जाने के लिए वाहन पकड़ते हैं। वहीं, फुटपाथ पर चखने की दुकानों का कब्जा होने से पैदल चलने वालों के लिए रास्ता तक नहीं बचता। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के बीच दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। महिलाओं और युवतियों को भी शराबियों के जमावड़े के बीच से गुजरना पड़ता है। इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तीन दिन पहले पड़ाव चौराहे पर शराब के नशे में धुत दो लोगों ने जमकर हंगामा किया था। बताया जाता है कि दोनों के बीच ऑटो के किराये को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान एक शराबी ने पिकेट में रखे जनरेटर के हैंडल से वहां लगे शीशे तोड़ दिए। बाद में ट्रैफिक पुलिस ने पकड़े गए युवक को स्थानीय चौकी के हवाले कर दिया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि शराब की दुकानों के आसपास अवैध रूप से चखने की दुकानें संचालित हो रही हैं,फुटपाथ पर अतिक्रमण है और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है, तो संबंधित विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। आखिर इन दुकानों को किसका संरक्षण प्राप्त है, क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी।

संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन सती चरित्र, शिव-पार्वती विवाह का वर्णन

चकिया। नगर स्थित मां काली मंदिर परिसर में श्री मानस प्रेस यज्ञ सेवा समिति की ओर से आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा वाचक व्यास मुकेश आनंद महाराज ने कहा कि रामकथा केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणा है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन में प्रेमए सद्भाव, संस्कार और मर्यादा को स्थान दे सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से परिवार और समाज में अच्छे संस्कारों को बढ़ावा देने तथा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। व्यास मुकेश आनंद महाराज ने कहा कि माता सती ने अभिमानवश कुंभज ऋषि से श्रीराम कथा नहीं सुनी और भगवान श्रीराम पर संदेह किया। इसके बाद माता सती बिना बुलाए अपने पिता दक्ष के यज्ञ में पहुंचीं। वहां भगवान शिव और स्वयं का अपमान देखकर वह अत्यंत व्यथित हो गईं। अपमान सहन न कर पाने के कारण माता सती ने योगाग्नि के माध्यम से अपने शरीर का त्याग कर दिया। उन्होंने आगे बताया कि माता सती ने पुनःहिमालय के घर पार्वती के रूप में जन्म लिया। इसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह आनंदपूर्वक संपन्न हुआ। हिमाचल ने कन्यादान किया, जबकि भगवान विष्णु सहित अन्य देवी-देवताओं ने विविध उपहार भेंट किए। ब्रह्माजी ने वेदोक्त विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया। महाराज ने कहा कि श्रीराम कथा हमें अहंकार त्यागने, श्रद्धा बनाए रखने और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा में विजयानंद द्विवेदी, कैलाश जायसवाल अवध बिहारी मिश्रा डॉ गीता शुक्ला, सहित तमाम श्रोता मौजूद है।



दूसरों के घर रोशन करने वाले कुम्हारों की जिंदगी में खुशहाली का इंतजार

बबुरी। दीपावली नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। कहीं रंग-बिरंगी झालरें सज रही हैं तो कहीं पूजन सामग्री की दुकानें सजने लगी हैं। इस बीच क्षेत्र के कुम्हार भी त्योहार की तैयारियों में जुट गए हैं। चाक पर मिट्टी को आकार देकर दीय, खिलौने, गुल्लक और कलश बनाने के साथ मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाएं भी तैयार की जा रही हैं। दूसरों के घरों को रोशन करने और पूजा के लिए प्रतिमाएं बनाने वाले इन कारीगरों के सामने अपनी पुश्तैनी कला को बचाए रखने की चुनौती है। प्लास्टिक के खिलौनों और बिजली की झालरों के बढ़ते चलन के बीच उनकी उम्मीदें दीपावली के बाजार पर टिकी हैं। कस्बे के कुम्हार परिवार त्योहार के लिए मिट्टी के दीये और अन्य सामान तैयार करने में जुटे हैं। कोई मिट्टी गूंथकर चाक पर दीये बना रहा है, तो कोई हाथी, घोड़े, चिड़िया और अन्य खिलौनों को आकार दे रहा है। वहीं, कारीगर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने में भी लगे हैं। प्रतिमाओं को आकार देने के बाद सुखाने और रंग-रोगन करने का काम किया जाता है। इसके बाद इन्हें बाजार में बिक्री के लिए पहुंचाया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में मेहनत के साथ समय और धन भी खर्च होता है। मिट्टी, ईंधन, रंग और ढुलाई की बढ़ती लागत भी कारीगरों के लिए चुनौती है। एक समय था,जब दीपावली पर मिट्टी के खिलौनों की खूब मांग रहती थी। बच्चों को मिट्टी के हाथी-घोड़े, चिड़िया और गुल्लक खूब पसंद आते थे। त्योहार के बाजारों में इनकी अलग रौनक दिखाई देती थी। अब प्लास्टिक के खिलौनों और मशीनों से बने सजावटी सामान का चलन बढ़ने से पारंपरिक उत्पादों के सामने प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। हालांकि, दीपावली पर मिट्टी के दीये और गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमाएं पूजा की परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन कारीगरों के लिए अपने उत्पादों की बिक्री और उचित कीमत पाना बड़ी चुनौती बना हुआ है।

पुलिस अधीक्षक ने की अपराध समीक्षा बैठक

चन्दौली। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल द्वारा शिविर पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सतीश चन्द्र शुक्ला की उपस्थिति में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों व शाखा प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उच्चाधिकारीगण द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप जनपदीय पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु निम्नलिखित बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई एवं कड़े दिशाःनिर्देश निर्गत किए गए। वांछित अपराधियो, वारंटियों एवं संदिग्धों के विरुद्ध अभियानों की समीक्षा तथा कठोर दंडात्मक कार्यवाही जनपद में विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे अभियुक्तों, न्यायालय से जारी एनबीडब्ल्यू गैर-जमानती वारंटियों एवं संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की बिंदुवार समीक्षा की गई। चिन्हित पेशेवर अपराधियों, भू-माफियाओं एवं संगठित अपराध में शामिल तत्वों के विरुद्ध 'गुंडा एक्ट' तथा 'गैंगस्टर एक्ट' जैसी कठोर धाराओं के तहत अधिकतम कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। जनपद के सभी थानों के अंतर्गत आने वाले हिस्ट्रीशीटरों की भौतिक सत्यापन एवं नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। यदि कोई भी हिस्ट्रीशीटर पुनः आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसकी जमानत निरस्तीकरण एवं तत्काल गिरफ्तारी हेतु त्वरित विधिक कार्यवाही की जाए।



जानलेवा हमले के आरोपित छह बदमाशों का गैंग पंजीकृत

चंदौली। जनपद में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जान से मारने की नीयत से हमला करने, मारपीट, तोड़फोड़ और रंगदारी मांगने जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त बताए जा रहे छह आरोपितों के संगठित गिरोह का गैंग पंजीकरण किया गया है। पुलिस ने इस गिरोह को जनपद स्तर पर गैंग नंबर 95 के रूप में पंजीकृत किया है। पुलिस का कहना है कि गिरोह की आपराधिक गतिविधियों से क्षेत्र में भय का माहौल पैदा हो रहा था। इसी को देखते हुए आरोपितों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी और नियंत्रण के लिए यह कार्रवाई की गई। उक्त प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वर पांडेय और चंदौली थाना पुलिस टीम ने की। सीओ ने कहा कि संगठित अपराध में संलिप्त आरोपितों के खिलाफ आगे भी प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

छह माह बाद भी साढ़े तीन सौ मीटर ब्लाक मार्ग की नहीं हुई मरम्मत

सकलडीहा। शासन की ओर से लिंक मार्ग से लेकर प्रमुख मार्गों को गड्ढा मुक्त के साथ मरम्मत कार्य तेजी से कराये जाने का निर्देश है। इसके बाद भी सकलडीहा तहसील जाने वाली मात्र साढे तीन सौ मीटर ब्लॉक मार्ग महीनों से अधूरा पड़ा है। आरोप है कि ब्लॉक रोड पर बिजली पोल केबिल व तार हटाये नहीं जाने से सड़क निर्माण कार्य डंप पड़ा हुआ है। जिसे लेकर आवागमन में काफी समस्या हो रही है। इसके बाद भी बिजली विभाग के ठेकेदार की ओरसे पोल हटाये जाने को लेकर चुप्पी साध लिया गया है। सकलडीहा ब्लॉक रोड पर साढे तीन सौ मीटर सड़क सात मीटर चौड़ी और बारह सौ मीटर नाला बनाये जाने का प्रस्ताव पारित है। बीते छह माह से सड़क को खोदकर गिट्टी डाल दिया गया है। जगह जगह नाला का निर्माण भी किया गया है। लेकिन सड़क के किनारे लगे बिजली के पोल, केबिल, तार नहीं हटाये जाने से सड़क का निर्माण कार्य महीनों से अधूरा पड़ा हुआ है। जबकि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बिजली पोल तार को सिफ्टिंग के लिये बिजली विभाग के ठेकेदार को भुगतान भी कर दिया गया है। सड़क निर्माण कार्य अधूरा होने पर गिट्टी डालकर छोड़ देने से सुबह शाम आने जाने वाले राहगीर बुर्जुग महिलायें और बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे है। इसके बाद भी विभागीय ठेकेदार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। इस बाबत पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता आलोक सिंह ने बताया कि बार बार बिजली विभाग के अधिकारियों के बताने के बाद भी बिजली पोल हटाये नहीं जाने से काम बंद पड़ा हुआ है। दिपावली से पूर्व सड़क निर्माण कार्य को पूरा कराये जाने का लक्ष्य है।



महाविद्यालय में सत्यनिष्ठा से समृद्धि की दिलायी शपथ

चकिया। सावित्रीबाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत ष्सत्यनिष्ठा से समृद्धि विषय पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार केंद्रीय सतर्कता आयोग की ओर से आयोजित यह सप्ताह 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों में ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शमशेर बहादुर ने उपस्थित लोगों को सत्यनिष्ठा का पालन करने, भ्रष्टाचार से दूर रहने, अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा समाज में नैतिक आचरण को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों में सत्यनिष्ठा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है। समाजशास्त्र के वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए सभी को अपने कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. सरवन कुमार यादव, डॉ. रमाकांत गौड़, डॉ. रोहित यादव सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक,कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गैस गोदाम में सिलेंडर चोरी के आरोप में चार अभियुक्त गिरफ्तार

चंदौली। अलीनगर थाना क्षेत्र में इंडेन गैस गोदाम से सिलेंडर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 30 सिलेंडर, टाटा मैजिक गाड़ी, 6,400 रुपए नकद और मोबाइल फोन बरामद किए। कार्रवाई गुरुवार रात गश्त और चेकिंग के दौरान हुई। पुलिस के मुताबिक, 29 अक्टूबर की रात टीम मानसनगर कॉलोनी स्थित गोदाम के पास गश्त कर रही थी। खड़खड़ाहट की आवाज सुनकर पुलिसकर्मी वहां पहुंचे। आरोप है कि रोहित खरवार गोदाम में सेंध लगाकर सिलेंडर चुरा रहा था। पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में रोहित ने बताया कि उसने अपने छोटे भाई मोहित खरवार और साथी रतन गौड़ के साथ चोरी की थी। उसने यह भी बताया कि चोरी के 11 सिलेंडर टाटा मैजिक से पटनवा निवासी सुधीर सिंह के घर बेचने के लिए ले जाए गए थे। इसके बाद पुलिस ने पटनवा में छापा मारकर तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गोदाम से 19 और सुधीर सिंह के घर से 11 सिलेंडर बरामद किए। चोरी में इस्तेमाल टाटा मैजिक गाड़ी में 6,400 रुपए नकद और आरोपियों के मोबाइल फोन भी मिले। गिरफ्तार लोगों की पहचान रोहित खरवार 23 मोहित खरवार 19 रतन गौड़ 20 और सुधीर सिंह 46 के रूप में हुई है। सभी चंदौली जिले के निवासी हैं। प्रभारी निरीक्षक गगन राज सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई।

कचरा प्रबंधन विषयक गोष्ठी

सैयदराजा। नगर पंचायत सैयदराजा के लोहियानगर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरूवार को प्राचार्य प्रो रमेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कचरा प्रबंधन विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ रवि प्रकाश ने छात्राओं को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रकार के कचरे को निस्तारित करने की विविध प्रक्रियाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और छात्राओं से अपने घर, महाविद्यालय और आस पास के कचरे को उचित ढंग से प्रबंधित करने और स्वच्छता रखने का आह्वाहन किया। इसके पश्चात डॉ अनुराग सिंह ने सभी को स्वच्छता जागरूकता और डॉ सर्वेश तिवारी ने सतर्कता जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संयोजन डॉ अवनीश कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ श्रद्धा मिश्रा ने किया। उक्त अवसर पर प्रो सुनील कुमार, डॉ अजय कुमार सोनकर, डॉ अभय राज यादव, डॉ नीरज सिंह, डॉ ऋतेष गौरव, संकट मोचन झा, अमित कुमार, प्रमोद कुमार केसरी, पवन कुमार, शिव शंकर कुमार एवं राजन पांडेय सहित सैकड़ो छात्राएं उपस्थित रहीं।

शेष

विधायक...

गोपीगंज थाना प्रभारी सच्चिदानंद पांडे ने बताया कि रघुराज प्रताप सिंह को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां और धमकी भरे संदेश विभिन्न खातों से पोस्ट किये गये थे। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के भदोही अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने बुधवार शाम को इस संबंध में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस को कथित धमकी भरे संदेशों की प्रतियां भी सौंपी गईं। शिकायत के अनुसार, ये धमकियां 23 अक्तूबर से सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही थीं। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को इन कथित धमकी भरे संदेशों की प्रतियां भी उपलब्ध करायी गयी हैं। गोपीगंज थाना प्रभारी सच्चिदानंद पांडे ने शिकायत की पुष्टि की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल काररवाई शुरू कर दी है। धमकी भरे संदेश और आपत्तिजनक टिप्पणियां तीन अलग-अलग सोशल मीडिया खातों से पोस्ट की गयी थीं। ये खाते इंस्टाग्राम और फेसबुक पर सक्रिय थे। पुलिस के अनुसार, ये संदेश पिछले एक सप्ताह से प्रसारित हो रहे थे। शिकायत में विशेष रूप से 23 अक्तूबर से धमकियों के प्रसार का उल्लेख है। इन संदेशों में सीधे तौर पर रघुराज प्रताप सिंह को निशाना बनाया गया था। पुलिस अब इन खातों की पहचान करने और उनके पीछे के व्यक्तियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

यूपी : चरित्र...

ओर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि केवल सत्यापन रिपोर्ट लंबित होने के कारण नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया नहीं रोकी जाएगी। नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थी से निर्धारित सत्यापन प्रपत्र और स्वघोषणा पत्र प्राप्त कर नियुक्ति पत्र जारी करेंगे। नई नीति में अभ्यर्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। सामान्य परिस्थितियों में चरित्र सत्यापन के लिए पुलिस या स्थानीय अभिसूचना इकाई अभ्यर्थी के घर जाकर पूछताछ नहीं करेगी। उसे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए भी नहीं बुलाया जाएगा। सत्यापन के लिए पुलिस महानिदेशक अभिसूचना और जिलाधिकारियों को संदर्भ प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध करानी होगी। निर्धारित अवधि में रिपोर्ट नहीं मिलने पर नियुक्ति प्राधिकारी मामला गृह विभाग को भेजेंगे। गृह विभाग रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा। सरकार ने आपराधिक मामलों से संबंधित नियम भी स्पष्ट कर दिए हैं। केवल एफआईआर दर्ज होने, विवेचना लंबित होने या आरोपपत्र दाखिल होने से अभ्यर्थी स्वत: अयोग्य नहीं होगा। किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस या स्थानीय अभिसूचना इकाई की रिपोर्ट प्रतिकूल आने पर भी उसे अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा। जिलाधिकारी अपनी रिपोर्ट नियुक्ति प्राधिकारी को भेजने से पहले संबंधित अभ्यर्थी की सुनवाई करेंगे। यह सुनवाई ऑनलाइन भी हो सकेगी।

ज्ञानेश कुमार...

लोग शामिल होंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने संविधान के प्रावधानों और भावना का उल्लंघन कर चुनावी लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर की है। विपक्ष का आरोप है कि कार्यक्रम को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन गठबंधन इसे आयोजित करने पर अडिग है।

यूपीके...

करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। शुक्रवार को जारी होने वाली पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त से उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों के खाते में 4482.19 करोड़ की धनराशि आएगी। योजना की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इसमें पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में तीन किस्त में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जून 2026 में पश्चिम बंगाल से सम्मान निधि का लाभ किसानों को दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी में 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की थी।

यूपीमें आपरेशन...

गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी अंकुश लगाना और लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना रहा। यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण की पहल पर यातायात निदेशालय के माध्यम से चलाए जा रहे इस अभियान में अपर पुलिस महानिदेशक यातायात ए. सतीश गणेश के निर्देशन में कार्रवाई की गई। प्रदेश के प्रमुख एक्सप्रेसवे और चिन्हित स्थानों पर इंटरसेप्टर वाहनों के जरिए तेज गति से चलने वाले वाहनों की निगरानी की गई। निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।'ऑपरेशन सेफ स्पीड' का पहला चरण 26 अक्टूबर और दूसरा चरण 28 अक्टूबर 2026 को चलाया गया। दोनों चरणों में प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर एक साथ विशेष जांच की गई। इस दौरान यमुना एक्सप्रेसवे पर सबसे अधिक 3,116 चालान किए गए और 66 लाख 98 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर 1,289 चालान कर 24 लाख 18 हजार रुपये, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 537 चालान कर 11 लाख 82 हजार 500 रुपये और गंगा एक्सप्रेसवे पर 553 चालान कर 9 लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

यूपीमें हुई परिवर्तन...

डबल हार हुई है। दोबारा मतगणना के बाद भी भाजपा डबल हारी है। उसकी डबल हारने की आदत है। 2027 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की हार तय है। यह बातें उन्होने गुरुवार को पार्टी प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त कीं। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा के कुशासन से त्रस्त हो चुकी हैं। भाजपा सरकार के भेदभाव, अन्याय, अत्याचार और बेईमानी से उत्तर प्रदेश का हर व्यक्ति और हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ने किसानों नौजवानो, शिक्षकों, व्यापारियों, कर्मचारी सभी को ठगने का काम किया है। भाजपा ने हर तबके से झूठे वादे किए। सत्ता में आने के बाद सबको बारी-बारी से ठगा। जनता से किया कोई भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होने कहा कि इस सरकार की महंगाई और भ्रष्टाचार ने सभी को बेहाल कर दिया है। जनता में भाजपा के प्रति आक्रोश और निराशा है। अब 2027 के विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश की जनता इसी तरह से भाजपा का सफाया कर देगी। जनता ने भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा देख लिया है। भाजपा की चोरी और बेईमानी लगातार पकड़ी जा रही है। जनता समझ गई है भाजपा बेईमान, झूठी और धोखेबाज पार्टी है। भाजपा नफ़रत की राजनीति करती है। समाज को बांटने का काम करती है। इसने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। किसानोंए नौजवानों का भविष्य खराब कर दिया है। प्रदेश की जनता को अब सिर्फ समाजवादी पार्टी से ही उम्मीद है।

पाकिस्तान...

जुड़े ग्रुप्स के जरिए बेच रहा था। पूछताछ में पाकिस्तान, बांग्लादेश, तुर्किये, मिस्र और अन्य देशों के लोगों व समूहों से संपर्क भी सामने आया है। आरोपी के मोबाइल में अलग-अलग देशों के नंबरों से व्हाट्सऐप नंबर और बड़ी मात्रा में यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी लेन-देन से जुड़ी जानकारी भी मिली है। एटीएस के मुताबिक आरोपी ने बांग्लादेशी नागरिक अलामीन इस्लाम को फर्जी ई-मेल आईडी उपलब्ध कराई थी। इसके बदले उसे 6 हजार यूएसडीटी भुगतान किए गए। जांच एजेंसी अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने में जुटी है।जिस ई-मेल आईडी से नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम के स्कूलों को धमकी भरे संदेश भेजे गए, वह आरोपी के लैपटॉप और मोबाइल में मिली फर्जी आईडी में शामिल थी। इन ईमेल में खालिस्तान नेशनल आर्मी और बब्बर खालसा का नाम लेकर धमकियां दी गई थीं। पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के दिल्ली-एनसीआर में प्रस्तावित कार्यक्रम और एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता के घर को भी निशाना बनाने की धमकी भी शामिल है। 23 अक्टूबर को मुंबई में मेयर कार्यालय को बम विस्फोट की धमकी भेजने के मामले में इस्तेमाल हुई एक अन्य ई-मेल आईडी भी आरोपी के पास मिली। एटीएस के मुताबिक12 अक्टूबर को नोएडा के स्कूलों और अन्य स्थानों पर भेजे गए धमकी भरे ई-मेल से संबंधित आईडी भी जांच में सामने आई है।गिरफ्तारी के दौरान बरामद लैपटॉप की एक्सेल फाइलों में करीब 5 लाख ई-मेल आईडी मिली हैं। इन आईडी के साथ पासवर्ड, रिकवरी ई-मेल और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन से जुड़ी जानकारी भी दर्ज थीं।एटीएस की जांच में सामने आया कि आरोपी फर्जी ई-मेल आईडी उपलब्ध कराने के बदले बाइनेंस क्रिप्टो वॉलेट के जरिए भुगतान लेता था। बांग्लादेशी नागरिक अलामीन इस्लाम के साथ व्हाट्सएप पर संपर्क और भुगतान से जुड़े साक्ष्य भी मिले हैं।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022465

आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57


फोन:- 2393981 से 2393987 तक

E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com

Website : www.ajhindidaily.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें।



सूर्योदय : ०६.०४
सूर्यास्त : ०५.१९

तापमान
अधि. : २७.०
न्यून. : २२.०

नसीरुद्दीन शाह के विचार भारतीय लोकतंत्र के लिए 'खतरनाक'-रिजिजू

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने नसीरुद्दीन शाह को एक 'खतरनाक शहरी दिमागी नक्सली' करार देते हुए कहा है कि उनके विचार भारतीय लोकतंत्र के लिए 'बेहद हानिकारक' हैं। शाह ने एक वीडियो पोस्ट करके केंद्र सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को नष्ट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रीजीजू ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह शाह का सम्मान करते थे, लेकिन उन्हें शाह के 'असली चरित्र' के बारे में बहुत देर से पता चला। मंगलवार को फेसबुक पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, काफी गुस्से में दिख रहे शाह ने जामिया मिलिया इस्लामिया में छात्र संघ को बहाल करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों का समर्थन किया। उन्होंने खुद को 'दिमागी नक्सल' बताया। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने और 'देश के युवाओं का हौसला' तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने 'दिमागी नक्सल' लिखी एक पिन भी लगा रखी थी, जिसे उन्होंने कैमरे के सामने दिखाया। रीजीजू ने अभिनेता की आलोचना करते हुए कहा कि मुझे लगा था कि नसीरुद्दीन शाह बस एक अभिनेता हैं। मैं उनका सम्मान करता था और उन्हें पसंद भी करता था... मुझे कभी पता नहीं था कि वह एक खतरनाक 'शहरी दिमागी नक्सली' हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उनके असली चरित्र के बारे में बहुत देर से पता चला। (उनके विचार) भारत के लोकतंत्र के लिए बेहद हानिकारक हैं। दिमागी नक्सल शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में किया था। उन्होंने 'दिमागी नक्सलियों' को ऐसे लोगों के रूप में बताया, जो कथित तौर पर तंत्र में गहराई तक पैठ बना चुके हैं समाज के लिए खतरा बने हुए हैं।

रेस कोर्स मस्जिद में नमाज की इजाजत पर दिल्ली हाईकोर्ट की सुरक्षा कारणों से सरकार को नहीं कर सकते मजबूर

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को रेस कोर्स मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए लोगों को जाने की इजाजत देने का आदेश देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इलाके में तोड़फोड़ का काम चल रहा है और ऐसे में लोगों की सुरक्षा को देखते हुए केंद्र सरकार को मस्जिद में नमाज की इजाजत देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। जस्टिस अनिश दयाल की बेंच मस्जिद में नमाज पढ़ने जाने वाले सैयद अहमद सऊद की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि लोगों को मस्जिद में जाने से रोका जा रहा है। उन्होंने मस्जिद को तोड़े जाने की आशंका जताते हुए इसे सुरक्षा देने और नमाज पढ़ने के लिए रास्ता खोलने की मांग की थी। केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील आशीष दीक्षित ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के आवेदन पर फैसला होने तक मस्जिद को नहीं तोड़ा जाएगा। हालांकि, आसपास के इलाके में तोड़फोड़ चलने के कारण वहां लोगों को जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। सरकार ने यह भी बताया कि इलाके में मौजूद एक मंदिर में भी लोगों को जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। इस पर कोर्ट ने कहा कि अगर तोड़फोड़ के दौरान किसी को चोट लगती है, तो मुआवजा कौन देगा? कोर्ट ने माना कि सुरक्षा को देखते हुए सरकार की दलील सही है। याचिका में कहा गया है कि मस्जिद 150 साल से ज्यादा पुरानी है। 1977 में इसे वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज किया गया था। याचिकाकर्ता के मुताबिक, दिल्ली सरकार की 2009 की अधिसूचना के तहत इसे ग्रेड-2 विरासत स्थल का दर्जा भी मिला हुआ है। याचिका में यह भी दावा किया गया कि आसपास की झुग्गियों को हटाने के दौरान 7 अक्टूबर को मस्जिद की बिजली और पानी की सप्लाई काट दी गई थी। याचिकाकर्ता का कहना है कि मस्जिद उन जगहों की सूची में शामिल नहीं थी, जिन्हें अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के तहत खाली कराया जाना था। दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया कि वक्फ बोर्ड के आवेदन पर फैसला होने तक मस्जिद को नहीं तोड़ा जाएगा। कोर्ट ने सरकार को मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद मेहदी 3 नवंबर को इस्तीफा देने पर अड़े

नयी दिल्ली (आससे.)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने एक बार फिर दोहराया है कि वह 3 नवंबर को पार्टी और लोकसभा दोनों से इस्तीफा दे देंगे। यह तारीख उनके पिता, दिवंगत वरिष्ठ शिया धर्मगुरु आगा सैयद मेहदी की शहादत की बरसी के दिन ही पड़ रही है। आगा ने कहा कि जब से उन्होंने यह घोषणा की है, तब से उनके फैसले में कोई बदलाव नहीं आया है।रुहुल्लाह ने कहा, मैं अपनी घोषणा के समय जितना पक्का था, आज भी उतना ही पक्का हूं। तब से कुछ भी नहीं बदला है। हालात वैसे ही हैं। मुझे अपना फैसला बदलने की कोई वजह नहीं दिखती। जैसा कि मैंने पहले ही बताया था मैं 3 नवंबर को नेशनल कॉन्फ्रेंस और संसद, दोनों से इस्तीफा दे रहा हूं। आगे की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, देखते हैं कि उसके बाद हालात कैसे मोड़ लेते हैं। अपने फैसले के बारे में बताते हुए सांसद रुहुल्लाह ने कहा कि पिछले दो वर्षों में पार्टी के बर्ताव ने उनके लिए यह जरूरी कर दिया है कि वह अपने राजनीतिक संघर्ष को और अधिक स्पष्टता के साथ आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा, पिछले दो वर्षों में पार्टी ने जिस तरह का व्यवहार किया है और जिस तरह से उन्होंने मेरी राजनीतिक जिम्मेदारियों और हमारे साझा एजेंडे को लेकर किए गए मेरे प्रयासों को बदनाम करने की कोशिश की है। उसके बाद पार्टी में बने रहने का कोई मतलब नहीं है।आगा लगातार मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की आलोचना कर रहे हैं। उनका कहना है कि उमर अब्दुल्ला उन वादों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं, जो कश्मीर में पार्टी को मिले भारी जनादेश का आधार बने थे। सांसद रूहुल्लाह ने कई बार पार्टी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका तर्क है कि संवैधानिक अधिकारों को लेकर पार्टी का रुख उन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा, जो चुनावों के दौरान जगाई गई थीं। उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की भी आलोचना की है। उनके अनुसार, उमर पार्टी के घोषित राजनीतिक सिद्धांतों से भटक गए हैं।यह मतभेद दिसंबर 2024 में तब खुलकर सामने आया, जब रूहुल्लाह श्रीनगर में उमर अब्दुल्ला के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ शामिल हो गए। ये छात्र जम्मू-कश्मीर की आरक्षण नीति के खिलाफ विरोध कर रहे थे। यह विरोध प्रदर्शन उन छात्रों और नौकरी के उम्मीदवारों द्वारा आयोजित किया गया था, जो आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग कर रहे थे। उनका तर्क था कि ओपन-मेरिट (सामान्य श्रेणी) के उम्मीदवारों के लिए सीटों और सरकारी नौकरियों का हिस्सा बहुत कम हो गया है।

अमित शाह का लखनऊ दौरा आज, कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

लखनऊ (आससे)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को लखनऊ दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वह राजधानी में करीब 3 घंटे 15 मिनट तक रहेंगे। इस दौरान वह डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, आशियाना में आयोजित बैठक और कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, अमित शाह सुबह 10.40 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। इसके पांच मिनट बाद सुबह 10.45 बजे सड़क मार्ग से विश्वविद्यालय के लिए रवाना होंगे। सुबह 10.55 बजे उनके डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पहुंचने का कार्यक्रम है। अमित शाह सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक बैठक में शामिल होंगे। इसके लिए डेढ़ घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

मिठाई की दुकानोंपर छापा, १५ के लाइसेंस निलंबित

लखनऊ (आससे.)। दीपावली पर घरों में मिठाइयों की खरीदारी के बीच खाद्य पदार्थों की शुद्धता और सुरक्षित निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने पर जोर दिया है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए), उत्तर प्रदेश के 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के अंतर्गत चित्रकूट मंडल को छोड़कर प्रदेश के 17 मंडलों के 38 जनपदों में मिठाई एवं नमकीन विनिर्माण प्रतिष्ठानों का व्यापक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन सामने आए।विभागीय आंकड़ों के अनुसार, अभियान के तहत 260 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 303 खाद्य नमूनों का संग्रह, 229 सुधार सूचनाएं जारी करने और 15 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस अथवा पंजीकरण के निलंबन की संस्तुति की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 7,660 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त या नष्ट किए गए।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ - 2026

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
02252	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शनि	25.11.2026 तक
02251	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30		मंगल, गुरु, रवि	26.11.2026 तक
02254	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	रवि, मंगल, गुरु	26.11.2026 तक
02253	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30		शनि, सोम, बुध	28.11.2026 तक
04512	चंडीगढ़ जं.	23:35	पटना जं.	21:15	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04511	पटना जं.	23:15	चंडीगढ़ जं.	21:40		शुक्रवार	27.11.2026 तक
04616	फिरोजपुर कैंट जं.	12:00	पटना जं.	18:35	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
04615	पटना जं.	20:20	फिरोजपुर कैंट जं.	23:55		बुधवार	25.11.2026 तक
04008	आनंद विहार(टर्मि.)	08:30	जोगबनी	15:00	साप्ताहिक	शनिवार	07.11.2026 तक
04007	जोगबनी	18:30	आनंद विहार(टर्मि.)	03:00		रविवार	08.11.2026 तक
04028	आनंद विहार(टर्मि.)	09:15	मुजफ्फरपुर जं.	04:30	सप्ताह में 2 दिन	मंगलवार, शुक्रवार	24.11.2026 तक
04027	मुजफ्फरपुर जं.	06:15	आनंद विहार(टर्मि.)	05:30		बुधवार, शनिवार	25.11.2026 तक
04010	दिल्ली जं.	23:05	सीतामढ़ी जं.	23:30	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
04009	सीतामढ़ी जं.	00:45	दिल्ली जं.	20:30		शनिवार	21.11.2026 तक
04014	आनंद विहार(टर्मि.) (वाया लखनऊ (एनआर))	15:40	लौकहा बाजार	20:15	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	29.11.2026 तक
04013	लौकहा बाजार	22:30	आनंद विहार(टर्मि.)	03:40			30.11.2026 तक
04314	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	मुजफ्फरपुर जं.	11:45	सप्ताह में 2 दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04313	मुजफ्फरपुर जं.	13:15	योग नगरी ऋषिकेश	11:15		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04096	आनंद विहार(टर्मि.)	00:05	पाटलिपुत्र जं.	23:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	29.11.2026 तक
04095	पाटलिपुत्र जं.	00:45	आनंद विहार(टर्मि.)	21:30			30.11.2026 तक
04072	नई दिल्ली	21:35	सुपौल	06:35	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	28.11.2026 तक
04071	सुपौल	07:45	नई दिल्ली	15:00			30.11.2026 तक
04052	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा जं.	23:40	सप्ताह में 3 दिन	शुक्र, रवि, मंगल	29.11.2026 तक
04051	हावड़ा जं.	01:40	नई दिल्ली	08:20		रवि, मंगल, गुरु	01.12.2026 तक
04062	आनंद विहार(टर्मि.)	12:00	भागलपुर जं.	13:30	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	27.11.2026 तक
04061	भागलपुर जं.	16:30	आनंद विहार(टर्मि.)	20:00			29.11.2026 तक
04312	योग नगरी ऋषिकेश	22:20	कोलकाता	08:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	20.11.2026 तक
04311	कोलकाता	13:55	योग नगरी ऋषिकेश	23:30		रविवार	22.11.2026 तक
04624	अमृतसर जं.	20:10	कोलकाता	15:00	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
04623	कोलकाता	04:45	अमृतसर जं.	21:05		शनिवार	28.11.2026 तक
04668	अमृतसर जं.	20:10	बरौनी जं.	02:10	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
04667	बरौनी जं.	05:05	अमृतसर जं.	13:50		मंगलवार	01.12.2026 तक
04090	नई दिल्ली	23:30	दानापुर जं.	15:00	सप्ताह में 2 दिन	शुक्रवार, बुधवार	27.11.2026 तक
04089	दानापुर जं.	16:40	नई दिल्ली	09:45		शनिवार, गुरुवार	28.11.2026 तक
04098	शकूर बस्ती	09:20	दरभंगा जं.	11:45	सप्ताह में 6 दिन	मंगलवार को छोड़कर	29.11.2026 तक
04097	दरभंगा जं.	14:00	शकूर बस्ती	18:00		बुधवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04076	दिल्ली जं.	00:30	कामाख्या जं.	21:15	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
04075	कामाख्या जं.	05:00	दिल्ली जं.	20:40		सोमवार	30.11.2026 तक
04064	दिल्ली जं.	11:00	गया जं.	07:15	सप्ताह में 6 दिन	शनिवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04063	गया जं.	09:15	दिल्ली जं.	08:00		रविवार को छोड़कर	01.12.2026 तक
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जं.	12:45	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04087	पटना जं.	15:10	नई दिल्ली	13:30			01.12.2026 तक
04634	फिरोजपुर कैंट जं.	17:30	पूर्णिया जं.	03:00	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04633	पूर्णिया जं.	06:00	फिरोजपुर कैंट जं.	16:35		शनिवार	28.11.2026 तक
04652	अमृतसर जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	10:55	जयनगर	20:00	सप्ताह में 3 दिन	बुध, शुक्र, रविवार	29.11.2026 तक
04651	जयनगर	04:15	अमृतसर जं.	15:00		शुक्र, रवि, मंगल	01.12.2026 तक
04406	शकूर बस्ती	19:10	मानसी जं.	02:30	तिथिवार	गुरु, शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	05, 06, 07, 10, 11, 12, 13 एवं 14.11.2026
04405	मानसी जं.	04:30	शकूर बस्ती	11:30		शनि, रवि, सोम, गुरु, शुक्र, शनि, रवि, सोम	07, 08, 09, 12, 13, 14, 15 एवं 16.11.2026
04638	अमृतसर जं.	19:40	छपरा जं.	20:45	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04637	छपरा जं.	22:15	अमृतसर जं.	00:20		मंगलवार	01.12.2026 तक
04640	छेहरटा	08:35	मुजफ्फरपुर जं.	13:10	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04639	मुजफ्फरपुर जं.	16:00	छेहरटा	21:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
04404	शकूर बस्ती	15:15	पटना जं.	14:30	तिथिवार	गुरु, शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	05, 06, 07, 10, 11, 12, 13 एवं 14.11.2026
04403	पटना जं.	15:40	शकूर बस्ती	15:00		शुक्र, शनि, रवि, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि	06, 07, 08, 11, 12, 13, 14 एवं 15.11.2026
04410	शकूर बस्ती	13:00	झंझारपुर जं.	16:00	तिथिवार	गुरु, शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	05, 06, 07, 10, 11, 12, 13 एवं 14.11.2026
04409	झंझारपुर जं.	18:15	शकूर बस्ती	01:40		शुक्र, शनि, रवि, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि	06, 07, 08, 11, 12, 13, 14 एवं 15.11.2026
04536	चंडीगढ़ जं.	23:45	बरौनी जं.	00:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
04535	बरौनी जं.	02:35	चंडीगढ़ जं.	03:35		रविवार	29.11.2026 तक
04209	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50		मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या कैंट जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	18:20	आनंद विहार(टर्मि.)	06:10	सप्ताह में 2 दिन	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार(टर्मि.)	09:00	अयोध्या कैंट जं.	22:00		सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में 2 दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं.	06:00	वाराणसी जं.	00:55		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04604	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	18:15	वाराणसी जं.	18:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
04603	वाराणसी जं.	04:30	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	04:40		मंगलवार	01.12.2026 तक
04610	जम्मू तवी (वाया लखनऊ (एनआर))	05:15	वाराणसी जं.	05:10	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04609	वाराणसी जं.	09:00	जम्मू तवी	08:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक
04081	नई दिल्ली	23:45	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	12:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	06.11.2026 तक
04082	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	21:00	नई दिल्ली	10:00			07.11.2026 तक
04221	वाराणसी जं.	20:40	बठिंडा जं.	17:00	साप्ताहिक	रविवार	22.11.2026 तक
04222	बठिंडा जं.	20:50	वाराणसी जं.	17:30		सोमवार	23.11.2026 तक
04201	वाराणसी जं.	16:20	अयोध्या धाम जं.	21:40	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04202	अयोध्या धाम जं.	22:20	वाराणसी जं.	04:00			30.11.2026 तक
04002	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:45	दादर	22:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
04001	दादर	00:15	हज़रत निज़ामुद्दीन	21:35		गुरुवार	26.11.2026 तक
04212	सुल्तानपुर जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	04:00	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	14:00	साप्ताहिक	बुधवार	11.11.2026 तक
04211	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	15:00	सुल्तानपुर जं.	23:00		गुरुवार	12.11.2026 तक
04226	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	01:35	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	14:00	साप्ताहिक	गुरुवार	12.11.2026 तक
04225	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	15:00	वाराणसी जं.	02:05		शुक्रवार	13.11.2026 तक
05736	कटिहार जं.	21:00	अमृतसर जं.	09:45	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
05735	अमृतसर जं.	13:25	कटिहार जं.	23:45		शुक्रवार	27.11.2026 तक
04656	लुधियाना जं.	17:35	सहरसा जं.	23:50	तिथिवार	शुक्रवार, सोमवार बुधवार	06, 09 एवं 11.11.2026
04655	सहरसा जं.	03:50	लुधियाना जं.	08:35		रविवार, बुधवार शुक्रवार	08, 11 एवं 13.11.2026
04662	लुधियाना जं.	06:30	दरभंगा	10:00	तिथिवार	शनिवार, मंगलवार बुधवार	07, 10 एवं 11.11.2026
04661	दरभंगा	13:00	लुधियाना जं.	17:10		रविवार, बुधवार गुरुवार	08, 11 एवं 12.11.2026
04664	लुधियाना जं.	06:30	गया जं.	08:00	गुरुवार		12.11.2026 को
04663	गया जं.	11:00	लुधियाना जं.	12:50	शुक्रवार		13.11.2026 को
04666	लुधियाना जं.	06:30	कोलकाता	21:45	शुक्रवार		06.11.2026 को
04665	कोलकाता	23:50	लुधियाना जं.	12:50	शनिवार		07.11.2026 को
04528	सरहिन्द	11:25	सहरसा जं.	17:00	तिथिवार	गुरुवार सोमवार	05, 09 एवं 12.11.2026
04527	सहरसा जं.	19:15	अंबाला छावनी	22:20		शुक्रवार मंगलवार	06, 10 एवं 13.11.2026

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

जीत का चौका लगाने उतरेगा भारत

कुलदीप को मिल सकता है मौका, फिट हुए ईशान तो बाहर हो सकते हैं वैभव सूर्यवंशी, न्यूज़ीलैण्डके साथ चौथा टी-२० आज

आकलैंड (एजेन्सियां)। शृंखला जीतने के बाद भारतीय टीम अब न्यूजीलैण्ड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी-२० मैच में भी जीत का चौका लगा क्लीन स्वीप करने की ओर कदम बढ़ाने के इरादे से उतरेगी। इस मुकाबले में अजेय टीम इण्डिया बदलाव के साथ भी उतर सकती है। चौथे मैच में कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती को मौका दिया जा सकता है। दोनों स्पिनरों को पिछले कुछ महीनों में उतने मौके नहीं मिले हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों को चुनने की रणनीति पर जोर देता आया है। अब तक यह रणनीति कारगर भी रही है जिसके दम पर भारत ने तीनों मैच जीते। अगले दो मैचों में अब उतना दबाव नहीं है तो भारत अपने टीम संयोजन में प्रयोग कर सकता है। वरूण का फार्म पिछले छह महीने में अच्छा नहीं रहा है लेकिन कुलदीप ने बीच के ओवरों में विकेट चटकाये हैं। उन्हें वेस्टइण्डीज के खिलाफ घरेलू शृंखला में दो मैचों में मौका मिला लेकिन न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पहले तीन मैचों में बेंच पर ही रहे। कुलदीप को और बाहर रखने से उनके आत्मविश्वास पर असर हो सकता है लेकिन उन्हें टीम में लाने के लिये निचले क्रम तक बल्लेबाजी की मानसिकता से पार पाना होगा। तीसरे टी-२० में दो स्पिनर हरफनमौला अक्षर पटेल और नमन धीर थे जिन्हें गेंदबाजी का भी मौका नहीं मिला। अब तक ११५ मैचों में ७.७० की इकानामी से गेंदबाजी करने वाले अक्षर शृंखला में ९.५८ रन प्रति ओवर की दर से रन दे चुके हैं और उन्हें दो ही विकेट मिले हैं। तेज गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने वेलिंगटन में पिछले मैच में डैथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिरी ओवर में लगातार यार्कर डाले।



पहले तीन मैचों में हालांकि उन्होंने ७२ गेंद में १३९ रन दे डाले और वह काफी महंगे साबित हुए। चार साल बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे भुवनेश्वर को इसमें सुधार करना होगा। पिछले दो मैचों में मयंक यादव की जगह प्रिंस यादव को उतारा गया। अब देखना है कि मयंक को मौका मिलता है या टीम अब तक प्रभावी रहे प्रिंस पर ही भरोसा करती है। ईशान किशन ग्रोइन की चोट के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल सके। वह अगर कल भी नहीं खेल पाते हैं तो वैभव सूर्यवंशी को फिर मौका मिल सकता है। वेलिंगटन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अभिषेक शर्मा की पारी ने सुर्खियां बंटोरी। न्यूजीलैण्ड के लिये सबसे बड़ी चुनौती भारतीय शीर्षक्रम पर अंकुश लगाने की होगी। संजू सैमसन, अभिषेक और सूर्यवंशी ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करके न्यूजीलैण्ड के गेंदबाजों को परेशान किया है। कप्तान मिचेल सेंटनेर ने बायें हाथ की स्पिन गेंदबाजी से प्रभावित किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल सका। भारत ने वेलिंगटन में पहले छह ओवरों में ही रेकार्ड ११८ रन बना लिये थे। मैट हेनरी के बाद लाकी फर्ग्युसन के भी चोट के कारण शृंखला से बाहर होने से न्यूजीलैण्ड टीम को एक और झटका लगा है।

भारत-श्रेयस अय्यर (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, नमन धीर, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, प्रिंस यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार, मयंक यादव, कुमार कुशाग्र, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

न्यूजीलैण्ड-फिन एलन, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, डेवोन कानवे, मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर, मैट फिशर, काइल जैमीसन, जैकब डफी, एडम मिल्ने, जोश क्लार्कसन।

समय-दोपहर १२.३० बजेसे।

सौराष्ट्र, विदर्भ और कर्नाटक पारी से जीते

रणजी ट्राफी :बंगाल, मुम्बई की सीधी जीत



राजकोट/नागपुर (एजेन्सियां)। सौराष्ट्र, विदर्भ और कर्नाटकने जहां रणजी ट्राफी के मुकाबले में पारी की जीत के साथ बोनस अंक हासिल किये वहीं बंगाल और मुम्बई ने सीधी जीत दर्ज की। राजकोट में बायें हाथ के स्पिनर पार्थ भूत (८-१७) की घातक गेंदबाजी के दम पर सौराष्ट्रने असम को पारी और १२ रन से हराकर एलीट ग्रुप बीमें दूसरा स्थान हासिल कर लिया। तीसरे दिन असमके सात विकेट ६५ रनपर निकालने के बाद सौराष्ट्रकी जीत औपचारिकता मात्र बची थी। पार्थ भूतने सात रनके भीतर छह विकेट चटकाये। असमकी टीम दूसरी पारीमें ९४ रनपर सिमट गयी। असम के पहली पारी के २८१ रन के जवाबमें सौराष्ट्र ने ३८७ रन बनाये थे। पारीके अंतर से जीतके साथ सौराष्ट्र को एक बोनस अंक भी मिला। एक अन्य मैच में कर्नाटकने भी त्रिपुराको पारी और ११६ रनसे हराकर सात अंक हासिल किये। त्रिपुराने पहली पारीमें १९४ और दूसरी पारीमें १८० रन बनाये। कर्नाटकने पहली पारी नौ विकेटपर ४९० रन बनाकर घोषित की थी। कर्नाटकके लिये श्रेयस गोपालने ३६ रन देकर पांच विकेट लिये जबकि मनवंत कुमार और विजय कुमार विशाक को दो-दो विकेट मिले। वहीं सिकंदराबादमें पंजाब और मेजबान हैदराबादका मैच ड्रा रहा। नागपुर में बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबेकी करामाती गेंदबाजीकी मदद से विदर्भने गोवाको दूसरी पारी में १९५ रन पर समेटकर ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन पारी और २७ रन से जीत दर्ज की। फालोआन खेलते हुए गोवाकी टीम दुबेकी गेंदबाजी का सामना नहीं कर सकी। दुबे ने ३८ रन देकर चार विकेट चटकाये जिनमें मंथन खुटकर (७०) का विकेट शामिल था। यह विदर्भ की लगातार तीसरी जीत है जिससे वह १८ अंक लेकर ग्रुप ए में शीर्ष पर है। इससे पहले ध्रुव शोरे के १६८ रन की मदद से आठ विकेट पर ४४२ रन बनाकर विदर्भ ने पहली पारी घोषित करके २२२ रन की बढ़त ली थी। दानिश मालेवार ने ५६ और अक्षय वाडकर ने ६३ रन बनाये थे। गोवा ने पहली पारी में २२० रन बनाये थे। दूसरी पारी में खुटकर ने १६० गेंदमें ७० रन बनाकर गोवा की उम्मीदें कायम रखी लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिला। शिवेंद्र भुजबल ने ७९ गेंद में ४५ रन बनाये और बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। मंगलापुरम में स्पिनर प्रदीप्ता प्रमाणिक के दस विकेट और शाहबाज अहमदके हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर बंगालने ग्रुप सी के मैचमें केरलमको २८७ रन से हरा दिया। जीत के लिये ४०८ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केरलमने चार विकेट पर ५३ रन से आगे खेलना शुरू किया और ३८.४ ओवर में १२० रन पर पूरी टीम आउट हो गयी। बंगाल की यह इस सत्र में लगातार तीसरी जीत है और १८ अंक लेकर वह ग्रुप सी में शीर्ष पर है। अपना १९वां प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे प्रमाणिक ने दूसरी पारी में ५१ रन देकर छह विकेट लिये जबकि पहली पारी में उन्होंने ४४ रन देकर चार विकेट चटकाये थे। वहीं रांची में दिल्ली ओर झारखंड के बीच मैचमें लगातार दूसरे दिन चक्रवात 'अर्णब' के कारण हो रही बारिश की वजह से खेल नहीं हो सका। ड्रा रहे मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर दिल्लीको तीन अंक मिले। झारखंड को एक ही अंक मिला। भुवनेश्वर में ओडिशा और सेनाके बीच मैच में भी लगातार तीन दिन चक्रवात 'अर्णब' के कारण खेल नहीं हो सका जिससे दोनों टीमों को एक एक अंक मिला। मुम्बईमें तनुष कोटियनने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ८१ रन देकर आठ विकेट लिए जिससे मुम्बईने ग्रुप डी के मैच में हरियाणाको १० विकेटसे करारी शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया। मुम्बईने इस तरह से लगातार तीसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया। उसके सामने केवल ९७ रन का लक्ष्य था। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (नाबाद ६७) और दिव्यांश सक्सेना (नाबाद ३०) ने केवल १०.४ ओवर मुम्बई को लक्ष्य तक पहुंचा दिया और उसे सात अंक दिलाए।

भारतने चीनको भी धोया



एशियाई चैम्पियंस ट्राफी

जालंधर (एजेन्सियां)। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर सुखजीत सिंह ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने दो-दो गोल किये जिससे भारत ने गुरुवार को यहां एशियाई चैम्पियंस ट्राफी (एसीटी) हाकी टूर्नामेंट में चीन को ५-२ से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में बांगलादेश को १३-० से हराया था, जबकि चीन एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मलयेशिया से ४-५ से हार गया था। भारत अपना अगला मैच शुक्रवार को जापान के खिलाफ खेलेगा जबकि चीन का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होगा। भारतीय टीम ने शुरू से ही खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और उसके खिलाड़ी कई बार सर्कल में पहुंचे। १२वें मिनट में जुगराज ने चीन के सर्कल के अंदर अकेले खड़े सुखजीत को गेंद दी जिसे इस स्ट्राइकर ने खूबसूरती से चीन के गोलकीपर हुआन्यु वू के ऊपर से गोल में डाल दी। चीन को १८वें मिनट में पेनल्टी कार्नर के रूप में पहला मौका मिला लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने इसे नाकाम कर दिया। इसके बाद भारत ने २०वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कार्नर हासिल किये लेकिन इनका फायदा उठाने में नाकाम रहा। भारतीय टीम ने लगातार हमले किए लेकिन चीन की रक्षापंक्ति ने अच्छा खेल दिखाकर उसे गोल नहीं करने दिया। चीन की युवा और अनुभवहीन टीम ने पेनल्टी कार्नर से २६वें मिनट में बराबरी का गोल किया। तब पेंग यांग ने भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक के दाईं ओर ड्रैग-फ्लिक से गोल दागा। भारत ने जवाबी हमला किया और एक मिनट बाद ही फिर से बढ़त हासिल कर ली। हरमनप्रीत ने भारतीय टीम को मिले तीसरे पेनल्टी कार्नर पर फ्लिक शाट से गोल किया। चीन की टीम ने हाफटाइम से महज ३० सेकंड पहले लगातार दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन भारत ने उन्हें इसका फायदा नहीं उठाने दिया। भारत ने दूसरे हाफ शानदार शुरुआत की। हरमनप्रीत ने टीम के चौथे पेनल्टी कार्नर पर एक और शानदार फ्लिक शाट से गोल करके भारत टीम को ३-१ की बढ़त दिला दी। भारत ने तीन मिनट बाद अपनी बढ़त को और मजबूत कर दिया जब सुखजीत ने आदित्य अर्जुन लालगे के पास को गोल में बदला। चीन के युवा खिलाड़ी हार मानने के मूड में नहीं थे और उन्होंने दो मिनट बाद ही चोंगकान्ग चेन के पेनल्टी कार्नर पर किए गए गोल से स्कोर ४-२ कर दिया। भारत को जल्द ही अपना पांचवां पेनल्टी कार्नर मिल गया लेकिन इस बार जुगराज सिंह के फ्लिक शाट को चीन के गोलकीपर वू ने आसानी से रोक दिया। भारत ने चीन की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाए रखा और चौथे और अंतिम क्वार्टर के दो मिनट बाद लगातार दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए। इस बार जुगराज ने कोई गलती नहीं की और दमदार ग्राउंडेड फ्लिक से गोल दाग दिया। भारत को फाइनल हूटर बजने से दो मिनट पहले एक और पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन इस बार हरमनप्रीत के प्रयास को चीन के गोलकीपर ने नाकाम कर दिया।

मनीषा ने बरकरार रखी विश्व चैम्पियन बननेकी उम्मीद

अस्ताना (एजेन्सियां)। मनीषा भानवाला ने गुरुवार को यहां विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में महिलाओं के ५९ किलोग्राम भारवर्ग में कजाकिस्तान की अल्टीन शागायेवा को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया और विश्व चैम्पियन बनने की भारत की उम्मीदों को जीवंत रखा। नीलम सिरोही और काजल धोचक के रजत पदक से संतोष करने के एक दिन बाद मनीषा मौजूदा चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक के मुकाबले में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय पहलवान बन गयी। इससे भारत की विस्व चैम्पियन के लिए लंबे इंतजार को खत्म करने की उम्मीद बंध गयी है। मनीषा ने अपनी प्रतिद्वंदी शागायेवा को 'पिन फाल' करने से पहले १०-० की बढ़त बना ली थी। स्वर्ण पदक के मुकाबले में उनका सामना पैन अमेरिकन चैम्पियन अबीगैल एलिजाबेथ नेट से होगा। वहीं पिछले एक साल से शानदार प्रदर्शन कर रहे सुजीत कलकल का विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा रह गया और वह पुरूषों के ६५ किलो ग्राम भारवर्ग के क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुल मजीद कुदियेव से हार गये।

अब पहली गेंद से बाउंड्री तलाशता हूं

-तिलक वर्मा



आकलैंड (एजेन्सियां)। भारतीय टीम के उपकप्तान तिलक वर्मा ने कहा कि बल्लेबाजी क्रम में तीसरे से पांचवें नंबर पर खिसकने के बाद उनकी सोच में बदलाव आया है और अब वह क्रीज पर जमने पर फोकस करने की बजाय पहली ही गेंद से चौके-छक्के लगाने की कोशिश करते हैं। पिछले एक साल में लक्ष्य का पीछा करने में महारत हासिल करने वाले तिलक ने न्यूजीलैण्ड के खिलाफ दूसरे टी-२० में नीतिश रेड्डी के साथ भारत को संकट से निकाला था। भारत पांच मैचों की शृंखला में ३-० से आगे है। चौथे टी-२० से पहले तिलक ने कहा मेरे पास पहले ही से पावर गेम था। मैने तीसरे नंबर पर भी रन बनाये हैं। अब पांचवें या छठे नंबर पर पहली ही गेंद से चौके-छक्के लगाने की सोचता हूं। उन्होंने कहा पहले मैं क्रीज पर जमने में समय लेता था और शुरूआत एक दो रन लेकर करता था। उन्होंने कहा कि वह गेंदबाजों के दिमाग को पढ़ने की कोशिश करते हैं जिन पर बल्लेबाजों से ज्यादा दबाव होता है। तिलक ने कहा आखिरी ओवरों में गेंदबाजों पर बल्लेबाज से अधिक दबाव होता है। मेरे दिमाग में हमेशा यही सकारात्मक सोच रहती है कि गेंदबाज मुझसे ज्यादा दबाव में है और रन बनेंगे ही। तिलक वर्मा ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टीम बैठकों में खिलाड़ियों को स्पष्ट कर दिया है कि टी-२० टीम का प्रदर्शन आगामी एकदिनी और टेस्ट टीमों के लिए भी गति तय करेगा। तिलक के मुताबिक यह लंबा दौरा है और भारतीय खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन का स्तर बनाये रखना होगा। तिलक ने कहा कि भारत को घरेलू मैदान पर वेस्टइण्डीज के खिलाफ शृंखला खेलने के तुरंत बाद न्यूजीलैण्ड पहुंचना पड़ा। ऐसे में परिस्थितियों और समय क्षेत्र के अनुसार खुद को ढालना आसान नहीं था। हालांकि उन्होंने कहा कि इस स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी इन चीजों का बहाना नहीं बना सकते। हम सर्वोच्च स्तर पर खेल रहे हैं और हमें उन युवा खिलाड़ियों के लिए मानक तय करने होंगे जो हमें देखकर प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ मैदान पर रणनीतिक सुझाव साझा करना उन्हें पसंद है। तिलक ने अपनी फील्डिंग को लेकर भी अनुभव साझा किया और कहा कि साल २०२६ में वह एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर बन गये हैं। तिलक ने कहा कि वह अपनी नयी जिम्मेदारी का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। टी-२० विश्वकप २०२६ के बाद नेतृत्व में हुए बदलाव के दौरान श्रेयस अय्यर को कप्तान और तिलक को उपकप्तान बनाया गया था। तिलक को अपने राज्य हैदराबाद और इंडिया ए टीमों की कप्तानी करने का भी अनुभव है। उन्होंने कहा मैंने अपने राज्य के लिए हर फार्मेट में कप्तानी की है।

रमन हाउस ले उड़ा खिताब



वाराणसी। रमन हाउसने बाल खेल मेलाके दूसरे दिन गुरुवारको रस्सा-कसी प्रतियोगिताके बेस्ट आफ थ्री मुकाबलेमें सुभाष हाउसको कड़े संघर्षमें २-१ से पराजितकर विजेता होनेका गौरव हासिल किया। परमानंदपुर मिनी स्टेडियममें हुए इस मुकाबलेमें दोनों टीमोंके खिलाड़ियोंने जोश, ताकत, धैर्य और सामूहिक प्रयास के सहारे खिताब जीतनेके लिए पूरा जोर लगाया। एक समय स्कोर १-१ से बराबर था। उस समय यह कहना मुश्किल था कि कौन सी टीम बाजी मारनेमें सफल रहेगी लेकिन अंतिम एवं निर्णायक मुकाबलेमें रमन हाउस ताकतमें भारी पड़ा और जीतके साथ खिताब ले उड़ा। विजेता टीमके लिए आलोक यादव, लकी पटेल, अनूप यादव, आर्यन राजभर, प्रिंस पटेल, आयुष सिंह, नैतिक गुप्त और रिशु गुप्तका खेल सराहनीय रहा। कार्यक्रमकी संयोजक सरिता दूबे और सुनीता पटेलके अनुसार बारिशके चलते अन्य मुकाबले नहीं हो सके।

गिल ने किया अभ्यास

आकलैंड (एजेन्सियां)। भारत के टेस्ट और एकदिनी कप्तान शुभमन गिल ने न्यूजीलैण्ड के खिलाफ चार नवम्बर से ईडन पार्क पर शुरू हो रही पांच मैचों की एकदिनी शृंखला से पहले यहां नेट अभ्यास किया। गिल ने अभ्यास सत्र के दौरान फिटनेस पर नजर रहने वाला यंत्र 'टेम्पल' अपने माथे पर पहना हुआ था। विकेटकीपर बल्लबाज केएल राहुल और तेज गेंदबाज गुरनूर बरार भी भारतीय टीम से जुड़ गये हैं। एकदिनी शृंखला में भारत के सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा भी नजर आयेंगे। गिल अपने करीबी दोस्त और टी-२० में भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा से बात करते नजर आये। अभिषेक ने न्यूजीलैण्ड के खिलाफ तीसरे टी-२० में ३८ गेंद में ११३ रन बनाये थे। ग्रोइन की चोट से उबर चुके ईशान किशन और राहुल ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया। भारतीय कप्तान ने बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटकसे भी बात की। एकदिनी शृंखलाके बाद १९ नवम्बरसे दो टेस्ट मैचों की शृंखला में भी गिल कप्तान होंगे।

सिंधू क्वार्टर फाइनलमें, इशारानी, मालविका बाहर

हाइलो ओपन

सारब्रुकन (एजेन्सियां)। दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां आसान जीत के साथ हाइलो ओपन सुपर ५०० बैडमिण्टन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन मालविका बंसोड और इशारानी बरुआ टूर्नामेंट से बाहर हो गयी। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की रोजी ओक्टाविया पंचासारी को केवल २६ मिनट में २१-९, २१-६ से हराया। फ्रेंच ओपन की उपविजेता सिंधू ने खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा तथा ५७ अंकों में से ४२ अंक जीते। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला अमाली शुल्ज से होगा। इससे पहले दूसरी वरीयता प्राप्त पीवी सिंधूने शानदार प्रदर्शन करते हुए संयुक्त अरब अमीरातकी प्रकृति भरत को सीधे गेमों में २१-१०, २१-१० से हराया। मुकाबला महज २८ मिनट तक चला। मालविका को कनाडा की वेन यू झांग से ३१ मिनट में ११-२१, १७-२१ से हार का सामना करना पड़ा। इशारानी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गयी। उन्हें डेनमार्क की आठवीं वरीयता प्राप्त लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड से ३९ मिनट तक चले मुकाबले में १४-२१, १९-२१ से हार झेलनी पड़ी।पुरुष एकल में सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेनको फिनलैंड के जोआकिम ओल्डोर्फके खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। सेन पहला गेम १६-२१ से हार गये लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और दूसरा गेम २१-९ और तीसरा गेम २१-१३ से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। किरण जार्ज ने मलेशियाके चीम जून वेई को २१-१८, २१-१७ से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। भारत के अनुभवी शटलर एचएस प्रणय का अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। उन्हें फ्रांस के छठी



वरीयता प्राप्त टोमा जूनियर पोपोव ने २३-२१, २१-१६ से हराया। तरुण मन्नेपल्ली और शंकर सुब्रमण्यन को भी हार का सामना करना पड़ा। तरुण को चीनी ताइपे के ची यू जेन ने, जबकि शंकर को फिनलैंड के काले कोलजोनेन ने हराया। वहीं आयुष शेट्टी चोट के कारण टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही हट गये।

इम्पीरियल क्लब ने चखा जीत का स्वाद

सेवन ए साइड हाकी

वाराणसी। विवेक सिंह और राजलक्ष्मी के दो-दो गोलकी बदौलत इम्पीरियल क्लब ने यहां लालपुर स्थित डाक्टर भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल में खेली जा रही सरदार वल्लभ भाई पटेल मिश्रित सेवन ए साइड हाकी प्रतियोगितामें गुरुवार को यूनिटी क्लबको ६-२ से पराजित कर पहली जीत दर्ज की। इम्पीरियल क्लबने हारसे उबरते हुए शुरुआतसे ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। खेलके तीसरे मिनटमें ही विवेक सिंहने एकल प्रयास से गोल कर टीम का खाता खोल दिया। दो मिनट बाद ही दीपिका ने पुश शाट के सहारे बढ़तको २-० कर दिया। मध्यांतर से सात मिनट पहले आर्यन पटेल और सत्या पटेलने गोल कर



यूनिटी क्लबको २-२ की बराबरी पर ला खड़ा किया। दूसरे हाफ में बदली रणनीतिके साथ उतरी इम्पीरियल क्लब की टीमने विपक्षी टीम पर आक्रामणकी झड़ी लगा दी। मोहित गौड़ ने यूनिटी क्लब के डिफेंस लाइन को चकमा देते हुए चिप शाट से गोल कर स्कोर ३-२ कर दिया। १२वें और १४वें मिनट में राजलक्ष्मी ने गोल कर इम्पीरियल को ५-२ से आगे कर दिया। मैच समाप्त होनेसे ठीक पहले विवेक सिंह ने गोल कर इम्पीरियल की ६-२ की जीत पर मुहर लगा दी।

स्वर और परीक्षिता ने मारी बाजी

वाराणसी। स्वर श्रीवास्तव और परीक्षिता दूबे ने सांसद खेलकूद प्रतियोगिताके तहत शिवपुर स्थित गुरुनानक इंग्लिश स्कूलमें खेली गयी शतरंज प्रतियोगिताके अण्डर-११ आयु वर्गमें क्रमशः बालक तथा बालिका वर्गमें चैम्पियन होनेका गौरव हासिल किया। इस आयु वर्गके बालकों में आरव सिंह दूसरे, आरुष सिंह तीसरे तथा आयुष सिंह चौथे एवं बालिका वर्ग में आरिका पिपलानी दूसरे, यशिका प्रताप सिंह तीसरे स्थानपर रही। अण्डर-१४ बालकों में शास्वत पाठक पहले, राजवीर यादव दूसरे, उज्वल दूबे तीसरे, ऋषि दूबे चौथे स्थानपर रहे जबकि बालिका वर्ग में अनन्या सिंह चौहानने बाजी मारी। यशस्वी राजपूत दूसरे, हर्षिता उपाध्याय तीसरे तथा आरशिया खण्डेलवाल चौथे स्थानपर रहीं। मैच के पश्चात मेजबान विद्यालयकी प्राचार्य दलजीत कौर और तुषार सारस्वत ने पुरस्कार वितरित किये।

वाराणसी मण्डल की एकतरफा जीत

महिला हैण्डबाल

वाराणसी। राष्ट्रीय खिलाड़ियोंसे सुसज्जित वाराणसी मण्डलकी टीमने गुरुवारको झांसीमें खेली जा रही प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला हैण्डबाल प्रतियोगिताके एकतरफा मुकाबलेमें मीरजापुर मण्डलको १४-३ से पराजित किया। प्रीति पटेल और रितिका की अगुवाईमें वाराणसी मण्डलने आक्रामक शुरुआत की। मीरजापुर मण्डलकी टीम जबतक संभलती तबतक वाराणसीकी टीमने ४-० की बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर तक स्कोर वाराणसीके पक्षमें ७-२ रहा। दूसरे हाफमें वाराणसीके खिलाड़ियोंने दोनों विंगसे हमला बोला। नतीजा रहा कि मीरजापुर मण्डल की टीम गहरे दबावमें आ गयी और उसका



खेल बिखर गया जिसका फायदा उठाते हुए वाराणसी मण्डलकी खिलाड़ियोंने मनचाहे अंदाजमें गोल दागे। जब लंबी सीटी बजी उस समय वाराणसी मण्डलकी टीम १४-३ गोलसे आगे थी। विजेता टीमकी ओरसे मैनेजर तरुण कुमारके कुशल निर्देशनमें विकास इण्टर कालेजकी आठ छात्राएं खेल रही थीं।

बिना बल्लेबाजी कोच के उतरेगी सीएसके

चेन्नई (एजेन्सियां)। पांच बार की आईपीएल चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आगामी आईपीएल २०२७ में बिना किसी विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच के मैदान पर उतर सकती है। टीम के सीईओ काशी विश्वनाथन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यह फैसला नये मुख्य कोच जहीर खान ने लिया है। फ्रेंचाइजी ने साफ किया है कि वह पूर्व आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज माइकल हसी की जगह किसी नये विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच की नियुक्ति नहीं करेगी। हसी लंबे समय तक टीम के साथ जुड़े रहे थे। अब चेन्नई नये कोचिंग माडल के साथ अगले सीजन में उतरने की तैयारी कर रही है। काशी विश्वनाथन ने बताया कि आगामी सीजन के लिए टीम का कोचिंग स्टाफ पूरा हो चुका है और उसमें बल्लेबाजी कोच का पद शामिल नहीं है। हालांकि हम बैटी को बल्लेबाजी मेंटर के रूप में इस्तेमाल करने के विकल्प पर विचार कर रहे हैं।

बिमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

एस. 2/1-76 ए. द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002

09335414722

आज का राशिफल शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026

मेष-	आर्थिक प्रगति, सुसमाचार से खुशी, राजकीय लाभ, मित्रों का सहयोग, व्यवसाय में रुचि।
वृषभ-	खुशी का माहौल, प्रगति का सिलसिला, दाम्पत्य सुख, मनो-विनोद के अवसर, लाभ भी।
मिथुन-	भाग्योन्नति, व्यावसायिक सफलता, विवाद हल, आकस्मिक लाभ, धर्म में आस्था।
कर्क-	आरोग्य सुख में कमी, विश्वासघात, आर्थिक हानि, दाम्पत्य जीवन में कटुता, व्यय भी।
सिंह-	सुसमाचार की प्राप्ति, सद्विचारों का उदय, आत्मिक शांति, भोग-विलासिता में रुचि।
कन्या-	योजना पूर्ण, व्यापारिक उन्नति, विवाद हल, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद।
तुला-	नवीन उपलब्धि, सलाह से कामयाबी, नौकरी में पदोन्नति, सद्विचारों का उदय।
वृश्चिक-	कार्यों में बाधा, आपसी मतभेद, मानसिक बेचैनी, लाभ में कमी, कर्ज की चिंता।
धनु-	अभिलाषा पूर्ण, मित्रों से विचार-विमर्श, व्यापारिक प्रगति, शुभकृत्य सम्पन्न, प्रसन्नता।
मकर-	आत्मिक शांति, निर्णय अनुकूल, धनागम का लाभ, व्यय की अधिकता, यात्रा सुखद।
कुम्भ-	समस्या का समाधान, धन संचय, परोपकार की भावना, मनोरंजन में रुचि, कर्ज निवृत्ति।
मीन-	सफलता में बाधा, अध्यात्म में अरुचि, सम्बन्धों में कटुता, धनागम में कमी, हानि।

आज है जिनका जन्मदिन 30 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 30 का मूलांक 3 का स्वामी ग्रह वृहस्पति एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। बुद्धिमान एवं उदार हृदय वाले व्यक्ति होंगे। जीवन सामान्य स्तर का होगा। आत्मविश्वास अटूट एवं दृढ़ होगा। जीवन में आर्थिक पक्ष को ज्यादा महत्व देंगे। किसी भी कार्य के बारे में सूक्ष्मता से जानना चाहेंगे। और उसे जल्द ही सीखने समझने में सक्षम होंगे। कोई भी कार्य स्वतन्त्र रूप से करना चाहेंगे। बहुत जल्दी क्रोधित हो जायेंगे। काम पड़ने पर विरोधियों के तलवे चाटने से पीछे नहीं हटेंगे। लेकिन कार्य सिद्धि के पश्चात उसे छिटकाने में देर नहीं करेंगे। सामाजिक राजनैतिक गतिविधियों में अधिक रुचि लेंगे। कला-संगीत एवं साहसिक कार्यों की ओर भी झुकाव रहेगा। भोग-विलासिता व मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय करेंगे। परिजनों से असहयोग मिलेगा। इष्ट देवी-देवता की आराधना करें। दैनिक जीवन में सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। बृहस्पति ग्रह से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ बृं बृहस्पतये नमः
व्रत : बृहस्पतिवार
दिन : रविवार, मंगलवार एवं गुरुवार
दिनांक : 3, 12, 21, 30
अंक : 1, 7
मास : मार्च, अक्टूबर एवं अक्टूबर
वर्ष : 3, 12, 21, 30, 39, 48, 57, 66
रंग : सफेद एवं क्रीम
जन्मरत्न : पोखराज उपरत्न : गोल्डेन टोपाज
जड़ी : बेल की जड़ दिशा : ईशान

वर्ष का महत्वपूर्ण समय— 19 फरवरी से 20 मार्च, 21 नवम्बर से 20 दिसम्बर

यन्त्र

10	5	12
11	9	7
6	13	8

सुडोकू ४०९९

						5		
								3
9			6	4				
		8		7				
		3						2
				6			4	
6	7						9	
					5	8		
4								

हल ४०९८ सुडोकू

4	6	1	3	2	7	8	5	9
8	5	9	6	1	4	7	3	2
2	3	7	8	9	5	1	4	6
7	9	4	2	5	1	3	6	8
6	2	8	9	4	3	5	1	7
5	1	3	7	6	8	9	2	4
9	4	5	1	7	6	2	8	3
1	8	2	4	3	9	6	7	5
3	7	6	5	8	2	4	9	1

सड़क हादसे में युवक की मौत, वृद्ध घायल

करहां (मऊ)। रानीपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 20 वर्षीय मुकेश चौहान की मौत हो गई। हादसा फतेहपुर के पास मिर्जाहाजीपुरा -सुल्तानीपुर मार्ग पर करीब 2 बजे हुआ। बताया जाता है कि पड़री गांव निवासी मुकेश, शरवन चौहान के बेटे थे। वह रानीपुर बाजार से इलेक्ट्रानिक सामान लेकर घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस स्टाफ राजबली एमटी और कृष्ण नन्दराव घायल मुक. ेश को रानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुकेश तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और मामले की जांच कर रही है। वहीं आजमगढ़-मऊ फोरलेन पर साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मुहम्मदाबाद गोहना के पास गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 62 वर्षीय रणविजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आई। मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मऊ जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त



जानकारी के अनुसार, मालव गांव निवासी रणविजय सिंह बाइक से मऊ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सीएचसी के अधीक्षक डा. फैयाज अहमद ने घटना की पुष्टि की। घटना स्थल के आस-पास टाउन इंटर कालेज, कई निजी शिक्षण संस्थान, अस्पताल, राजकीय पीजी कालेज और साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने सड़क पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए संबंधित अधिका. रियों से दुर्घटना संभावित स्थल पर ब्रेकर बनवाने तथा वाहनों की गति नियंत्रित कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

जाम के झाम से लोग परेशान

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कस्बे में बस स्टैंड और प्राइवेट वाहन स्टैंड की व्यवस्था नहीं होने से यातायात व्यवस्था बेपटरी हो गई है। छोटे-बड़े वाहन सड़कों पर ही बेत. रतीब खड़े किए जा रहे हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। वहीं, दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। गुरुवार को सुबह से ही मौसम खराब होने और झमाझम बारिश के बीच कस्बे के शहीद चौक पर जाम की समस्या बनी रही। यहां वाहन स्टैंड नहीं होने के कारण कस्बे की मुख्य बाजार में प्रवेश करने वाले बड़े वाहनों के चलते आवागमन प्रभावित होता है।

चाकू के साथ एक गिरफ्तार

मऊ। मधुबन थाना क्षेत्र के मधुबन माझवारा-शहीद मार्ग स्थित नंदौर चट्टी नहर पुलिया के पास से गुरूवार की दोपहर पुलिस ने एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया, लूट /चोरी /माफियाओं एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अपराध के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे संघन अभियान क्रम में क्षेत्राधिकारी मधुबन के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक श्यामले यादव मय हमराह का0 बिंद्रेश यादव के साथ देख भाल क्षेत्र व भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिला की नंदौर चट्टी स्थित नहर पुलिया के पास एक युवक अवैध चाकू के साथ किसी घटना को अंजाम देने के लिये खड़ा है, उपनिरीक्षक ने मुखबिर की बातो पर विश्वास कर मौके पर पहुंचे, जहाँ एक युवक खड़ा था जो पुलिस को देख कर दूसरी तरफ जाने लगा । पुलिस ने उसको रोकवा कर तलासी लिया तो उसके पास से एक अदद अवैध चाकू मिला, नाम पता पूछने पर उस अपना नाम पियूष उर्फ प्रेम चंद पुत्र देवेंद्र निवासी चक्कबोझ बताया, तादोपारांत उपनिरीक्षक युवक को पकड़ कर थाना ले गये और विधिक काररवाई करने के उपरान्त चालान न्यायलय भेज दिया।

न जाने कैसे खाते से निकल गये २.२८ लाख

मऊ। मधुबन थाना क्षेत्र के करनपुर निवासी एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदल कर लाखों रुपये निकालने के मामले मे पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति के तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुक़दमा दर्ज किया है, पीड़ित मुसाफिर प्रसाद पुत्र बुधिराज का आरोप है कि एटीएम से पैसा निकालना था तो मैं मधुबन स्थित एच डी एफ सी बैंक के एटीएम पर गया और वहां तैनात गार्ड से मदद करने को कहा और एटीएम को मशीन में स्वयं मैंने डाला गार्ड ने सिर्फ बटन दबाया। मगर, पैसा नहीं निकला, उसके बाद मैं मधुबन बाजार स्थित एस बी आई बैंक के ए टी एम पर गया अंदर जा कर खुद ए टी एम कार्ड को मशीन में डाला और पैसा भर कर बटन दबाया मगर पैसा नहीं निकला, फिर ब्लाक गेट स्थित एस बी आई बैंक के ही दूसरे ए टी एम पर गया और अंदर जाकर मशीन में ए टी एम कार्ड को डाला और बटन दबाया। मगर पैसा नहीं निकला, वहाँ मौजूद दो तीन लड़कों ने कार्ड देखा तो मेरे नाम का वह ए टी एम कार्ड नहीं था किसी दूसरे के नाम का ए टी एम कार्ड था 24 अक्टूबर की शाम लगभग सात बजे मेरे मोबा. इल पर पैसा कटने का मैसेज आने लगा। जिसको देखकर मैंने बैंक कर्मचारी से संपर्क किया तो तब ज्ञात हुआ की मेरे खाते से दो लाख अट्ठाइस हज़ार (228000) निकल चुका है । आनन -फानन में मैंने एटीएम कार्ड को ब्लाक कराया, इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुक़दमा दर्ज किया है।

डीएम ने किया ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने गुरूवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में चल रहे एफएलसी (प्रथम स्तरीय जांच) कार्यों का भी जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां स्थापित सीसीटीवी कैमरों की निरंतर क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा, निगरानी एवं रखरखाव के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।



साथ ही, वेयरहाउस की व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा।एफएलसी कार्यों के निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी ने संबंधित इंजीनियरों एवं टेक्नीशियनों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों का पूर्ण अनुपालन करते हुए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर संपन्न कराए जाएं। उन्होंने कार्य की प्रत्येक प्रक्रिया में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य संपादित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला. धिकारी प्रवेंद्र कुमार, एसओसी, निर्वाचन विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पानी टपकने से परेशानी

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन के अनारक्षित रेल टिकट काउंटर के पास दीवाल से सटे हुए छत से बार-बार पानी टपकने के कारण यात्रियों को रेल टिकट लेने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । गुरुवार प्रात से ही लगातार हो रही बारिश के कारण जहां यात्रियों के कपड़े भींग रहे थे।

जल जीवन मिशन पीपरसाथ में बना सफेद हाथी

मऊ। रतनपुरा प्रखंड के दक्षिणांचल में तमसा नदी के तटवर्ती ग्राम पंचायत पीपरसाथ में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना अब तक अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकी है। लगभग दस हजार की आबादी वाले इस गांव में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था अध. ूरी पड़ी है। पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने और नलों से जलापूर्ति शुरू न होने के कारण ग्रामीणों को आज भी पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल जीवन मिशन की परिकल्पना प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने की है, लेकिन पीपरसाथ ग्राम पंचायत में इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है।













अब भी लटक रहे बिजली के तार, तीन मौतों से भी नहीं लिया सबक



करहां (मऊ) मुहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र के करहां में गद्दोपुर से करहां बाजार जाने वाली सड़क पर बिजली के तार बेहद नीचे लटक रहे हैं। 440 वोल्ट की बिजली लाइन का तार जगह-जगह से कटा हुआ बताया जा रहा है। राहगीरों को सिर झुकाकर गुजरना पड़ रहा है और बाइक सवारों की जान भी खतरे में है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले मऊ जनपद में छत पर टेंट लगाते समय बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत का दर्दनाक हादसा हुआ था। इसके बावजूद अगर ऐसे खतरनाक तारों पर समय रहते कारवाई नहीं होती, तो सवाल उठना लाजिमी है। जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं, तो जिम्मेदारी और जवाबदेही को लेकर सवाल उठते हैं। अधिकारी समय पर कारवाई क्यों नहीं करते? आखिर लापरवाही का खामियाजा जनता को क्यों भुगतना पड़े और बदनामी जनप्रतिनिधियों की क्यों हो? काम करने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है, लेकिन सवाल और जवाबदेही मंत्री तक पहुंचती है। आखिर यह सिलसिला कब तक चलेगा?

चार डीजे संचालकों पर एफआईआर

चिरैयाकोट (मऊ)। स्थानीय नगर में सोमवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर देर रात तक ऊहापोह की स्थिति बनी रही। गत वर्ष विसर्जन के दौरान बजे डीजे और भारी संख्या में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पूरा प्रशासन इस वर्ष शुरू से ही चौकन्ना रहा और जिला प्रशासन भी पैनी नजर बनाए हुए था। प्रतिमा विसर्जन सम्पन्न हो जाने के बाद स्थानीय पुलिस हरकत में आई और तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर चार डीजे संचालकों के विरुद्ध स्थानीय थानाध्यक्ष विजय प्रकाश मौर्य ने मुकदमा दर्ज करवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को चिरैयाकोट थानाध्यक्ष विजय प्रकाश मौर्य अपने हमरा. हियों का. विराट पटेल, का. प्रदीप कुमार, का. अरुण यादव व सरक. ारी वाहन चालक हे.का. प्रमोद कुमार के साथ कस्बा चिरैयाकोट में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलुस ड्यूटी में खरिहानी तिराहे पर मौजूद थे कि कस्बा चौक की तरफ से आ रहे डीजे पावर म्यूजिक डीजे पुरुषोत्तमपुर मेदिनीपुर वेस्ट बंगाल के संच. ालक द्वारा ट्रक पर, शगुन डीजे किठौर के संचालक / मालिक हिमांशु रनावत द्वारा ट्रक पर, बर्मन डीजे के मालिक तपस वर्मन पुत्र अश्वनी वर्मन निवासी पटना पूर्वा मेदिनीपुर थाना चाँदीपुर पश्चिम पटना वेस्ट बंगाल द्वारा ट्रक पर तथा लकी डीजे मुहम्मदाबाद के संचालक मिथुन द्वारा पिकप पर बड़े- बड़े साउण्ड बंधे हुए थे तथा तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे। थानाध्यक्ष द्वारा डीजे के संचालको से आवाज को कम करने के लिए कहा गया तो डीजे संचालको द्वारा अपने-अपने डीजे की आवाज को कम नहीं किया गया, बल्कि डीजे संचालकों द्वारा ध्वनि विस्तारक यन्त्रों के द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाने व अधिक तेज वाइब्रेट किया गया। जिससे आम जन मानस में न्यूसेंस पैदा हो रहा था तथा हृदय रोगी, बीमारों व वृद्धजनों व आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था एवं पर्यावरण दूषित होने तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा तीव्र आवाज व ध्वनि प्रसार के बावत जारी गाइड लाइन का उल्लंघन किया गया। पुलिस ने चारों डीजे की विडियो ग्राफी भी कराया है। उसके बाद पुलिस ने थानाध्यक्ष की तहरीर पर डीजे संचालकों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुक. दमा पंजीकृत कर विधिक काररवाई में जुट गई है।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के प्रति किया जागरूक

मऊ। पालिका कम्युनिटी हाल में गुरूवार को एनपीएस संचय आउटरीच एवं पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिक. ें, किसानों तथा बैंकिंग सेवाओं से जुड़े लोगों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के प्रति जागरूक करना, योजना के लाभों की जानकारी देना तथा अधिक से अधिक लोगों को एनपीएस से जोड़ने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम दो पालियों में आयोजित किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) पवन कुमार मिश्र, यूनियन बैंक आफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख शिव कुमार शुक्ला तथा डीडी नाबार्ड आरिफ ने संबोधित किया। इस दौरान अधिकारियों ने संयुक्त रूप से एनपीएस योजना की विशेषताओं, इसकी उपयोगिता तथा भविष्य में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक पवन कुमार मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से एनपीएस के प्रति जागरूकता बढ़ाने, वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहित करने तथा आम नागरिकों एवं किसानों को भविष्य के लिए बचत करने हेतु प्रेरित करने का संदेश दिया गया। एस मौके पर पीएफआरडीए अधिकारी रघुवीर सिंह चरनी, सुविज्ञ राय आदि उपस्थित रहे।

बारिश से भींग रही धान की फसल, किसान चिन्तित

मऊ। अर्बन तूफान के असर से गुरुवार सुबह से ही क्षेत्र में रुक-रुककर बारिश होने से मौसम का मिजाज बदल गया है। किसानों की चिंता बढ़ गई है। **चिरैयाकोट संवाददाता के अनुसार**- बंगाल की खाड़ी से उठा अर्नब चक्रवात एक प्रचंड तूफान का रूप ले लिया है।

मूर्ति विसर्जन को लेकर दो पूजा समितियां आमने-सामने



मऊ। घोसी कोतवाली क्षेत्र के बोझी बाजार में बुधवार देर शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर दो पूजा समितियों में विवाद हो गया। सूचना पर पहुंचे भारी पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित किया। मध्य चौक दुर्गा पूजा समिति की विसर्जन यात्रा बाजार भ्रमण करते हुए सिधारी चौक पहुंची। यहां दूसरे पूजा पंडाल की सजावट नहीं हटाई गई थी। ऊंची प्रतिमा को निकालने के दौरान परेशानी हो रही थी। इसी बीच जनरेटर चालू होने से करंट की चपेट में आकर एक व्यक्ति नीचे गिर गया। इसके बाद विवाद और हंगामा बढ़ गया। पुलिस ने लोगों को तितर-बितर कर स्थिति संभाली। पुलिस की मौजूदगी में प्रतिमा को आगे ले जाकर खड़ा कराया गया, लेकिन मध्य चौक समिति ने प्रतिमा विसर्जन के लिए आगे ले जाने से इनकार कर दिया। प्रतिमा को वाहन पर प्लास्टिक से ढककर पुलिस की निगरानी में रखा गया। दूसरी समिति का पंडाल खोलने का काम चलता रहा। देर रात तक पुलिस स्थिति पर नजर बनाए रही। सिधारी चौक की मूर्ति विसर्जन के लिए बोझी से तीन बजे पुलिस की निगरानी में रवाना हुई, वहीं मध्य चौक बोझी की प्रतिमा आधा घंटा के दोहरीघाट के लिए रवाना हुई। दोनों मूर्तियों के साथ डीजे को पुलिस ने रामपुर टड़वा से वापस करा दिया।

खाद-बीज केंद्रों का औचक निरीक्षण

घोसी(मऊ)। जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को उपजिलाधिक. ारी अशोक सिंह के नेतृत्व में घोसी क्षेत्र के खाद एवं बीज विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

जल जीवन मिशन के कार्यों में लायें तेजी-सीडीओ

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संच. ालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता, जल निगम को निर्देशित किया कि जनपद की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सुधार के लिए सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिशासी अभियंता, जल निगम ने अवगत कराया कि जनपद में तीन एजेंसियों द्वारा हर घर जल योजना के अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि तीनों एजेंसियों से उनके द्वारा कराए जा रहे कार्यों को पूर्ण करने की निर्धारित समयसीमा के संबंध में लिखित पत्र प्राप्त किया जाए। साथ ही, ऐसे स्थानों का चिन्हांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, जहां योजना के अंतर्गत अभी



तक पानी नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने एजेंसियों द्वारा कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय सत्यापन कर उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी कार्यदायी एजेंसियों को मैनपावर बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आर. एन. सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष उपाध्याय, अधिशासी अभियंता जल निगम रामेश्वर दयाल, सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं सभी कार्यदायी एजेंसियों के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।





एआई और सोशल मीडियाके दौर में खतरेमें बच्चों की प्राइवेसी



बच्चों की दुनिया अब सिर्फ घर, स्कूल और दोस्तों तक सीमित नहीं रह गई है। मोबाइल की स्क्रीन पर वे नई चीजें सीखते हैं, गेम खेलते हैं, वीडियो देखते हैं और एआई टूल्स से अपने सवालों के जवाब भी तलाशते हैं। इंटरनेट ने बच्चों के लिए सीखने और अपनी रचनात्मकता दिखाने के कई रास्ते खोले हैं, लेकिन इसके साथ कुछ ऐसी चुनौतियां भी सामने आई हैं, जिनके बारे में हर माता-पिता को जानना चाहिए. बच्चे अनजाने में अपनी निजी जानकारी साझा कर सकते हैं, किसी फर्जी प्रोफाइल पर भरोसा कर सकते हैं या अपनी तस्वीरों के गलत इस्तेमाल का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि पेरेंट्स बच्चों को डराने के बजाय उन्हें ऑनलाइन दुनिया की चुनौतियों को समझना और उनसे बचना सिखाएं.बच्चों को यह बताना जरूरी है कि ऑनलाइन प्राइवेसी का मतलब सिर्फ अपना पासवर्ड छिपाकर रखना नहीं है. उनकी तस्वीरें, वीडियो, लोकेशन, स्कूल की जानकारी और निजी बातचीत भी उनकी पहचान का हिस्सा हैं. इन्हें इंटरनेट पर साझा करने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए. बच्चों को समझाएं कि किसी ऑनलाइन दोस्त के बार-बार मांगने पर भी निजी तस्वीरें या जानकारी भेजना जरूरी नहीं है. अगर कोई व्यक्ति उन्हें ऐसा करने के लिए दबाव डालता है, तो वे बिना किसी डर के माता-पिता को बता सकते हैं.आज कई बच्चे एआई चैटबॉट से होमवर्क समझते हैं, कहानियां लिखते हैं और नए विषयों के बारे में सीखते हैं लेकिन एआई का इस्तेमाल करते समय उन्हें यह समझना चाहिए कि हर प्लेटफॉर्म की डेटा संबंधी नीतियां अलग हो सकती हैं. बच्चों को किसी एआई टूल पर अपना घर का पता, फोन नंबर, पासवर्ड, पहचान से जुड़े दस्तावेज या परिवार की निजी तस्वीरें अपलोड नहीं करनी चाहिए. पेरेंट्स को भी बच्चों के साथ मिलकर यह जांचना चाहिए कि कोई ऐप किस तरह की जानकारी मांग रहा है और उसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से करता है. बच्चों को सोशल मीडिया पर अपनी जिंदगी का हर पल साझा करने की जरूरत नहीं है. स्कूल की यूनिफॉर्म में तस्वीर, घर के बाहर की फोटो या छुट्टियों के दौरान लाइव लोकेशन पोस्ट करने से उनकी पहचान और दिनचर्या का अंदाजा लगाया जा सकता है. पेरेंट्स बच्चों के अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स जांचें और अनजान लोगों की पहुंच सीमित रखें. साथ ही, उन्हें बताएं कि किसी की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले उसकी पहचान को लेकर सावधान रहना चाहिए।

भारतके पास मौजूद है दुनियाकी सबसे ऊर्जावान-कामकाजी आबादी

दुनिया में सबसे कम माध्यिका आयु यानी मीडियन एज की बात करें तो अफ्रीकी देश नाइजर इस सूची में सबसे ऊपर आता है। नाइजर में आबादी की औसत उम्र मात्र 14.8 से 14.9 वर्ष के आसपास है, जिसका



सीधा मतलब यह है कि इस देश की आधी से अधिक जनसंख्या 15 साल से कम आयु की है। नाइजर के अलावा युगांडा, माली और मलावी जैसे अन्य अफ्रीकी राष्ट्रों में भी औसत आयु 16 से 17 वर्ष के बीच ही बनी हुई है. हालांकि, अगर जीवन प्रत्याशा यानी लोगों के औसतन जीवित रहने की उम्र की बात की जाए, तो नाइजीरिया और चाड जैसे देशों में यह आंकड़ा महज 54 से 55 साल के आसपास सिमट कर रह जाता है.दुनिया में सबसे अधिक जीवन प्रत्याशा और सबसे ज्यादा औसत उम्र वाले देशों में यूरोपीय व एशियाई क्षेत्र आगे हैं. यूरोपीय देश मोनाको में लोगों की औसत जीवन प्रत्याशा सबसे अधिक करीब 86.73 से 87 वर्ष दर्ज की गई है, जबकि वहां की आबादी की माध्यिका आयु भी दुनिया में सर्वाधिक 53.1 वर्ष है. इसके अलावा हांगकांग में औसत जीवन प्रत्याशा 85.9 वर्ष, सैन मैरिनो में 86.03 वर्ष और जापान में 85.15 वर्ष के करीब पाई जाती है. जापान में आबादी की मीडियन एज लगभग 50.2 वर्ष है, जो इसे दुनिया के सबसे बुजुर्ग समाजों में से एक बनाती है. भारत वर्तमान समय में जनसांख्यिकीय दृष्टि से बेहद मजबूत और संतुलित स्थिति में खड़ा है. देश की औसत उम्र लगभग 28.4 वर्ष है, जिसका तात्पर्य यह है कि भारत के पास इस वक्त दुनिया की सबसे बड़ी और ऊर्जावान कामकाजी आबादी मौजूद है।

तलाकशुदा महिलाओंका मार्केट, मोटापा है खूबसूरतीका पैमाना

दुनिया में कई तरह की संस्कृति-भाषा का चलन है। सुंदर सुडौल शरीर अगर हर देश में खूबसूरती का पैमाना माना जाता है मगर दुनिया का एक देश ऐसा भी हैं जहां पर



मोटापा खूबसूरती का पैमाना है। इस देश में कई अजीबो-गरीब परंपराएं हैं। यही पर डिवोर्स का मार्केट लगता है। यहां पर तलाक सिर्फ मौखिक होता है। तलाक को खुशी का पल माना जाता है। इस देश में तलाकशुदा महिलाओं से शादी करने का रिवाज है। यह देश कौन सा है, कहां पर है, अफ्रीकी महाद्वीप के पश्चिमी हिस्से पर बसा देश मॉरिटानिया किसी अजूबे से कम नहीं है। यह देश सहारा रेगिस्तान, इस्लामिक इतिहास, प्राचीन संस्कृति के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यहां कई तरह के पक्षी पाए जाते हैं। इस देश का ज्यादातर हिस्सा रेगिस्तान है. यहां की आबादी 60 लाख के आसपास है। इस देश की राजधानी नुआकशोत है। अटलांटिक महासागर के तट पर बसा यह शहर सबसे ज्यादा गुलजार रहता है। यह इस देश का सबसे बड़ा शहर है। देश की एक तिहाई आबादी इस शहर में रहती है. 14 लाख से ज्यादा लोग इस शहर में रहते है.यह एक इस्लामिक देश है। विश्व प्रसिद्ध चिंगुएटी मस्जिद भी इस देश में है। 1958 तक यह केवल एक छोटा सा मछुआरों का गांव था। मॉरिटानिया में फ्रांस का शासन था. 1960 के आसपास आजादी मिली. यहां के लोग गांवों में सहारा रेगिस्तान के बीच टेंट बनाकर रहते हैं। यहां पर गुलामी की प्रथा 2007 तक रही. यहां पर ऊंट खूब पाले जाते हैं। इसे ऊंटों का देश भी कहा जाता है.मॉरिटानिया की आबादी का 30 फीसदी हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहा है। इस देश में तेल-प्राकृतिक गैस का अथाह भंडार है. देश प्राकृतिक खजाने से भरा हुआ है, लोह अयस्क, सोना, तांबा, जिप्सम, फास्फेट सबकुछ है लेकिन सही प्रबंधन न होने के चलते यह कुदरत का खजाना भी गरीबी नहीं मिटा पा रहा है.मॉरिटानिया में कोई भी शख्स कितनी भी शादियां कर सकता है. तलाक दे सकता है। यहां पर जो महिलाएं तलाक ले लेती हैं, उन्हें सुंदर और समझदार माना जाता है। यहां पर जो महिलाएं मोटी होती हैं, उन्हें सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। यहां पर खूबसूरती का पैमाना मोटापा है. जो महिलाएं मोटी होती हैं, माना जाता है कि वो खाते-पीते घर से हैं. आर्थिक रूप से सक्षम हैं. वैसे भी इस देश में महिलाएं बाजार-हाट में सामान बेचती नजर आती हैं. यहां पर शादी भी आजीविका का एक जरिया है।

पेड्डीमें अपने रोलको लेकर शर्मिंदा हूं-जाह्नवी

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने कहा की फिल्म पेड्डी में अपने रोल के लिए शर्मिंदा हैं। उन्होंने माना की इस रोल से यौन अपराधों को प्रमोट किया गया। जाह्नवी ने आगे कहा कि शूटिंग के समय ही उन्हें इसके खिलाफ ज्यादा मजबूती से आवाज उठानी चाहिए थी। जाह्नवी ने यह बात कॉफी विद करण 9 प्रतिशत के दौरान कही, जहां करण जोहर ने उनसे इस विवाद पर सवाल पूछा था। जाह्नवी कपूर ने कहाइसके दो पहलू हैं- एक तरफ लोग आपके सपोर्ट में थे कि आपके रोल को गलत तरीके से दिखाया गया। वहीं दूसरी तरफ लोगों का कहना था कि जब आप खुद सेट पर मौजूद थीं, तो आपने इसे रोका क्यों नहीं? मुझे बहुत कुछ महसूस हुआ, करण। मैं इस बारे में बात करने से इसलिए हिचक रही थी, क्योंकि कई लोगों ने फिल्म पर बहुत मेहनत की थी। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मुझे क्या कहना चाहिए। मुझे यह भी नहीं पता था कि वास्तव में कहने के लिए कुछ है या नहीं। जाह्नवी ने यह भी कहा, मेरे हिस्से की जिम्मेदारी लेना जरूरी है। उस पूरे विवाद में मेरी जितनी भी भूमिका थी, उसकी जिम्मेदारी मुझे लेनी चाहिए। ऐसे नैरेटिव का समाज पर नेगेटिव असर पड़ सकता है। खासकर महिलाओं पर इसका असर हो सकता है। यह बात मेरे जमीर पर भारी है। इस बात की शर्मिंदगी मेरे साथ हमेशा रहेगी। जाह्नवी ने कहा कि वह इसे लेकर ज्यादा बड़ा मुद्दा बना सकती थीं। उन्होंने



कहा, क्या मैं और कुछ कर सकती थी? क्या मैं ज्यादा सतर्क रह सकती थी? क्या मैं इसे लेकर ज्यादा जोर से आवाज उठा सकती थी? इन सभी सवालों का जवाब सौ फीसदी हां है। जाह्नवी ने कहा, क्या यह प्रॉब्लम वाली बात थी? क्या इसमें महिला को वस्तु की तरह दिखाया गया था? क्या इसने कहानी के लेवल पर यौन अपराधों को प्रमोट किया? इन सभी सवालों का जवाब हां है। अब मैं सिर्फ यह सुनिश्चित कर सकती हूं कि ऐसा दोबारा न हो। जाह्नवी ने कहा कि वह अपनी बात रखते हुए ऐसा नहीं दिखना चाहतीं कि वह जिम्मेदारी किसी और पर डाल रही हैं। हालांकि, उन्होंने बताया कि एक्टर्स कई बार डायरेक्टर के निर्देशों का पालन करने की स्थिति में होते हैं। मैं यह बात इसलिए नहीं कह रही कि जिम्मेदारी किसी और पर डाल दूं, लेकिन आप जानते हैं कि यह कैसा होता है। आपको लगता है कि डायरेक्टर जो कह रहे हैं, आपको वही करना है। आपको प्रोफेशनल रहना होता है। आपको डायरेक्टर की बात सुननी होती है। स्क्रिप्ट में हर बार यह साफ नहीं होता कि सीन पर्दे पर कैसा दिखेगा। अक्सर यह नहीं लिखा होता कि कैमरा एंगल क्या होंगे। बहुत कम ऐसा होता है कि पूरी तरह बाउंड स्क्रिप्ट आपके पास हो। इसलिए मैं उपलब्ध जानकारी के आधार पर चीजों को कम समस्याग्रस्त बनाने की कोशिश कर रही थी। जाह्नवी ने माना कि वह प्रिविलेज वाली स्थिति से आती हैं। उन्होंने कहा, लेकिन इसके साथ ही मुझे अपने हिस्से की जिम्मेदारी भी लेनी होगी। मैं प्रिविलेज वाली जगह से आती हूं। मुझे इस प्रिविलेज का फायदा उठाना चाहिए था। वैसे भी प्रिविलेज वाली होने के लिए मुझे आलोचना झेलनी ही है, इसलिए मुझे इसका इस्तेमाल करना चाहिए था। पेड्डी में जाह्नवी कपूर के किरदार अचियम्मा को दिखाने के तरीके पर कई दर्शकों ने सवाल उठाए थे। दर्शकों ने किरदार के सेक्सुअलाइजेशन और ऑब्जेक्टिफिकेशन को लेकर चिंता जताई थी।

